रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹79,170 10 ग्राम
₹1,06,000 01 किलो
सेंसेक्स 78,782.24 -941.88
डॉलर 84.125 -0.009

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

कार्तिक शुक्ल पक्ष 04, संवत 2081 | रांची, मंगलवार, 05 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 271, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले बल्लेबाजों...

## पीएम मोदी ने गढ़वा व प. सिंहभूम में झारखंड विधानसभा चुनाव की रैलियों में विपक्ष पर किया करारा प्रहार

# भ्रष्टाचार चरम पर, हम लाएंगे पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया

राणा अरुण सिंह

**गढ़वा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण की रैली गढ़वा में की। इस रैली में उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए झारखंड और देश के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार की जरूरत बताई। उन्होंने कहा, कुछ लोग कहते थे कि हमारी छाती पर झारखंड बनेगा, और उनकी छाती पर झारखंड बन गया, लेकिन झारखंड के कुछ नेता उनकी गोदी में जाकर बैठ गए।

**महिलाओं और गरीबों के लिए योजनाओं की घोषणा :** प्रधानमंत्री ने करीब 70 मिनट के भाषण में भाजपा के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह झारखंड में रोटी, बेटी और माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। उन्होंने बताया कि माताओं, बहनों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्प पत्र में कई योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने गोगो दीदी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हर महीने गरीब परिवार की माताओं और बहनों को 2100 रुपये दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार उज्ज्वला योजना के तहत पहले ही मुफ्त गैस कनेक्शन दे चुकी है, और अब झारखंड में बनने वाली भाजपा सरकार केवल 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले साल से दीपावली और रक्षाबंधन पर झारखंड की माताओं शेष पेज 11 पर



कांग्रेस का झूठे वादों का इतिहास, राज्य को दिवालियापन की ओर धकेल रही

घुसपैठियों के खिलाफ सख्ती जरूरी, राज्य की संस्कृति और सुरक्षा को खतरा

किसानों के लिए कई योजनाएं, पलायन रोकने व युवाओं को रोजगार का वादा

### परिवारवाद पर हमला

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस, राजद और झामुमो केवल अपने परिवारों के फायदे के लिए सत्ता चाहते हैं। उन्होंने झारखंड के एक आदिवासी नेता, चंपई सोरेन के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जब कोई काबिलियत के बल पर आगे निकल भी जाए तो वे उसके साथ कैसा बर्ताव करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि "मेरा परिवार नहीं है, देश के 140 करोड़ लोग ही मेरा परिवार हैं।

### सूबे में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया

पीएम ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है और राज्य के मंत्री, विधायक और सांसद भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त हैं। उन्होंने कहा, मंत्रियों के घरों से नोटों का पहाड़ निकला है, जिसे गिनने में अफसर थक गए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए हजारों करोड़ रुपये का दुरुपयोग राज्य सरकार ने अपनी तिजोरी भरने में किया। उन्होंने कहा कि बालू तस्करी और ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा झारखंड में खूब फल-फूल रहा है। झामुमो-कांग्रेस के माफिया तंत्र पर प्रहार करते हुए कहा कि हर वोट इस तंत्र पर चोट करने के लि होना चाहिए।

### बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा

प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर भी चिंता जताई और कहा कि "ये लोग वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को पूरे झारखंड में बसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के स्कूलों में सरस्वती वंदना पर रोक लगाने से लेकर दुर्गा पूजा के अवसर पर कर्फ्यू लगाने तक की घटनाएं खतरे को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो की यही नीति रही तो झारखंड में आदिवासियों का दायरा सिमट जाएगा। उन्होंने अपील की कि इन घुसपैठियों को उखाड़ फेंकना है।

### कांग्रेस के झूठे वादे

मोदी ने कांग्रेस पर झूठे वादे करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का झूठे वादे करने का इतिहास रहा है। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि कांग्रेस ने वहां महिलाओं और ओबीसी को छूट देने का वादा किया था लेकिन पूरा नहीं किया। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार की स्थिति पर भी सवाल उठाया, जहां सरकारी कर्मचारियों को समय पर तनख्वाह नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस की घोषणाएं राज्य को दिवालिया बना देंगी।

## झामुमो, कांग्रेस व राजद से संकट में झारखंड

नवीन मेल डेस्क

**पश्चिम सिंहभूम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। घुसपैठिए इनके वोट बैंक बन गए हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिए। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार को याद रखिए और झारखंड की पहचान बचाइए। झारखंड में एनडीए की सरकार बनाइए। आदिवासी बेटियों के नाम जमीन करने के लिए कानून बनाया जाएगा। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और शहीद पोटो हो की भूमि है। झारखंड की भूमि जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है। यह भूमि हमारे हो आदिवासी वीरों की गाथा गाती है। आज फिर कोल्हान में जेएमएम अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकन के लिए जनता ने कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। दोनों रैलियों को देखने के बाद मैं दावे से कहता हूं कि भाजपा यहां ऐतिहासिक मतों के साथ सरकार बनाएगी। पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है कि रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार।

शेष पेज 11 पर



### झामुमो ने चंपाई को किया अपमानित

मोदी ने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है। झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है। आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

### धान की एमएसपी 3100 देंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि धान का एमएसपी 3100 रुपये होगा। किसानों को ये जानकारी दे दीजिए। पंचायतों को और सशक्त किया जाएगा। आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा ने इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया है। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा। आदिवासियों को हर स्तर पर मजबूत करने के लए हमारी सरकार काम करेगी।

### पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति

मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों का सम्मान किया है। इन्हें कई अहम जिम्मेदारी दी गयी है। एक तरफ जहां राज्य की बागडोर उन्हें सौंपी गयी है, वहीं कई महत्वपूर्ण कार्य सौंपा गया है। कांग्रेस ने कभी आदिवासियों को सम्मान नहीं दिया। बीजेपी ने देश को पहली महिला राष्ट्रपति दी है। मोदी ने झामुमो, राजद और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो झारखंड के विरोधी थे, आज उनकी गोद में झामुमो बैठ चुका है। कांग्रेस आदिवासी विरोधी रही है।

### युवाओं को नहीं दी नौकरी

मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं को वर्तमान सरकार ने नौकरी तो नहीं दी लेकिन पेपर लीक कराकर जीवन बर्बाद कर दिया। पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी। तीन लाख निष्पक्ष भर्ती करायी जाएगी। भाजपा ने रविवार को संकल्प पत्र जारी किया है। गोगो दीदी योजना की घर-घर चर्चा है। हर माता-बहन ने इसे गले लगाया है। हर महीने 2100 रुपये आएंगे और 500 रुपये में गैस सिलेंडर के साथ साल में दो गैस सिलेंडर मुफ्त मिलेंगे।

## अंबर लकड़ा बने देवघर के नये एसपी

**रांची ।** विधानसभा चुनाव कार्य से देवघर एसपी अजित पीटर डुंगडुंग को मुक्त करने के बाद अंबर लकड़ा को नया एसपी बनाया गया है. चुनाव आयोग के आदेश पर अंबर लकड़ा को देवघर एसपी के पद पर नियुक्त किया गया है. मालूम हो कि चुनाव आयोग ने तीन लोगों का पैनल मांगा था. जिसके बाद सरकार की ओर से तीन नाम भेजा गया था।



## कनाडा में हिन्दू मंदिर को निशाना बनाने की पीएम मोदी ने की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिन्दू मंदिर पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि कनाडा सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने कहा है कि हिंसा के ऐसे कृत्य भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं कर सकते। एक्स पोस्ट में कहा, हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हिंसा के ऐसे कृत्य भारत के संकल्प को कभी कमजोर नहीं करेंगे।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा की स्थिति गंभीर, आईसीयू वेंटिलेटर पर किया गया शिफ्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत सोमवार शाम काफी बिगड़ गयी। मालूम हो कि शारदा सिन्हा की हालत गंभीर होने के कारण उनको दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। सोमवार शाम उन्हें आईसीयू के वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। उनके बेटा अंशुमान ने अपनी मां के स्वास्थ्य के बारे में अपडेट करते हुए ट्वीटर अकाउंट पर लिखा है कि अब मां कुछ देर पहले वेंटिलेटर पर चली गई हैं। यह खबर सच है, प्रार्थनाओं और दुआओं की बहुत जरूरत है, क्योंकि मां की हालत फिलहाल बहुत ही गंभीर है। अंशुमान ने अपने यूट्यूब चैनल पर लाइव आकर शारदा सिन्हा के लिए लोगों से छठी मईया से प्रार्थना करने की अपील की है। वह वीडियो के माध्यम से कह रहे है कि मां शारदा सिन्हा की हालत बहुत ही गंभीर है, आप लोग प्रार्थना करें। मां की स्थिति अचानक बिगड़ी गई है, फिलहाल मां के स्वास्थ्य में सुधार नहीं दिख रहा है। मालूम हो कि शारदा सिन्हा का रांची से भी गहरा जुड़ाव रहा है। पिस्का मोड़ देवी मंडप रोड में उनके मायके के लोग रहते हैं शेष पेज 11 पर



### पति के निधन के बाद बिगड़ी तबीयत

पिछले महीने लोक गायिका शारदा सिन्हा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का ब्रेन हेमरेज के कारण देहांत हो गया था। तब से शारदा सिन्हा कि भी तबीयत ठीक नहीं रहती है। तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, 2017-2018 से वे मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित हैं, एम्स में ऑन्कोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने सिमडेगा इंडोर स्टेडियम में किया चुनावी जनसभा

# सभा में आने से मुझे रोकने का हुआ प्रयास

- झारखंड में यूसीसी या एनआरसी नहीं सीएनटी-एसपीटी और पेशा कानून चलेगा
- राज्य में हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई की एकता तोड़ने का प्रयास कर रही भाजपा

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को चुनावी दौरे पर सिमडेगा पहुंचे। इंडोर स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग अभी आसमान में मंडरा रहे हैं, प्रधानमंत्री भी राज्य में मंडरा रहे हैं। चुनावी सभा में आने से मुझे रोकने का प्रयास हुआ लेकिन डेढ़ घंटा विलंब से ही सही, हेलीकॉप्टर के माध्यम से मैं आपसे मिलने पहुंच ही गया। सीएम ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने दो साल कोरोना का दंश झेला लेकिन शेष तीन साल में हमने जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर तेजी से उतारा। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में मंईयां सम्मान योजना लाया गया। 10 लाख से अधिक बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा। उन्होंने कहा हमारी सरकार राजधानी से नहीं गांव से चलती है। उन्होंने कहा कि देश का पहला राज्य है जहां पर ओल्ड पेंशन देने का काम किया जा रहा है। भाजपा ने घोषणा पत्र जारी कर बड़े-बड़े वादे किए हैं लेकिन जहां पर भाजपा की सरकार है वहां पर ऐसी योजनाएं नहीं चलती।

यह सिर्फ झारखंड के लोगों को बेवकूफ बनाने के लिए घोषणा पत्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्य में यूसीसी लागू की जाएगी, इसे लागू कर भाजपा हमारे आरक्षण और पारंपरिक अधिकारों को खत्म करना चाहती है। हमारा स्पष्ट मानना है कि यह झारखंड है यहां पर यूसीसी या एनआरसी नहीं चलेगा यहां सीएनटी-एसपीटी और पेशा कानून चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि यहां पर हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई



सभी लोग आपसी मेलजोल के साथ रहते हैं लेकिन भाजपा यहां फूट डालो और शासन करो की नीति लागू करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने विधायक भूषण बाड़ा के पक्ष में लोगो से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम झारखंड के लए दल से बात करते हैं, हमारे रगों में झारखंड बसा हुआ है, इसकी भलाई और विकास के लए हम लगातार संघर्ष करते रहे हैं।

कार्यक्रम को विधायक सह प्रत्याशी भूषण बाड़ा ने भी संबोधित किया। कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल थॉमस, एआईसीसी के सदस्य तरुनंद पासवान, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कैंपेन कमेटी के सदस्य डॉ अजय नाथ शहदेव, रमा खलखो, मनोज जायसवाल, झामुमो जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना, जिला सचिव शफीक खान, मो जावेद, शिशिर मिंज, पूर्व मंत्री थियोदोर किड़ो सहित काफी संख्या में कांग्रेस और झामुमो के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की ने किया।

## झारखंड से चुनावी दौरे का आज आगाज करेंगे सीएम योगी

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधानसभा उपचुनाव के साथ ही झारखंड व महाराष्ट्र में भी काफी डिमांड है। सीएम योगी मंगलवार से चुनावी दौरे पर उतरेंगे। पहले दिन वे झारखंड के चुनावी दौरे पर रहेंगे। सीएम योगी की पहली जनसभा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की प्रत्याशी के लिए होगी। यहां से भाजपा उम्मीदवार डॉ. नीरा यादव के पक्ष में सीएम योगी चंद्रावती स्कूल ग्राउंड, डोमचांच में वोट मांगेंगे। सीएम योगी की दूसरी जनसभा बड़कागांव के भाजपा उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी के लिए होगी। योगी की तीसरी जनसभा आम बागान ग्राउंड जमशेदपुर में होगी। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू, जमशेदपुर पश्चिमी से प्रत्याशी सरयू रॉय, पोटका से उम्मीदवार मीरा मुंडा और जुगसलाई से उम्मीदवार रामचंद्र सहिस के पक्ष में वोट मांगेंगे।



इंडिया

# पीएम का पहला चुनावी दौरा तय कर गया झारखंड का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले दौरे पर भाजपा,मीडिया, आमजन के बाद विपक्षियों की भी गहरी नजर थी क्योंकि सभी जानना चाहते थे कि एनडीए की रणनीति क्या होगी ? राष्ट्रीय मीडिया का एक घड़ा चर्चा कर था कि क्या हिन्दुत्व पर चुनाव लड़ा जाएगा पलामू के गढ़वा की पहली सभा में ये शंका निर्मूल साबित हुई क्योंकि क्योंकि मोदी अच्छी तरह जानते हैं कि वे भाजपा का नहीं एनडीए का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं इसलिए नपे तुले शब्दों में वहां की भोजपुरी में छठ पर्व की शुभकामना से शुरुआत की और अपने घटक दलों के पक्ष में मतदान करने की अपील की । पलामू की कुल 9 सीटों में से पिछले 5 को बढ़ाकर 8 या 9 करने का लक्ष्य लेकर झारखंड को बालू तस्करी का केंद्र,राज्य सरकार को माफियायों की गुलाम,सरकारी ठेकों में बंदरबांट,ट्रांसफर-पोस्टिंग का धंधा,झामुमो, कांग्रेस और राजद की कथित तुष्टिकरण की नीति,घुसपैठियों के समर्थक में झारखंड के स्कूलों में सरस्वती वंदना पर रोक, मां दुर्गा पूजा पर रोक दिया,तीज त्योहार में पत्थरबाजी के मुद्दे उठाए । सब कहा पर हेमंत सोरेन या परिवार पर सीधा हमला नहीं बोला । स्थानीय उम्मीदवार सत्येंद्र तिवारी जरूर मजबूत हुए । यही हाल कोल्हान की 14 सीटों के लक्ष्य को लेकर था जहां हरे झंडे वाले झामुमो का गढ़ रहा है जिसके टाइगर चंपाई सोरेन अब भाजपा के साथ हैं। पिछले लोकसभा में भी भाजपा को निराशा हाथ लगी थी इस बार चाईबासा की सभा में पीएम ने कहा है कि झारखंड की धरती जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है। भाजपा सरकार मातृभाषा का सम्मान करती है,सत्ता में आएगी तो हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान देगी, राजद और कांग्रेस आदिवासियों की सबसे बड़ी विरोधी है। केंद्र में कांग्रेस के शासनकाल में आदिवासियों के साथ गोलीकांड हुए । कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी हुकुमत की तरह आदिवासियों को अपना हक मांगने पर गोलियों से भून दिया था। राजद के नेता पहले कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। वे आदिवासियों को कुचलने की बात करते थे। आज जेएमएम उसी की गोद में जाकर बैठी है। पहली बार पीएम ने राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय झारखंड पर फोकस किया और कहा कि आदिवासी समाज की उचित भागीदारी के बगैर देश का विकास संभव नहीं है। कहा कि भाजपा आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करती है। कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी को न पार्टी अध्यक्ष बनाया और न ही राष्ट्रपति। इन लोगों ने चंपाई सोरेन का भी अपमान किया, कांग्रेस के एक नेता ने सीता सोरेन के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया, सीएम भी इस पर चुप रहे। जेएमएम को सत्ता सुख के लिए महिला का अपमान भी स्वीकार्य है। पर रविवार से चंपाई सोरेन की तरह पीएम सोरेन परिवार पर सीधा हमला करने से बचते दिखे जिसके दो मायने हैं पहला कि उन्हें मालूम है कि आदिवासी सोरेन परिवार का बहुत सम्मान करते हैं और दूसरा कि चुनाव बाद इन 23 सीटों पर यदि विजयी बढ़त नहीं मिली तो गठबंधन की संभावनाओं को खुला रखा जाए । राजनीतिक पंडितों का मानना है कि बीते विधानसभा चुनाव में बीजेपी और आजसू का अलग लड़ना घातक साबित हुआ। अगर दोनों साथ लड़ते तो कम से कम चार से पांच सीटें जीत सकते थे।वोट शेयर के हिसाब से बीजेपी ने 33%, जेएमएम ने 34%, कांग्रेस ने 9%, आजसू ने 6% और अन्य छोटे दलों ने 18% वोट हासिल किया। यूपीए (झामुमो-कांग्रेस) ने 43% वोट शेयर के साथ जीत हासिल की। कुल 47 सीटों में से यूपीए (इंडी) की जीत का आधा हिस्सा आदिवासी रिजर्व सीटों से आया। लोकसभा चुनाव में आदिवासी सीटों पर भाजपा के बजाय सभी पांचों सीटों पर इंडिया ब्लॉक की जीत हुई थी । झामुमो ने तीन सीटों राजमहल, दुमका और सिंहभूम पर जीत दर्ज की । वहीं, कांग्रेस ने लोहरदगा और खूंटी सीट पर कब्जा जमाया। पहले चरण में 43 सीटों पर चुनाव होना है। इसमें से 20 आदिवासी रिजर्व सीटें हैं। पिछले चुनाव में भाजपा को 28 आरक्षित सीटों में से केवल दो सीटें ही मिल पाई थी। ऐसे में भाजपा या पीएम मोदी हेमंत सोरेन का नाम लेकर रिस्क नहीं लेना चाहती है, क्योंकि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उन्हें जेल भेजकर, उसके परिणाम देख चुकी है।भाषण में सीधे तौर पर हेमंत सोरेन का नाम नहीं लिया, पर निशाने पर वही रहे। इसके पीछे की वजह यह हो सकती है भाजपा ऐसी कोई गलती नहीं करना चाहती जिसका लाभ हेमंत को सहानुभूति के रूप में मिले। पहले चुनावी सभा के साथ भाजपा का एजेंडा स्पष्ट हो गया। उसके एजेंडे में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा सबसे ऊपर है। कोल्हान के 15-18% कुर्मी मतदाताओं पर सारा खेल टिका है और चार पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा के साथ चंपाई सोरेन की भी अग्निपरीक्षा है।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक



## अल्मोड़ा में भीषण बस दुर्घटना, 38 की हुई मौत

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में रामनगर के समीप माचुर्ला में सोमवार सुबह हुए बस हादसे में 38 यात्रियों की मौत हो चुकी है जबकि 24 यात्री घायल हैं। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलों को एम्स (ऋषिकेश) भेजा गया है। राहत व बचाव कार्य लगातार जारी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं राहत एवं बचाव कार्य पर नजर बनाए हुए हैं। हादसे को लेकर पुलिस-प्रशासन व परिवहन विभाग में हड़कंप मच गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। हादसे का कारण क्षमता से अधिक सवारियों का होना (ओवरलोडिंग) बताया जा रहा है। यह एक 42 सीटर बस थी, जिसमें 60 के करीब यात्री सवार थे। दीपावली का त्योहार पूर्ण होने के चलते सवारियों की संख्या अधिक थी। इसके चलते मुख्यमंत्री धामी ने कार्रवाई करते हुए संबंधित उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) को तत्काल निलंबित करने के आदेश दे दिए हैं। शेष पेज 11 पर



- राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित कई नेताओं ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा मजिस्ट्रेट जांच के आदेश

# बालू, पत्थर, खनिज, मनरेगा, आवास सबका पैसा खा गया जेएमएम : शिवराज

- *झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय है*
- *जेएमएम विदेशी घुसपैठियों को वोटबैंक मानती है*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को खिजरी विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि, गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। पूरे प्रदेश को लूट लिया है। यहां, नेताओं मंत्रियों के घरों से पैसों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं और झारखंड की जनता त्राही-त्राही कर रही है। जेएमएम ने झारखंड को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और यही वजह है कि, अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ही सुशासन स्थापित करेगी। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, अगर झारखंड को बचाना है तो एक नई क्रांति करनी पड़ेगी। ये वो धरती है जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। उनके नाम से अंग्रेज कांपते थे। अंग्रेज भी अत्याचार, अन्याय और शोषण करते थे और आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गई है।

## 'महिला सशक्तीकरण' हमारा संकल्प



श्री चौहान ने कहा कि, पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें प्रति माह 2 हजार रूपए चूल्हा खर्च के लिए दिया जाएगा, लेकिन 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आई और चुनाव आते ही वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार डाल दिए। प्रति माह 2 हजार के हिसाब से एक साल के 24 हजार होते हैं और पांच साल के हिसाब से ये राशि 1 लाख 20 हजार रूपए होती है, लेकिन बहनों के खाते में केवल 2 हजार रूपए आए हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि, हेमंत सोरेन पहले 1 लाख 18 हजार रूपए का हिसाब दो।

## नौजवानों को पूरा न्याय

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, जेएमएम सरकार ने 5 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन पिछले पांच सालों में एक भी नौकरी नहीं मिली। 5 से 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था, लेकिन भत्ता भी नहीं मिला। भाजपा की सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पहले ही साल में डेढ़ लाख नौकरियां दी जाएंगी। बाकायदा कैलेंडर बनाकर तय किया जाएगा कि, किस तारीख को परीक्षा होगी, किस तारीख को रिजल्ट आएगा और किस तारीख को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इतना ही नहीं 5 लाख नए स्वरोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2 साल तक 2 हजार प्रति माह दिए जाएंगे ताकि वो अच्छी नौकरी की तैयारी कर सकें।

## भाजपा का प्रण है झारखंड की तस्वीर बदलना

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, झारखंड में बालू भी बाल्टियों में किलो से बेची जा रही है। गरीबों को मकान बनाने के लिए बालू तक नहीं मिल रही है, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड की धरती पर हर गरीब को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी और बालू फ्री दी जाएगी। कोई भी कच्ची छत के नीचे नहीं रहेगा। प्रधानमंत्री जी ने पदभार संभालते ही 2 करोड़ मकान ग्रामीण और 1 करोड़ मकान शहरी क्षेत्रों में बनाने का फैसला लिया है। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, पांच एकड़ तक की जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ 5 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। 50 लाख रूपए की सम्पत्ति अगर बहन के नाम पर खरीदी जाएगी तो रजिस्ट्री शुल्क केवल 1 रूपए ही लगेगा। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में जनता और कार्यकताओं में जबरदस्त उत्साह है। झारखंड में माटी, बेटी, रोटी बचाने के लिए जनता संकल्पबद्ध है और सभी ने मिलकर भाजपा को जिताने का फैसला किया है ताकि ठीक विकास हो सके, झारखंड आगे बढ़ सके, विदेशी घुसपैठिए बहार निकाले जा सकें, नौजवानों को रोजगार मिल सके, महिला सशक्तिकरण हो सके, किसान की आय बढ़ सके और कानून व्यवस्था को ठीक कर सकें। झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलना भारतीय जनता पार्टी का प्रण है।

# पीएम बताएं, सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं : जेएमएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि झारखंड राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घूम रहे हैं। गढ़वा गये, चाईबासा गये अच्छा है। उन्हें भी एहसास हो गया कि बीजेपी इस चुनाव में पराजित है। चाईबासा, गढ़वा में जो रैली हुई। अमित शाह कल झूठ का पुलिंदा जारी किये। उसमें कोई विशेष बात नहीं, वह परिवारवाद पर बोले, बीजेपी अब परिवारवाद पर बोलेगी। वह सोमवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से मीडिया कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिये कुछ नहीं तो ऐसी बात क्यों। डबल इंजन की सरकार 2019 में थी, 2014 से थी। इस अवधि में कितने उद्योग लगे, कितने बंद हो गये। पीएम आप के मुंह से झूठ निकले यह ठीक नहीं। चुनाव से पहले जमशेदपुर गये, वंदे भारत को हरी झंडी दिखाया, आज से शुरू हुई जो गया से चली। 12 वंदे भारत हो गई। गया से रांची, रांची से चाईबास तक। 9 वंदे भारत रेल मंत्रालय चला रही, 3 पीएम चला दिये। 3 वंदे भारत कहा से आ गये। उन्होंने कहा कि रेलवे से पता किया तो पता चला कि गया से गढ़वा तक आज चलाई गई, गया से रांची, रांची से चाईबासा 3 हो गये। पीएम का इतना हल्का भाषन बोलने के लिये कुछ नहीं। बस एक बात का अपमान हो रहा, विदेशों में जो भारतीय लोग रहते थे, नागरिकता बताने में शर्म करते थे, पीएम ने कहा मेरे आने के बाद गर्व करते हैं। सुप्रियो ने कहा कि 2 ।20 लाख भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ी विदेश के लिये। विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय में पेश हुए हैं, संसद में पेश हुए हैं।



*पीएम यह कौन सा परिवारवाद जब बोलने के लिए कुछ नहीं तो ऐसी बात क्यों*

प्रधानमंत्री जी को इतना झूठ नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि हरियाणा की जनता भी उन्हें सुन रही थी। अभी तक विज्ञापन भी नहीं निकला तो फिर आवेदन कहां से हो गया और नियुक्ति कहां से हो गई। चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री के पहुंचने से पहले ही मैदान खाली होने लगा। लोगों को ढोकर लाया गया था। हमारी सरकार ने हो भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने के लिए कैबिनेट से निर्णय लिया और मोदी जी कहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है। सरना धर्मकोड की गारंटी क्यों नहीं देते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह बताना चाहिए। जातीय जनगणना तक की घोषणा नहीं की गई। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हरमू मैदान में अंकिता नाम की एक लड़की के पिता को अपमान करने का काम किया था। इसके गवाह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश भी हैं। भ्रष्टाचार पर बात करने वाले प्रधानमंत्री के बगल में भानु प्रताप शाही और कमलेश सिंह बैठे हुए थे। उन्हें कहना चाहिये, हमने झारखंड में आकर जो घोषणाएं की, उसको लागू नहीं किया इसके लिए हमें माफ कर दें।

# हटिया विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दे दिए गए हैं। सभी का चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। हटिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए 27 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। यहां सबसे अधिक 524460 मतदाता हैं। इसमें 261359 पुरुष और 263077 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 17.46 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 17329 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हटिया में 496 पोलिंग स्टेशन हैं, जिसमें 334 शहरी और 162 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। यहां 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के नवीन जायसवाल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को 16264 वोटों के अंतर से हराया था। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रांची विधानसभा में चुनाव होने हैं। यहां 13 नवंबर को होने वाले मतदान में 18 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र में 378055 मतदाता हैं। इसमें 191524 पुरुष और 186500 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 9.02 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 10003 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रांची विधानसभा में 374 पोलिंग स्टेशन है, जिसमें सभी पोलिंग स्टेशन शहरी क्षेत्र में हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सीपी सिंह ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी को 5904 वोटों के अंतर से हराया था।

# चान्हो पुलिस ने एक लाख रुपये किया जब्त



फाइल फोटो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए झारखंड पुलिस जगह-जगह पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही है। इसी क्रम में रांची के चान्हो थाना क्षेत्र के झिबरी मोड़ में चुनाव को लेकर बनाए गए चेकपोस्ट से पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 1 लाख रुपये कैश बरामद किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार चार चक्का गाड़ी से पवन कुमार अग्रवाल नमक व्यक्ति छत्तीसगढ़ से रांची अपनी बेटी की शादी की खरीदारी के लिए आ आया था। फिलहाल पुलिस के द्वारा मामले में आगे की जांच चल रही है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, बोले

# मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का है प्रावधान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-जे के प्रावधान अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है।




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसके लिए राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार : सीईओ

सोमवार को निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। आदर्श आचार संहिता की छिटपुट घटनाएं भी सामने आ रही हैं। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 31 प्राथमिकी दर्ज की गई है। उनमें सर्वाधिक 18 मामले गढ़वा जिला में दर्ज हुए हैं। जबकि रांची, सिमडेगा और रामगढ़ जिले में दो-दो मामले दर्ज हुए हैं। वहीं सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग और पलामू जिले में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि सूचना प्राप्त हो रही है कि त्योहार और फसल कटाई को लेकर राज्य से बाहर गये श्रमिक अपने घर लौट रहे हैं। चुनाव के समय उनकी घर वापसी से उम्मीद जगी है कि वे इस दौरान मतदान में भी हिस्सा लेंगे।

## राजनाथ सिंह की जनसभा आज रातू में

**रांची।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज मंगलवार को रांची जिले के रातू स्थित सीएन राज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।



## शिवराज सिंह चौहान आज सारठ, आसनसोल और मधुपुर में करेंगे जनसभा

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 5 नवंबर को जामताड़ा जिले के सारठ स्थित तेतुलबांधा मिशन ग्राउंड में 11:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंह दुमका जिले के आसनसोल में दोपहर 12:30 बजे से मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री देवघर जिले के मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।



### कोल्हान प्रमंडल में हैं 14 विस सीटें, 11 जेएमएम के पास

# सत्ता का रास्ता तय करेगा कोल्हान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद सभी पार्टियों ने कमर कस लिया। राजधानी दिल्ली से रांची तक नेताओं का आना जाना प्रति दिन लगा हुआ है। चुनावी रण क्षेत्र में खुब पसीना बहाया जा रहे है। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोल्हान प्रमंडल में भाजपा ने एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में कुल 14 विधानसभा सीटें है। इन सभी 14 सीटों में 11 सीटें जेएमएम ने जीता था वहीं 2 सीट कांग्रेस और एक निर्दलीय ने जीता था।

इसी कोल्हान क्षेत्र में आने वाले जमशेदपुर पूर्वी से मुख्यमंत्री रहते हुए रघुवर दास भी चुनाव हार गए थे। भाजापा ने कोल्हान के दो बड़े नेता कांग्रेस के सांसद गीता कोडा और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को जेएमएम से भाजपा में शामिल कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार के पहले दिन कोल्हान प्रमंडल में कार्यक्रम किया। कुछ राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से कुछ अच्छा होगा। कुछ का यह भी कहना है कि चंपाई सोरेन ज्यादा कुछ नहीं कर पाऐंगे। पिछले चुनाव में भाजपा और आजसू का गठबंधन नहीं हुआ था।

| विस क्षेत्र | जीतने वाली पार्टी |
|---|---|
| ईचागढ़ | जेएमएम |
| खरसावां (एसटी) | जेएमएम |
| सरायकेला (एसटी) | जेएमएम |
| चाईबासा (एसटी) | जेएमएम |
| मझगांव (एसटी) | जेएमएम |
| जगरनाथपुर (एसटी) | कांग्रेस |
| चक्रधरपुर (एसटी) | जेएमएम |
| मनोहरपुर (एसटी) | जेएमएम |
| घाटशिला (एसटी) | जेएमएम |
| पोटका (एसटी) | जेएमएम |
| जुगसलाई (एससी) | जेएमएम |
| पश्चिमी जमशेदपुर | कांग्रेस |
| पूर्वी जमशेदपुर | निर्दलिय |
| बहरागोड़ा | जेएमएम |

कोल्हान क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की संख्या अच्छी खासी है। इस बार के चुनाव में आजसू के साथ गठबंधन किया गया है, जिससे कुछ अच्छा परिणाम हो सकता है। अब देखने वाली बात है कि कौन कोल्हान क्षेत्र में अपने जीत का झंडा लहरायेगा। इस बार के विधानसभा चुनाव में क्या सरकार बनाने का रास्ता कोल्हान होते हुए तय होगा। ये अब 23 नवंबर का परिणाम ही बताएगा। कोल्हान प्रमंडल में तीन जिले हैं, इसमें पूर्वी सिंहभूम,पश्चिमी सिंहभूम व सरायकेला-खरसावां शामिल है।

## निर्वाची पदाधिकारी ने उम्मीदवारों को दी लेखा जांच की जानकारी

रांची। सोमवार को सिल्ली और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों का भारत निर्वाचन आयोग के व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी राम नारायण सिंह तथा खिजरी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू के द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान हो रहे व्यय के संबंध में जानकारी देने को लेकर बैठक किया। जिसमें उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों को लेखा जांच तथा चुनाव से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें व्यय की अधिकतम सीमा प्रति उम्मीदवार अधिकतम 40,000,00/- के बारे में बताया गया। व्यय प्रेक्षक अजेय कुमार ओझा द्वारा सभी उम्मीदवारों को जानकारी देते हुए कहा गया कि सिर्फ पैसे के बल पर कोई भी उम्मीदवार मतदाताओं को अपने पक्ष में न कर सके, इसीलिए निर्वाचन आयोग द्वारा पूरे प्रचार अभियान के दौरान सभी उम्मीदवारों के द्वारा किए जाने वाले व्यय की समीक्षा की जाती है। इस अवसर पर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के अएड आकाश कुमार, खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अएड पंकज नारायण और व्यय प्रेक्षक के संपर्क पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह भी मौजूद थे।

# तमाड़ की जनता किसके सिर सजाएगी ताज?

- **तमाड़ में कुल वोटरों की संख्या 2,16,771**
- **मुंडा वोटरों की संख्या 67467**
- **कुर्मी वोटरों की संख्या 30948**
- **मुस्लिम वोटरों की संख्या 14029**







*वर्ष 2024 में मतदान की तिथि : 13 नवंबर 2024*
*निर्वाचन क्षेत्र संख्या : 58, विधानसभा क्षेत्र : तमाड़*

**कब कौन जीते-हारे**

| वर्ष | विजेता | दूसरे स्थान पर |
|---|---|---|
| 2019 | विकास कुमार मुंडा (झामुमो) | राम दुर्लभ सिंह मुंडा (आजसू) |
| 2014 | विकास कुमार मुंडा (आजसू) | गोपाल कृष्ण पातर (स्वतंत्र) |
| 2009 | गोपाल कृष्ण पातर (जदयू) | विकास कुमार मुंडा (आजसू) |
| 2005 | रमेश सिंह मुंडा (जदयू) | गोपाल कृष्ण पातर (स्वतंत्र) |

**नवीन मेल संवादाता**

**रांची।** झारखंड अलग राज्य बनने के बाद तमाड़ विधानसभा सीट से सबसे अधिक बार विकास कुमार मुंडा यहां के विधायक बने है। राजधानी रांची से सटे तमाड़ विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है। इस सीट से 2009 में रामदयाल मुंडा भी चुनाव लड़ चुके है हालांकि वे चुनाव हार गए थे। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद तमाड़ में पहली बार विधानसभा चुनाव 2005 में हुआ, 2005 में इस सीट से रमेश सिंह मुंडा ने जीत हासिल की थी। उसके बाद 2009 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू की टिकट से चुनाव लड़ रहे गोपाल कृष्ण पातर ने 30678 वोट लाकर चुनाव जीते, आजसू की टिकट से चुनाव लड़ रहे विकास कुमार मुंडा 29207 वोट लाकर दूसरे स्थान पर थे। वहीं कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे रामदयाल मुंडा 12359 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

2014 के विधानसभा चुनाव में विकास कुमार मुंडा आजसू की टिकट पर चुनाव लड़े और 57428 वोट ला कर जीत दर्ज की। गोपाल कृष्ण पातर इस बार निर्दलीय चुनाव लड़े और 31422 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे प्रकाश चंद्र उरांव 18479 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रहे। 2019 के विधानसभा चुनाव में एक तरफ बीजेपी का आजसू से गठबंधन नहीं हुआ, दूसरी तरफ कांग्रेस और जेएमएम का गठबंधन हो गया। आजसू से अलग हो चुके विकास कुमार मुंडा ने जेएमएम के टिकट पर चुनाव लड़े और 55491 वोट लाकर दूसरे बार विधायक बने। आजसू के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राम दुर्लभ मुंडा 24520 वोट लाकर दूसरे स्थान पर रहे। भाजपा के टिकट पर चुनाव लड रहे रिता देवी 18082 वोट लाकर तीसरे स्थान पर रही। झारखंड बनने के बाद भाजपा इस सीट से एक बार भी जीत हासिल नहीं की है। इस बार यह सीट फिर से एनडीए के घटक दल जेडीयू के खाते में गया है।

## पोस्टल बैलट से बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूडी) वैकल्पिक घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इसी के क्रम में सोमवार को रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा चुनाव-2024 के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पर मतदान की सुविधा देकर उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा दी गई। मतदान कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के पूरे दल की भागीदारी से घर से मतदान कराया गया और पूरी मेहनत के साथ मतदान की गोपनीयता बनाकर रखी गई। रांची के हेहल (बूथ संख्या 80) की 87 वर्षीय विमला बजाज पति राम गोपाल बजाज ने घर पर डाक मतपत्र का उपयोग करके अपने मताधिकार का प्रयोग किया और इस सुविधा के लिए चुनाव आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस बार विधानसभा आम चुनाव में रांची विधानसभा क्षेत्र में कुल 151 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जाना है।

**आज | कल**




### हटिया के मतदाताओं ने कहा

# सर्वसुलभ नवीन, कार्यकुशल अजय के बीच है कड़ा मुकाबला

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। सभी प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार जोर पकड़ लिया है। हटिया विधानसभा में चुनाव के लिए 27 प्रत्याशी मैदान में हैं। हटिया विधानसभा में 526189 मतदाता हैं। जिसमें 261890 पुरुष और 264275 महिला और 24 ट्रांसजेंडर हैं। इनमें 17692 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरूष 7707 और 9985 महिला वोटर हैं। हटिया विधानसभा में 496 पोलिंग स्टेशन है, जिसमें 334 शहरी और 162 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 2019 विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नवीन जायसवाल ने जीत दर्ज की थी।



हुसैन खान



संजय कु. मांझी



रंजीत यादव



आशा रानी

उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को 16264 वोटों के अंतर से मात दी थी। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने हटिया विधान सभा के मतदाताओं से बात की।

चापू टोली में मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार हुसैन खान ने बताया कि हटिया विधानसभा में नवीन जायसवाल का काम अच्छा है। इसलिए यह फिर विधायक हो सकते हैं। हटिया विधानसभा में कांग्रेस की पकड़ अच्छी नहीं है। ऐसा नहीं है कि बीजेपी को मुसलमान वोट नहीं करते हैं। उन्होंने बताया कि मुसलमान में भी बैकवर्ड- फॉरवर्ड और अन्य तरह के लोग हैं, वे लोग देखते हैं कि कौन सरकार मुझे सूट करेगी उसके अनुसार लोग वोट करते हैं।

डीप्पा टोली के हार्डवेयर दुकानदार संजय कुमार मांझी ने बताया कि नवीन जायसवाल का काम बहुत अच्छा है। स्थानीय लोगों से मधुर संबंध रखा हैं, किस भी परेशानी में तुरंत पहुंचते हैं। कांग्रेस की नीति-सिद्धांत सहीं नहीं। नवीन का कोई विकल्प नहीं है।


कटहल मोड़ में कम्बल दुकानदार रंजीत यादव ने बताया कि इस बार के चुनाव में हिंदुत्व और विकास दो विषय रहेगा। दोनों में नवीन जायसवाल खरे उतरते हैं।

आदिवासी चौक में ट्रेलर दुकानदार आशा रानी ने कहा कि बच्चे पढ़ लिखकर बेरोजगार बैठे हैं। प्रथम विषय नौकरी है जो नौकरी देगा, वोट उसे देना चाहिए। रवि स्टील निवासी अनूप झा ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शहदेव एक सुलझे इंसान हैं। विकास का विजन है, जनता इस बार अजय नाथ शहदेव को वोट देगी। भाजपा ने तो कुछ काम किया ही नहीं है। नली-गली, लाइट की दुर्गति है।

# प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र पर भाजपा का प्रेस कांफ्रेंस आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र को लेकर पांच नवंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। इसके जरिए संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। गिरिडीह में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बोकारो के चंदनकियारी में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सरायकेला में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, देवघर में सांसद निशिकांत दुबे, पलामू में सांसद वीडी राम, हजारीबाग में सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और अग्निमित्र पाल, गुमला में केदार कश्यप और विमला प्रधान, लोहरदगा में मनीर उरांव, सिमडेगा में विनय लाल और सुदर्शन भगत, खूंटी में नीलकंठ सिंह मुंडा और चंद्रशेखर गुप्ता, लातेहार में प्रतुल शाहदेव, गढ़वा में विकास प्रीतम, रामगढ़ में ओपी चौधरी, चतरा में टोखन साहू, कोडरमा में नीरा यादव, दुमका में सुनील सोरेन, जामताड़ा में वीरेंद्र मंडल और सत्यानंद झा बाटुल, साहिबगंज में अनंत ओझा, गोड्डा में अमित मंडल और शेष जिलों में भी प्रमुख नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।



## अस्ताचलगामी सूर्य की आराधना का अनूठा त्योहार है छठ

# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व आज से

» खरना कल शाम में, सांध्य अर्घ्य सात नवंबर को सूर्यास्त के समय दिया जाएगा

» आठ नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा पूजा का समापन


किरण देवी, हरमू, रांची


किरण देवी, पिस्कामोड़, रांची


लक्ष्मी देवी, हरमू, रांची

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** छठ पर्व या छठ पूजा चार दिवसीय पर्व है। लोक आस्था के इस महापर्व की शुरूआत कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नहाय-खाय के साथ होता है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ इसका समापन होता है। इस वर्ष नहाय-खाय 5 नवंबर को है, जबकि खरना 6 नवंबर को। कहावत है कि उगते सूर्य की तो सभी पूजा करते हैं। लेकिन, यही एक ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते सूर्य को भी अर्घ्य दिया जाता है। डूबते सूर्य यानी अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य (संध्या अर्घ्य) 7 नवंबर को दिया जाएगा। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य (प्रातःकालीन अर्घ्य) 8 नवंबर को पड़ेगा। पौराणिक कहानियों के अनुसार त्रेतायुग में माता सीता और द्वापर युग में द्रौपदी ने छठ पूजा का व्रत रखकर सूर्यदेव को अर्घ्य दिया था। बुजुर्गों और पूर्वजों के अनुसार छठ व्रत संतान प्राप्ति और संतान की सुख-समृद्धि के लिए की जाती है। रांची की हरमू निवासी किरण देवी, विद्यानगर हरमू की रहने वाली लक्ष्मी देवी और पिस्कामोड़ की रहने वाली किरण देवी ने बताया कि वे कई वर्षों से छठी मैया की आराधना करती आ रही हैं। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व का पहला दिन नहाय-खाय के रूप में होता है। इस दिन दाल, अरवा चावल, कद्दू की सब्जी, गोभी की सब्जी बनाकर भगवान को भोग लगाकर व्रती के ग्रहण करने के बाद परिजनों में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। इस दौरान साफ-सफाई का विशेष खयाल रखना चाहिए।

### खरना का है अलग महत्व

छठ के दूसरे दिन, यानी खरना के दिन छठ व्रती सुबह से ही तैयारियों में लग जाते हैं। कविता मिश्रा, जिनके घर में कई सालों से छठ महापर्व होता आ रहा है, ने बताया कि खरना के दिन विशेष तौर पर गुड़ का खीर, चीनी का खीर, घी में पकाई गई रोटियां बनाई जाती हैं। लकड़ी के चूल्हे पर यह सब कुछ बनाना शुद्ध माना जाता है। जिनके पास चूल्हे की व्यवस्था ना हो, वे गैस पर भी पका सकती हैं। उन्होंने कहा, भक्ति और आस्था मायने रखता है। इस दिन नियमों के अनुसार देवी देवताओं को भोग लगाने के बाद व्रती खीर का सेवन करती हैं। उन्होंने बताया कि छठ महापर्व के दौरान नियमों को मानना अतिआवश्यक होता है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण और कठिन नियम खरना के दिन होता है, इस दिन व्रती के पूजा करने से खीर खाने तक जरा-सी भी आवाज नहीं होनी चाहिए। यूं कह लें कि तिनके की आवाज तक नहीं होनी चाहिए। यदि किसी कारणवश किसी तरह की आवाज हो गई, तो व्रती खीर का सेवन नहीं कर पाएंगी। उन्होंने बताया, खरना का ही दिन होता है, जब 36 घटों के व्रत से पहले व्रती आखरी बार कुछ खाती हैं। इसलिए अधिकतर प्रयास यही रहता है कि किसी तरह की कोई भी आवाज ना हो और नियमानुसार पूजा संपूर्ण हो।

### मजबूरी में घरों में मनाते हैं छठ

पिस्कामोड़ की रहने वाली छठ व्रती किरण देवी ने बताया, वैसे तो बहते हुए सरोवर में अर्घ्य दिया जाना चाहिए और कई वर्षों तक हमने भी यही किया। लेकिन, बीते 2 वर्ष पहले हमारे नजदीकी डैम कांके डैम में अर्घ्य देने के बाद तबीयत खराब हो गई। शरीर में खुजली उत्पन्न हो गई। डॉक्टर ने कहा कि गंदे पानी में स्नान करने के कारण ऐसा हुआ है। किरण देवी ने कहा, डैम से कचरा तो निकाल दिया जाता है, लेकिन पानी को पूरे तरीके से साफ नहीं किया जाता है। इस कारण व्रत करने वाले कई भक्त बीमार पड़ जाते हैं। इन्हीं सब कारणों से पिछले 2 वर्षों से अपने घर पर टब में अर्घ्य देकर छठ पूजा करते हैं। यदि शुरूआत से ही सरोवरों, तालाबों और नदियों की साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए, तो व्रत करने वालों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी लोगों के लिए यह लाभदायक साबित होगा।

### छठ में बच्चे भी उत्साहित

छठ महापर्व में जितना उत्साह व्रतियों में होता है, उतना ही घर के अन्य सदस्यों में भी। घर के बच्चे भी बड़े उत्साहित नजर आते हैं। पिस्कामोड़ की रहने वाली खुशबू में बताया कि छठ का वैसे तो इंतजार रहता ही है, लेकिन छठ के साथ घर में जो खुशियां आती हैं, उसका इंतजार बेसब्री से रहता है। उन्होंने कहा, घर के अधिकतर लोगों का बाहर रहना होता है। कोई पढ़ाई के लिए बाहर है, तो कोई नौकरी के लिए।

मेरा भी दिल्ली रहना होता है। लेकिन, प्रतिवर्ष छठ में पूरा परिवार एक साथ होता है। इसलिए छठ के लिए मेरे मन में अधिक उत्साह रहता है। वहीं, छठ में ठेकुआं बनता है, जिसका अलग ही क्रेज है। ठेकुआं बनते वक्त घर की महिलाएं तरह-तरह के लोकगीत गाती हैं, जिस से घर का माहौल बदल जाता है। लोकगीत और परिवार के साथ ठेकुआं बनाते-बनाते पूरी रात गुजर जाती है।

### खरना की भी अलग-अलग हैं परंपराएं

छठ करने के नियम लगभग सभी के एक जैसे होते हैं, मगर कहीं-कहीं नियम अलग भी होते हैं। कई जगहों पर कुछ एक नियमों में बदलाव होता है। इसके बारे में हमसे जमुई जिले की मूल निवासी हरमू की रहने वाली किरण देवी ने बताया कि सभी नियम तो एक जैसे होते हैं, लेकिन खरना के दिन अलग तरीके से पूजा होती है। उन्होंने बताया ज्यादातर लोग इस दिन, गुड़ का खीर बनाया करते हैं, लेकिन हमारे घर में खरना के दिन भी दाल, चावल और अलग अलग प्रकार की सब्जियां बनाई जाती हैं। हालांकि, खाने के नियम समान ही हैं। उन्होंने कहा, हम हमारे पूर्वजों के दिशा निदेशों पर चलते हैं। वर्षों पहले से हमारे पूर्वजों द्वारा इसी नियम पर छठ महापर्व होता आया है। उन्होंने बताया बिहार के जमुई जिले के कई इलाकों में खरना के दिन दाल, चावल और सब्जियां बनाने का ही प्रचलन है।

### हफ्तों पहले से शुरू हो जाती है तैयारी

छठ महापर्व के तीसरे दिन की शाम के वक्त अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाता है। इसकी तैयारी हफ्तों पहले से शुरू हो जाती है। अर्घ्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण है सरोवरों, तालाबों, डैमो की साफ-सफाई, जहां व्रत करने वाले भक्त स्नान कर अर्घ्य देकर मां गंगा और सूर्य की आराधना करते हैं।

## राज्यपाल से मिला जैन धर्म का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** जैन धर्म के समता युवा संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार जैन के अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष गंगवार को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जैन धार्मिक के पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री रामलाल के 50 वर्ष साधना और साधुत्व को समर्पित 'अभिरामम' नामक पुस्तक और स्मृति चिन्ह भी भेंट की। यह पुस्तक संघ और राष्ट्र हित में है। इस किताब में जैन धर्म के मूल सिद्धांत और महावीर के उपदेशों का विस्तृत वर्णन है, जो समाज में अहिंसा और करुणा के मूल्य को बढ़ावा देता है।

### राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्य में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी दो महीने में होंगे रिटायर

**रांची।** झारखंड में डीजी रैंक के चार आईपीएस अधिकारी अगले दो महीने में रिटायर हो जायेंगे। इस महीने 30 नवंबर को 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय भटनागर सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वे अभी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और वर्तमान में सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा डीजीपी अजय कुमार सिंह और एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर हो जायेंगे। दूसरी ओर झारखंड कैडर के 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

### न्यू मधुकम में चला स्वच्छता अभियान

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर, छात्र क्लब साधना मंच एवं विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को न्यू मधुकम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। देवी मंडप में मंदिर परिसर सफाई व्यवस्था बहाल रखने के लिए विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच की ओर से डस्टबिन प्रदान किया गया। इससे पहले सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र में भी स्वच्छता अभियान चलाया। मौके पर लायंस क्लब ऑफ रांची ग्रेटर के विजय पाठक, प्रेम शंकर मिश्रा,राजेश केडिया, शिव किशोर शर्मा, पिंटू शर्मा, रमेश मिस्त्री, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

### खरगे और सचिन पायलट आज झारखंड में



**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट एक दिवसीय दौरे पर पांच नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। मल्लिकार्जुन खरगे मांडू विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल और कांके विधानसभा क्षेत्र में सुरेश बैठा के पक्ष में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। मांडू विधानसभा क्षेत्र के किसान मजदूर उच्च विद्यालय दाढ़ी में 12:15 बजे से उनकी पहली सभा होगी। इसके बाद वे कांके विधानसभा क्षेत्र के बुकरू फुटबॉल मैदान नगड़ी में दो बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट भी रांची पहुंच रहे हैं। वे जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में रोड शो करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। रांची से वे कार से जमशेदपुर जाएंगे। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य नेताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लिया।

### फार्मेसी काउंसिल के निबंधक को तत्काल हटाने की मांग

**रांची।** झारखंड फार्मेसी छात्र संघ ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर फार्मेसी काउंसिल के निबंधक सह सचिव प्रशांत कुमार पांडेय को तत्काल हटाने की मांग की है। संघ ने पत्र के माध्यम से कहा है कि जिस पत्र के माध्यम से उनकी नियुक्ति हुई है, उसमें कहीं भी जिक्र नहीं है कि प्रशांत कुमार पांडेय डिप्लोमा इन फामेर्सी एग्जाम समिति के सदस्य सह सचिव के रूप में भी काम करेंगे। इनके द्वारा वर्तमान में परीक्षा भी ली जा रही है, जो पारदर्शी नहीं हो सकता। संघ ने परीक्षा पर भी तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### सीएमपीडीआई ने कॉरपोरेट श्रेणी में जीते तीन पुरस्कार




**रांची।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोलकाता में आयोजित 50वें सीआईएल स्थापना दिवस समारोह पर कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनियों को कॉर्पोरेट पुरस्कार प्रदान किए। सीएमपीडीआई ने कॉर्पोरेट श्रेणी में 3 पुरस्कार जीते। इस अवसर पर विक्रम देव दत्त, सचिव, कोयला मंत्रालय, पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, सीआईएल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मनोज कुमार, सीएमडी, सीएमपीडीआई ने अपनी टीम के साथ सीएमपीडीआई द्वारा प्राप्त कॉर्पोरेट पुरस्कार ग्रहण किया।

### मुख्य निर्वाचन कार्यालय के कर्मी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा

**रांची।** मुख्य निर्वाचन कार्यालय में फराश के पद पर कार्यरत रामअवधेश सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा एवं संदीप सिंह सहित कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## रिपोर्ट कार्ड ए प्लस, फिर से बनेगी सरकार : सुप्रिया श्रीनेत

### भाजपा ने सीएनटी एक्ट को लगातार कमजोर करने का काम किया है




नवीन मेल संवाददाता। रांची

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि झारखंड सरकार का रिपोर्ट कार्ड ए प्लस है। राज्य में फिर से इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। राज्य की जनता भाजपा से हिसाब लेगी। लोकसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को प्रचार-प्रसार भी नहीं करने दिया गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के तिस्कार का हिसाब लेगी। सुप्रिया श्रीनेत सोमवार को कांग्रेस भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 57 लाख बेटियों व महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया। इसमें 1000 रुपए दिए हैं, जबकि दिसंबर से 2500 रुपए दिए जाने हैं। 42 लाख लोगों का बिजली बिल माफ हुआ और उन्हें मुफ्त में बिजली मिल रही है। 4.50 लाख किसानों का ऋण माफ किया गया। 11 लाख छात्राओं को पांच हजार दिए गए। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी की गई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड की 1.36 लाख करोड़ रुपए दबा कर बैठी है। यह राशि मिलती तो सरकार राज्य के 42500 छात्रों को पांच साल तक 5000 रुपए दे सकती थी। तीन लाख छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा सकता था। राज्य का जल संकट दूर हो सकता था। 68 लाख किसानों का दो-दो लाख का ऋण माफ हो सकता था। 68 लाख परिवारों को अबुआ आवास मिल जाता। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सीएनटी एक्ट को लगातार कमजोर करने का काम किया है। 11 लाख राशन कार्ड खत्म कर दिए गए थे, जिसे बहाल किया गया। आदिवासियों के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा किया गया, ओबीसी का आरक्षण खत्म किया गया। सरकार उसे बहाल करने को तत्पर है। प्रेस कांफ्रेंस में प्रवक्ता अंशुल अविजीत, मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, केदार पासवान, जगदीश साहू, अभिलाष साहू समेत अन्य मौजूद थे।

**पहले 19 राज्यों में यूसीसी ले आए भाजपा**

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा झारखंड में यूसीसी लाने की बात कर रही है। उसे पहले अपने उन 19 राज्य में यूसीसी लानी चाहिए, जहां उनकी सरकार है। सरना कोड जो झारखंड सरकार ने विधानसभा से पास कराकर भेजा है, उसे लागू नहीं किया जा रहा है। सिर्फ शिगूफा छोड़ा जा रहा है। ?उन्होंने कहा कि परिवारवाद पर भाजपा को बोलने का हक नहीं है। झारखंड में 68 में से 33 सीटों पर भाजपा ने परिवार को उतारा है। हालांकि वह इसके खिलाफ नहीं हैं, जो परिवार की सोचेगा वही समाज की सोचेगा। जनता अगर परिवारवाद नहीं मानेगी तो वह उसे वोट नहीं देगी।

### मुकुंद नायक से मिलने पहुंचे संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

**रांची।** दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाजरत पद्मश्री मुकुंद नायक से मिलने संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पहुंचे। उन्होंने उनके पुत्र नंदलाल नायक से मुकुंद नायक का हाल जाना। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुकुंद नायक राष्ट्र की धरोहर हैं और उनके स्वस्थ होने की हमसब कामना करते हैं। मुकुंद नायक कुछ दिन पहले सर्वाइकल की तकलीफ से पीड़ित थे, जिसका ऑपरेशन किया जाना जरूरी था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संस्कृति मंत्रालय को नायक के स्वास्थ्य की देखभाल करने के निर्देश दिए हैं। संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुकुंद नायक के उपचार में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए।



## सीसीएल कई कॉरपोरेट अवाड्र्स से हुआ सम्मानित




नवीन मेल संवाददाता। रांची

कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का 50वें स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कोल इंडिया में आयोजित समारोह में सीसीएल को हाईएस्ट डिपार्टमेंटल कैपेसिटी यूटीलाइजेशन, एम्पलॉई वेलफेयर, सीएसआर एवं क्लीनलीनेस ऑफ कॉलोनी मेंटेनेंस एवं सीएसआर एक्सपेंडिचर में द्वितीय पुरस्कार मिला। इसके अलावा व्यक्तिगत केटेगरी में विजिलेंस एक्सीलेंस अवार्ड बिमल कुमार को, इंडिविजुअल एक्सीलेंस अवार्ड एसके सिंह को, बेस्ट एचओडी का अवार्ड, अजय सिंह को, बेस्ट एरिया जीएम अजय सिंह को दिया गया। मौके पर केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी; सचिव, कोयला मंत्रालय, विक्रम देव दत्त, अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय रूपिंदर बरार, अतिरिक्त सचिव कोयला मंत्रालय विस्मिता तेज, कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, निदेशक (पी एंड आईआर)विनय रंजन, निदेशक (व्यवसाय विकास), देबाशीष नंदा, निदेशक (विपणन), मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त), मुकेश अग्रवाल; मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी तथा सीसीएल के सीएमडी एनके सिंह एवं विभिन्न कंपनियों के सीएमडी सहित कोल इंडिया तथा सीसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सर्दियों में महिलाएं त्वचा के रूखेपन का अधिक होती हैं शिकार

# खान-पान बेहतर और त्वचा को मॉइस्चराइज रखें : डॉ प्रतीक

काजल मेहता

**रांची।** सर्दियों में त्वचा रूखी हो जाती है। वातावरण का तापमान कम होने की वजह से त्वचा में नमी कम हो जाती है, जिससे त्वचा में रूखापन आ जाता है। रूखी या खुश्क त्वचा को मेडिकल भाषा में जेरोडर्मा कहते हैं।

ठंड के मौसम में खुश्क त्वचा की समस्या या परेशानी सभी व्यक्ति को होती है, मगर महिलाओं में यह ज्यादा देखने को मिलती है। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि अमूमन महिलाएं सुबह से ही रसोई के काम, बच्चों के काम और कपड़े धोने जैसे कामों में व्यस्त हो जाती हैं। महिलाओं को इन सभी कामों से किसी मौसम में राहत नहीं मिल पाती है। इन सभी कामों के बीच अपनी त्वचा का ख्याल रखना महिलाओं लिए मुश्किल हो जाता है। रूखेपन से कैसे बचें, त्वचा को कैसे स्वस्थ रखें और कैसे सर्दियों में त्वचा का ख्याल रखें, इस विषय

**महिलाएं रखें अपना ख्याल**

पर हमने बात की स्किन एक्सपर्ट डॉ प्रतीक से। उन्होंने त्वचा के रूखेपन से बचने के लिए घरेलु नुस्खों के साथ कई उपाय बताए। सर्दियों में त्वचा में रूखापन आने के पीछे कई कारण हैं। इनमें बहुत ज्यादा नहाना या स्क्रब करना, लंबे समय तक गर्म पानी से नहाना, शरीर में विटामिन डी, विटामिन ए, नियासिन, जिंक या आयरन की कमी होना, सर्दी के दिनों में लापरवाही जैसे ठंड में बिना गर्म कपड़ों के निकलना, नहाने के बाद शरीर और चेहरे पर नारियल तेल या किसी मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल नहीं करना आदि शामिल हैं। महिलाएं देर रात में बर्तन भी साफ करती हैं, जिससे उनका हाथ देर तक भीगा रहता है। दिन में कपड़े धोने का सिलसिला भी घंटों तक चलता है और इस बीच वे ठंडे पानी के संपर्क में रहती हैं। इससे भी त्वचा में रूखापन आता है। देर तक ठंडे पानी में रहना त्वचा में रूखापन आने का एक बड़ा कारण है। महिलाओं को सावधानी बरतनी चाहिए कि वे सर्दियों में देर तक ठंडे पानी के संपर्क में न रहें।



**डॉ प्रतीक का संदेश**

सब व्यक्ति अपनी त्वचा का ख्याल रखें। त्वचा एक आईना है, जिससे पता चलता है कि आप भीतर से स्वस्थ हैं या नहीं। नियमित रूप से व्यायाम करें। समय पर भाजन करें। ये सब करेंगे, तो आप स्वस्थ रहेंगे और मस्त भी रहेंगे।

**खान-पान का ख्याल रखना जरूरी :-**

सर्दियों में खान-पान का भी असर शरीर पर होता है। डॉ प्रतीक ने बताया, खान-पान को लेकर भी सर्दियों में सभी को ध्यान देना चाहिए। खासकर, महिलाओं को इस पर विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने खान-पान में दूध एवं हल्दी के सेवन का शामिल करना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। नट्स एवं एवोकाडो खाना सर्दियों में लाभदायक होता है। डॉ प्रतीक ने कहा कि चावल, दाल, हरी सब्जी, फल, अखरोट, किशमिश का सेवन फायदेमंद है। उन्होंने कहा कि मधुमेह के मरीज अपने फिजिशियन की सलाह पर ही फल या अन्य चीजों का सेवन करें। ये सब शरीर को भीतर से तंदुरुस्त रखेंगे और जब शरीर अंदर से स्वस्थ रहेगा, तो त्वचा में चमक भी रहेगा।

**डिटर्जेंट के प्रयोग से पहले ग्लव्स पहन लें :-**

डॉ प्रतीक ने कहा, त्वचा के रूखेपन से बचने के लिए स्नान करने के तुरंत बाद मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें। जैसे बचपन में सरसों का तेल शरीर पर लगाया करते थे, वैसे ही सरसों का तेल लगाएं। नारियल तेल, मलाई, शहद, ग्लिसरीन या एलोवेरा जेल भी लगा सकते हैं। नहाने के पानी में ओटमील का पाउडर मिलाने या ओटमील वाली क्रीम का इस्तेमाल करने से भी रूखेपन से राहत मिल सकती है। वहीं, हाथ और पैर के चमड़े सख्त होते हैं। इसके लिए बेहतर क्रीम, जो त्वचा के अनुसार हो, उसका इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा महिलाएं डिटर्जेंट को डायरेक्ट ना छुएं। वे डिटर्जेंट के प्रयोग से पहले हाथों में ग्लव्स पहन लें। ग्लव्स नहीं है, तो नारियल या सरसों तेल का इस्तेमाल करें।

डॉ प्रतीक ने कहा, जब हाथों में ज्यादा परेशानी हो, त्वचा फट रही हो, तो चर्म रोग विशेषज्ञ के पास जाएं। सर्दियों में सूती कपड़े पहनने से खुजली जैसी परेशानी नहीं होती है, इसलिए अधिक से अधिक सूती कपड़े ही पहनें। नहाने के बाद शरीर को पूरी तरह सूखने दें, उसके बाद ही कपड़े पहनें। बेल्ट अधिक टाइट नहीं लगाएं और चुस्त कपड़े नहीं पहनें। सर्दियों के समय दस्ताने और मोजे का इस्तेमाल जरूर करें। सर्दियों में नायलोन और टेरीकॉट के कपड़े नहीं पहनने चाहिए। इसकी जगह पर सूती कपड़े का इस्तेमाल करना चाहिए। गर्भवती महिलाएं विशेषतौर पर सूती कपड़ों का ही इस्तेमाल करें।

**शराब के सेवन पर रखें काबू :-**

डॉ प्रतीक ने कहा कि सर्दियों में शराब की सिर्फ दो चम्मच ही दवा का काम करती है। लेकिन, जिन्हें शराब पीने की लत है, वे अपने आप पर काबू रखें। ज्यादा गर्म या ज्यादा ठंडा शराब पीना भी हानिकारक साबित हो सकता है।

## एक नजर

### ओरमांझी में विवाहिता ने फांसी लगाई, पति के खिलाफ केस दर्ज

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र की एक नवविवाहिता ने रविवार की रात अपनी ससुराल गुरुपांचा गांव में फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका 19 वर्षीया निशु कुमारी का इसी वर्ष नौ जुलाई को करण कुमार मुंडा के साथ शादी हुई थी। निशु का मायका रामगढ़ के कोइरीटोली में है। सूचना मिलने पर निशु का भाई राहुल मुंडा ने अपने बहनोई के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूचना मिलने पर ओरमांझी पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### ग्रामीणों ने समपार फाटक खोलने के लिए सीओ को मांग पत्र सौंपा

**इटकी।** इटकी स्टेशन के पास बंद समपार फाटक खोलने की मांग को लेकर ग्रामीणों की एक सात सदस्यीय टीम ने मंडल रेल प्रबंधक दक्षिण पूर्व रेलवे हटिया के नाम सीओ मो अनीश और थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को एक पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जब तक इटकी स्टेशन के पास फ्लाईओवर का निर्माण नहीं होता है तबतक समपार फाटक बंद नहीं किया जाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा अंडरपास सुनसान जगह पर बनाया गया है, जहां पर लोग आवागमन करने में असहज महसूस करते हैं। वहीं लूट, छिनतई और स्कूली बच्चियों के साथ छेड़छाड़ का हमेशा भय बना रहता है। सात नवंबर को विभाग और ग्रामीणों की वार्ता में समपार फाटक खोलने का समाधान नहीं निकाला गया तो आठ नवंबर से पुनः ग्रामीण उग्र आदोलन करने पर बाध्य होंगे। मांगपत्र सौंपने में आजसू के जिला सचिव मुर्तजा आलम, पूर्व उप प्रमुख उरुज अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पम्पू इकबाल, फजले अंसारी, हुसैन अंसारी और तस्लीम अंसारी शामिल थे।

### झारखंड की टीम नेहरू हॉकी के सेमीफाइनल में पहुंची



**रांची।** झारखंड की टीम राष्ट्रीय नेहरू अंडर-17 बालिका हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए मैच में झारखंड ने ओएनटीएचए/ एचपीसी (ओडिशा नवल टाटा हॉकी एकेडमी), भुवनेश्वर को 1-0 से पराजित किया। इस मैच में एक मात्र गोल सीमा तिर्की ने किया। राजमणि कुमारी को बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व सीएम गर्ल्स हाई स्कूल, सिमडेगा की खिलाड़ी कर रही हैं। इसमें सभी खिलाड़ी खेल विभाग द्वारा संचालित खेल केंद्र की हैं।

## होम वोटिंग से वृद्ध व दिव्यांगजनों ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड में 2024 मांडर विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार प्रखंड के कुल 31 लोगों के होम वोटिंग के तहत प्रखंड के कर्मचारियों एवं बीएलओ के सहयोग से उनके घर पर जाकर मतदान कराया गया। मतदान केंद्र संख्या 269 में 100 वर्षीय गणेश सिंह ने भी अपना मतदान अपने घर पर किया। वहीं बेड़ो प्रखंड के बेड़ो में मतदान केंद्र संख्या 233 में 96 वर्षीया रमिया उराईन एवं बूथ संख्या 231 में 92 वर्षीया कांति अम्बष्ठ ने अपने मतों का प्रयोग किया। उन्हें बीएलओ एवं अन्य कर्मियों की मदद से उनके घर जाकर मतदान कराया। मतदान करने के बाद गणेश सिंह, रमिया उराईन एवं कांति अम्बष्ठ ने खुशी जताई। कहा कि उन्हें लगातार दूसरी बार मतदान करने का अधिकार मिला। उन्होंने चुनाव आयोग के होम वोटिंग के प्रति अपना आभार प्रकट किया। होम वोटिंग कराने में बीएलओ सरस्वती देवी, सल्याणी धान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मतदान करने वालों में 31 लोग शामिल थे।

## अपनी संस्कृति और देश के स्वाभिमान के लिए दें भाजपा को वोट : डॉ मोहन यादव



**नवीन मेल संवाददाता।खलारी।**
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने रांची जिले के खलारी की जनता से अपील किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी संस्कृति के लिए और देश के स्वाभिमान के लिए वोट दें। वे कांके विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी डा जीतूचरण राम के पक्ष में खलारी के एसीसी क्लब मैदान में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने आए थे। अपना भाषण आरंभ करते हुए डा मोहन यादव ने कहा कि, मैं महाकाल की नगरी से आता हूं और जानकारी मिली है कि यहां भी पहाड़ी बाबा हैं, उन्हें प्रणाम करता हूं। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के पीछे कुछ और लोग हैं। केवल सत्ता पकड़ने के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं। कहा कि इस राज्य को ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त है, जहां हरे भरे वन और तरह तरह के खनिज की खाने हैं। बांग्लादेशी घुसपैठ की चर्चा करते हुए कहा कि जेएमएम व कांग्रेस की सरकार झारखंड में बांग्लादेशियों को लाकर यहां के लोगों के घर-मकान, दुकान, रोजगार व खेत पर कब्जा दिला रहे हैं। घुसपैठ का यही हाल रहा तो इनलोगों ने जो कश्मीर में किया था वह झारखंड में करेंगे। मोहन यादव ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य बनाया था। तब उन्होंने घोषणा की थी कि झारखंड देश का नम्बर वन राज्य होगा। लेकिन बेईमानों की सरकार आ गई। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बेईमानी और ईमानदारी का चुनाव है। इस राज्य के मुख्यमंत्री जेल की सजा काट कर आ रहे हैं। कहा कि यह रामराज्य की कल्पना करने वाला देष है। यहां देव संस्कृति है। केंद्र सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ। मुस्लिम माताओं बहनों के हितों की रक्षा के लिए तीन तलाक समाप्त करने के लिए कानून बना। मोदी जी के नेतृत्व में दुनिया में 11वें स्थान से आज भारत 5वें स्थान पर आ गया है। सभा की अध्यक्षता भाजपा के खलारी मंडल अध्यक्ष अनिलकुमार गंझू तथा संचालन अरविन्द सिंह ने किया। सभा को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ, विधायक समरी लाल, प्रत्याशी डा जीतूचरण राम सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## न्यूज | बॉक्स

### आज सिल्ली में जयराम महतो की महासभा



सिल्ली। राज्य में विधानसभा चुनाव का माहौल गर्म है। सभी राजनीतिक दल अपने रणनीति के अनुसार से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। मतदाता भी अपने अच्छे प्रत्याशी को टटोलने में लगे हुए हैं। इस बीच झारखंड की नई नवेली पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। जनसंपर्क चला रहे है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र काफी होट और चर्चित बना हुआ है। आज मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो का आगमन है। जयराम का सभा पतराहातू मैदान सिल्ली में सुनिश्चित है। महासभा के प्रचार प्रसार हेतु क्षेत्र में कल सोमवार को बाइक रैली निकालते हुए जन समर्थन का अपिल किया गया। रांची जिला महिला अध्यक्ष पार्वती कुमारी ने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष का विधिवत तरीके से भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि हजारों की भारी भीड़ पतराहातू मैदान में जुटेगी। प्रशासनिक अनुमति के साथ संपूर्ण तैयारी कर लिया गया है।

### बूथ संख्या 101 में चुनाव को लेकर सम्मेलन का आयोजन



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर काटाडीह गांव में सोमवार को गौरी नाथ महतो की अध्यक्षता में बूथ संख्या 101 में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। वही सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बुथ में सक्रिय भूमिका निभाने का चर्चा किया गया साथ ही साथ क्षेत्र में कार्यकताओं को एक साथ मिलकर लोगों को वोट के बारे में जानकारी देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पंचायत प्रभारी धनेश्वर व शिशुपाल गणेश, गीता श्री, त्रिभुवन, शीला देवी, देव श्री, रमेश, सुनील, मधु, करमचंद, गुलाबी देवी, लकी मनी देवी, दशरथ, नकुल, दिलेश्वर, सादराना पंचमी देवी, राकेश, केदार, नेपाल, सोमवारी, नूरी, निशा, रिचा देवी, अजीत मुंडा, पशुपतिनाथ सभी उपस्थित हुए

### सोहराई जतरा का किया गया आयोजन




चान्हो। 21 पड़हा सोहराइ जतरा का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें विभिन्न गांव के लोग अपने अपने प्रतीक चिह्न के साथ शामिल हुए। मौके पर बोलते हुए चोरेया के मुखिया रेखा सांगा ने कहा कि जतरा हमारी संस्कृति का प्रतीक है। जतरा में मांडर विधानसभा के प्रत्याशी गुना भगत भी शामिल हुए। जतरा का संचालन वीरेंद्र उरांव ने किया। मौके पर अध्यक्ष महादेव उरांव, सचिव राजू उरां व, पूर्व मुखिया भंगा उरां व, चमरा उरांव, अरविंद सिंह, मनोज किस्पोट्टा, हेमंत कच्छाप, प्रकाश उरां व, दिलीप उरां व, रंका, शंकर, राजेंद्र मुंडा, नरुवा, दिनेश राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दिनभर पानी में खोजती रही एसटीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम, नहीं मिली बच्ची

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र की सिरका पंचायत के महेशपुर स्कूल के पास स्थित तालाब में सोमवार को आठ वर्षीय बच्ची सुप्रिया नहीं मिली। सोमवार को दिन के 11 बजे एसटीआरएफ की टीम महेशपुर पहुंची। इसके बाद शव को खोजने का प्रयास किया गया, परंतु सफलता नहीं मिली। इसके बाद शाम लगभग चार बजे एनडीआरएफ की टीम भी घटनास्थल पहुंची। करीब 20 से 25 लोगों का दल बच्ची को खोजने का प्रयास किया, परंतु सफलता हाथ नहीं लगी। अंधेरा होने के कारण अब मंगलवार को पुनः एनडीआरएफ की टीम बच्ची को खोजने का प्रयास करेगी। सूचना मिलने पर पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामकुमार पाहन, कामेश्वर महतो और दुर्गा महतो दिन भर घटनास्थल पर डटे रहे।

### सूर्य उपासना के चार दिवसीय छठ महापर्व की तैयारियां पूरी

## आज नहाय-खाय से शुरू होगा छठ व्रतियों का महापर्व



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो और लापुंग प्रखंड में सूर्य उपासना एवं लोक आस्था के छठ महापर्व की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंगलवार को नहाय खाय के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का अनुष्ठान शुरू किया जाएगा। बेड़ो प्रखंड के बेडो, तुको, खुखरा,पाकलमेडी, खत्री खटंगा, पुरियो, फादिल मरचा, हरिहरपुर जामटोली, जरिया, पंडरा जमनी जहानाबाज,मासू, मुडामु, मुरतो, महुगांव सहित दर्जनों गांवों सहित लापुंग प्रखंड के ककरिया, दोलैचा, लालगंज फतेहपुर, दानेकेरा, महुंगाव, सुकुरहुटू परसा बड़काकुरा सहित दर्जनों गांवों छठ महापर्व की व्यापक तैयारियां की गई है। बेड़ो और लापुंग प्रखंड में पहले दिन व्रत करने वाली महिलाएं एवं पुरूष अंतःकरण की शुद्धि के लिए विभिन्न तालाबों जलाशयों एवं नदियों में पवित्र स्नान करेंगे। इसके बाद छठ महाव्रत का अनुष्ठान का शुभारंभ करेंगे। मंगलवार को छठव्रती स्नान ध्यान के बाद चार दिवसीय छठ महापर्व के लिए संकल्पित होकर अरवा चावल, चने की दाल, कद्दू की सब्जी शुद्ध घी और सेंधा नमक से तैयार करेंगी। भगवान सूर्य नारायण को भोग लगाने के बाद खुद प्रसाद ग्रहण करेंगी। इसके बाद पूरे दिन और अगले शाम तक उपवास रहकर खरना पूजा की तैयारी करेंगी। सोमवार को छठ महापर्व के लिए आवश्यक खरीदारी की गई। छत पर महिलाओं ने गेहूं को धोकर सुखाया। अगले दिन परंपरागत रूप से जांता में पिसकर ठेकुआ की तैयारी करेंगी।

## भाजपा का आरोप : नेताओं का किया जा रहा फोन टैप, चुनाव आयोग से की शिकायत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और ज्ञापन सौंपा कि भाजपा नेताओं का फोन टेप किया जा रहा है। सुधीर श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर पुलिस के उच्च पदाधिकारियों द्वारा भाजपा के नेताओं एवं पदाधिकारियों का फोन टेप किया जा रहा है। केवल फोन ही नहीं बल्कि भाजपा नेताओं की रेकी की जा रही है। भाजपा नेताओं के आवास एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर छापेमारी करने की योजना बनायी जा रही है। श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के पास इस बात के पक्के सबूत हैं कि उनके नेताओं का कैसे फोन टेप हो रहा है। चुनाव के दौरान किसी व्यक्ति का फोन टेप करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। साथ में आर पी एक्ट की धारा 123 (7) के तहत अपराध है। ऐसा करना भारतीय टेलीग्राफ एक्ट की धारा 5(2) के तहत भी अपराध है। बिना पुलिस के उच्च अधिकारियों के यह फोन टैपिंग संभव नहीं है। फोन टैपिंग में राज्य के आला अधिकारी भी शामिल हैं।


## बेड़ो में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह घायल, पांच रिम्स भेजे गए



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग स्थलों पर हुई सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें पांच घायल को रिम्स रेफर कर दिया गया। दोनों घटना बेड़ो लोहरदगा पथ पर हुईं। जिनमे दोपहर साढ़े चार बजे करांजी देवी मंडप के समीप फो बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जिनमें दिघिया निवासी मुकेश ठाकुर 22 वर्ष व दूसरी बाइक पर सवार घायल में चचगुरा गांव निवासी सुखदेव उरांव 55 वर्ष व उनकी पत्नी चारी उराइन 45 वर्ष के नाम शामिल हैं। जिनमे सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद डॉ कुसुमलता ने रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना तुको गांव के कब्रिस्तान के पास की है। जहां चट्टी के एंजिकल लूथरन चर्च में शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर लौट रहे ऑटो को पीछे से एक अज्ञात ऑटो द्वारा धक्का मार दिऐ जाने से एक ऑटो सड़क के किनारे पलट गई। जिससे ऑटो पर सवार दिघिया मिशन निवासी जॉन्सन मिंज 48 व मधु केरकेट्टा 48 वर्ष व सरिता कुजूर 32 वर्ष कुदरखो गांव निवासी घायल हो गई। जिन्हें बेड़ो की पूर्व जिप प्रत्याशी रही अंजली कच्छप ने अपनी वाहन से अपूर्व खन्ना की मदद से सभी घायलों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।

### उपायुक्त ने हटिया के मतदान बूथों का किया निरीक्षण

## मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने सोमवार को आगामी विधानसभा सभा को लेकर 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथ यथा- लोयला स्कूल बूथ संख्या- 446, 447, 449, लोरेटो स्कूल नार्थ ऑफिस पाड़ा बूथ संख्या- 385 से 394, रा. म. विद्यालय बीएमपी -1 डोरंडा बूथ संख्या- 370, 371, 372, मॉडल उच्च विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या- 373, 374 एवं शांति देवी मध्य विद्यालय डोरंडा बूथ संख्या- 356 से 359, राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय नया लटमा बूथ संख्या-431 से 433, आंगनबाड़ी केंद्र चोरया बूथ संख्या- 430 का निरीक्षण किया। सभी मतदान केंद्रों पर सभी व्यवस्था का जायजा लेते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को ससमय मतदान बूथों पर सभी व्यवस्था पूरा कराने का निर्देश दिया ताकि मतदाताओं को मतदान के समय किसी प्रकार की समस्या नही हो। इस दौरान 64- हटिया निवार्ची पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक एवं अंचल अधिकारी अरगोड़ा, सम्बंधित बीएलओ मौजूद थे।

### सभी मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन द्वारा 64- हटिया के विभिन्न मतदान बूथों का भौतिक निरीक्षण करते हुए मतदान में एएमएफ सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान बूथों में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित रूप से हो यह सभी सम्बंधित अधिकारी पहले से सुनिश्चित कर ले।

### बीएलओ से मतदाता पर्ची बांटने की जानकारी ली

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने मतदान बूथों पर उपस्थित बीएलओ से जानकारी लेते हुए पूछा की सभी मतदाताओं को उनके घर में मतदाता सूची का वितरण किया जा रहा है ना। साथ ही उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की सभी मतदाताओं को पर्ची बांटने के साथ उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़े।

### डीसी ने मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण, कहा

## सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित हो, मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन सोमवार को मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला नजारत उप समाहर्ता, जिला खेल पदाधिकारी, ईवीएम नोडल पदाधिकारी, एलआरडीसी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, बिवेक सुमन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सम्बंधित सभी नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी हो की प्रथम चरण में 13 नवम्बर को 5 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव है जो - 58- तमाड़, 63- रांची, 64- हटिया, 65- कांके, 66- मांडर में चुनाव है, जिसके लिए 12 नवंबर 2024 को सामग्री डिस्पैच होना है। द्वितीय चरण में मतदान 20 नवंबरको विधानसभा क्षेत्र 61- सिल्ली, 62- खिजरी में चुनाव होना है जिसको लेकर 19 नवम्बर 2024 को ही सामग्री का वितरण होगा।

### सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित हो

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित हो एवं मतदान कर्मियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसको लेकर सभी तैयारी समय से पूरा कर ले। उपायुक्त रांची द्वारा सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदान कर्मियों के बैठने, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था पहले से दुरुस्त रखें ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हो।

उपायुक्त रांची द्वारा मतदान कर्मियों के लिए वाहन की भी समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया गया ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने मतदान कर्मियों के भोजन की व्यवस्था (भुगतान के आधार पर) खाने के स्टॉल लगाने को कहा ताकि कम कीमत पर उन्हें भोजन मिल सकें इसके खरछढर के द्वारा संचालित दीदी किचन के द्वारा व्यवस्था कराने को कहा।

## शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू पहुंचे भाजपा प्रदेश कार्यालय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
शहीद सिदो कान्हु के वंशज मंडल मुर्मू का प्रदेश भाजपा कार्यालय में स्वागत हुआ। बीजेपी ने इस मौके पर कहा कि झारखंड की पहचान और अस्मिता की रक्षा के लिए भाजपा की सदस्यता इन्होंने ली है। वहीं मंडल ने कहा कि भाजपा ही आदिवासी सम्मान और अस्मिता की रक्षा करेगी। वहीं असम सीएम हिमंता सरमा ने कहा कि हेमंत सोरेन भटक गये हैं। इसीलिए वो यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। कहा कि आदिवासी समाज की रीति नीति परंपरा ,शासन व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। लेकिन हेमंत सोरेन बताएं क्या चार चार शादियां, बाल विवाह जैसी व्यवस्था क्या है। तुष्टिकरण के कारण आज संथाल परगना के भविष्य का निर्णय घुसपैठिए कर रहे। हेमंत सोरेन घुसपैठियों के खिलाफ बोलने पर चुनाव आयोग में शिकायत करते हैं। जेएमएम घुसपैठियों की पार्टी बन गई। वहीं, लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि कांग्रेस को पता नहीं है कि झारखंड के आदिवासी समाज की वीरता का इतिहास क्या है।

## रांची शहर में एक लाख बांग्लादेशी : संजय सेठ



*बीजेपी के आने पर झारखंड का चौतरफा विकास होगा और युवाओं को रोजगार भी मिलेगा*

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार में रक्षा राज्यमंत्री सह स्थानीय सांसद संजय सेठ ने कहा कि वे विश्वास से कह रहे हैं कि केवल रांची शहर में एक लाख बंगलादेशी रह रहे हैं। दिन भर प्लास्टिक चुनने, दिहाड़ी करने के बाद रात में यही लोग छिनतई का काम करते हैं। हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। इस सरकार ने युवाओं, महिलाओं और किसानों के साथ छल किया है। हेमंत सोरेन द्वारा पांच साल पहले किया एक भी वादा पूरा नहीं हो सका। यह सरकार बालू, कोयला, खनिज के साथ-साथ सेना और आदिवासियों की जमीन लूट ली। समरीलाल ने कहा कि भाजपा की सरकार बनी तो खलारी को अनुमंडल घोषित किया जाएगा। कहा कि खलारी की जनता 1990 से भाजपा को अधिक मत दिलाते रही है। इस बार भी यह रिकार्ड कायम रहेगा।

### खलारी में कार्यकर्ता के घर मोहन यादव ने किया भोजन

खलारी में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भाजपा कार्यकर्ता रामसूरत यादव के घर दोपहर का भोजन किये। उनके साथ संजय सेठ, समरीलाल व जीतूचरण राम भी थे। इस दौरान कार्यकर्ता के परिवार वालों से भी मिले। इधर मंच पर पहुंचने पर एक बालक अनिरुद्ध पांडेय (5 वर्ष) ने मोहन यादव को गुलाब भेंटकर स्वागत किया। मोहन यादव के हेलीकॉप्टर से मंच पर आने के दौरान भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता पंक्ति में स्वागत के लिए खड़े थे। मुख्यमंत्री मोहन यादव बारी बारी से सभी से मिले और भेंट स्वीकार किए। श्री यादव ने कहा कि जिस तरह से झारखंड में बीजेपी के कार्यकर्ता अपने कार्यों में जुटे हुए हैं इससे साबित होता है इस बार झारखंड में बीजेपी की सरकार बनकर रहेगी।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार करें : मनोरंजन

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में सोमवार को व्यवहार न्यायालय स्थित जिला न्याय सदन सभागार में झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पारा लीगल वॉलेंटियर्स के साथ सोमवार को बैठक हुई। यह कार्यक्रम प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अध्यक्ष गुलाम हैदर के निर्देश के आलोक में हुआ। प्राधिकार के प्रभारी सचिव मनोरंजन कुमार ने पारा लीगल वॉलेंटियर्स को कई प्रकार की कानूनी प्रावधानों और प्राधिकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी ' बैठक में पारा लीगल वॉलेंटियर्स को निर्देश दिया गया कि 14 दिसंबर को व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार अपने- अपने क्षेत्र में करें। पक्षकारों को समझा -बुझाकर अपने अपने मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निष्पादित कराने के लिए प्रेरित करें।

### विधानसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा

**कोडरमा ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज के निर्देश पर सोमवार को विधानसभा चुनाव को सफलतापूर्वक संचालित कराने इंजीनियरिंग कॉलेज कोडरमा में मतदान कार्य के लिए प्रतिनियुक्त पोलिंग पार्टी का प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा। पोलिंग पार्टियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयडिया और वरीय पदाधिकारी प्रशिक्षण कोषांग सह डीडीसी ऋतुराज ने निरीक्षण किया। प्रशिक्षण में पदाधिकारियों को उनके दायित्व, सेक्टर पदाधिकारी द्वारा पोलिंग पार्टी, रिटर्निंग ऑफिसर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में किए जाने वाले कार्य की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर्स ने दी। पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन कार्य बहुत ही संवेदनशील कार्य है।

### झामुमो की बैठक में राजद प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा

**मरकच्चो।** प्रखंड के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानीकेंद बिरसा मुंडा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड इकाई की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यकताओं ने महागठबंधन के पक्ष में प्रचार प्रसार कर सरकार के द्वारा किए गए विकास योजनाओं को जन जन तक पहुंचने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ता६ओं ने कहा कि हेमंत सरकार से हीं झारखंड का विकास संभव है, इसलिए हम सभी को महागठबंधन से राजद प्रत्याशी सुभाष यादव के पक्ष में सहयोग करने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय समिति सदस्य घनश्याम सिंह घटवार ने किया, जबकि संचालन पंचायत अध्यक्ष झरी राय ने किया। मौके पर नूनमन सिंह, दीपक राय समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

कांग्रेस के समर्थन में महागठबंधन की हुई सभा, भाजपा पर बोला हमला

# बीजेपी को झारखंडियों से नहीं यहां के धन से है प्यार : कल्पना



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड मैदान बरही में कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में महागठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन की जनसभा हुई, जिसमें हजारों की संख्या में महिला पुरुष व युवा सहित कई स्थनीय, जिला व राज्यस्तरीय नेता शामिल हुए. अपराह्न हेलीकॉप्टर लैंड करते ही हेलीकॉप्टर देखने के लिए भगदड़ मच गई. कांग्रेस प्रत्याशी श्री साहू ने मुख्यातिथि की अगुवाई कर मंचासिन करवाया. जहां मंचासीन लोगों ने मुख्यातिथि को बुके देकर स्वागत किया. स्व तिलेश्वर साहू की पत्नी व कांग्रेस प्रत्याशी की मां साबी देवी ने अपने पति के बलिदान के लिए बरही के मतदाताओं एक वोट बतौर सच्ची श्रद्धांजलि मांगा. कांग्रेस प्रत्याशी श्री साहू ने निवर्तमान विधायक को जनविरोधी कार्य के कारण पार्टी से टिकट नहीं मिलने की बात कही. उन्होंने कहा कि 10 वर्षों तक पानी की टंकी नहीं चालू करने वाले विधायक से विकास की अपेक्षा करना ही बेईमानी होगी. भाजपा उम्मीदवार पर तंज कसते हुए कहा कि चार टर्म बरही का विधायक होने के बाबजूद बरही में महिला कॉलेज, बस स्टैंड, ट्रैफिक, सिंचाई, पेयजल आदि समस्या बरकरार है. उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उनके कार्यकर्ताओं को धमकी और चमकी दे रहे है, जो अब नही चलेगा. अपने 17 मिनट के भाषण के दौरान मुख्यातिथि श्रीमती सोरेन ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि 20 वर्षों तक झारखंड में राज्य करने वाली भाजपा को झारखंडियो से नहीं झारखंड के धन से प्यार है. तभी तो यहां के पिछड़े जातियों को मिलने वाले 27 फीसदी आरक्षण को घटाकर 14 फीसदी किया, जिस हेमंत सरकार ने पुनः 27 फीसदी करने की अनुशंसा कर केंद्र को भेजा है. राज्य के रॉयल्टी के 1.34 करोड़ रुपए रोक कर रखा है. उन्होंने श्री साहू के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि बरही विस की धरती शहीद तिलेश्वर साहू की धरती है. जहां साहू परिवार ने तन मन और धन समर्पित किया है. मतदाताओं से युवा प्रत्याशी श्री साहू के पक्ष में वोट देकर हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने वाली सरकार को सहयोग करने की अपील की।

# शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकला मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर अनेक स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह को बढ़ाने तथा मतदान के दिन बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च का आयोजन रविवार की देर शाम किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए है। गत रात्रि मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में शहरी मतदाताओं महिला, पुरुष, छात्र छात्राओं, युवा, वृद्ध सभी ने इस कैंडल मार्च में बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। इस दौरान सबों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मतदाता शपथ ग्रहण कराया गया। स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विधानसभा चुनाव के निमित्त मतदाताओं को मतदान के महत्ता के प्रति जागरुक करने व मतदान के दिन बूथों पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने की दिशा में जिला अंतर्गत विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च का आयोजन किया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ झारखंड ने दिया पूर्व सैनिक अरविंद ओझा को समर्थन



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सैनिक अरविंद ओझा ने हजारीबाग शहर के कई क्षेत्रों का दौरा किया। इसी क्रम में उनका समर्थन देने वेटरन ऑर्गेनाइजेशन आफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार ने अपने साथियों के साथ रांची से आकर उनको शुभकामनाएं दी और अपना समर्थन दिया । हजारीबाग क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग के इतिहास में पहली बार कोई पूर्व सैनिक चुनाव के मैदान में है।आज तक यहां की जनता ने नेताओं को चुना है एक बार देश के सैनिक को चुनकर देखें आपको कभी भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा । श्री ओझा हजारीबाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की ,साथ ही कहा कि एक बार हम पर विश्वास करके देखिए। सरकारी योजनाओं का लाभ जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। सरकारी कार्यालय में हो रहे खुलेआम भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाने के लिए मजबूती से अपनी आवाज विधानसभा में उठाऊंगा।सरकारी कार्यालयो में काम नहीं होने पर फौजी सिर्फ नाम ही काफी होगा।

### दुलमी प्रखंड की कुल्ही पंचायत में कार्यकर्ताओं ने ममता देवी को जिताने का लिया संकल्प



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने की। उन्होंने बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में ममता देवी को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान बजरंग महतो ने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर चुनाव प्रचार में जुटने की अपील की। उन्होंने ममता देवी के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि ममता देवी ने सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कार्यकताओं ने भी पूरी निष्ठा से ममता देवी जी के समर्थन में काम करने का वादा किया। इस अवसर पर बजरंग महतो ने कहा, रामगढ़ की जनता को ममता देवी पर विश्वास है और हमें एकजुट होकर इस विश्वास को और मजबूत करना है। हमें पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरना है ताकि ममता देवी जी को भारी मतों से जीत दिलाई जा सके। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं के संकल्प के साथ हुआ कि वे रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी की विजय सुनिश्चित करने के लिए मेहनत करेंगे।

### चुनाव को देखते हुए अंतरराज्यीय व अंतरजिला चेकनाकाओं में की जा रही वाहनों की जांच



**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय के निर्देयशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय एवम अंतरजिला चेकनाकाओं पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके मद्देनजर 24 गुणे 7 चेकनाका सक्रिय कर दिए गए हैं तथा सघनता से सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

### भाजपा क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही : सौरभ नारायण सिंह

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के समर्थन में प्रेस बंधुओं के साथ बात चीत की। सौरभ नारायण सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 10 साल से हजारीबाग विधानसभा तथा लोकसभा में भाजपा का शासन रहा है।इसके बावजूद भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है ।पिछले पांच सालों में महागठबंधन सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों और योजनाओं से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है।इ76स कारण जनता का समर्थन हमारे साथ हैं।

# विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ समापन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग में चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन सोमवार को हुआ। बता दें कि बीते 28 अक्टूबर से विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी के सहयोग से एनएसएस के बैनर तले सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत हुई थी। इसके तहत विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जागरूकता सप्ताह की अहमियत का जिक्र करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में पारदर्शिता, ईमानदारी और नैतिकता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध जागरूक करना और एक नैतिक व निष्पक्ष समाज के निर्माण के प्रति प्रेरित करना भी कार्यक्रम के उद्देश्यों में शामिल था।

मंजीत यादव के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाली गई मौन रैली

# अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो होगा वोट बहिष्कार : यादव समाज



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** मंजीत यादव के हत्याकांड को लेकर यादव समाज का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। सोमवार को यादव समाज के युवाओं ने शहर में मौन जुलूस निकाला और उसके बाद यादव समाज के जिले भर से आये हुए सभी वर्गों ने मधुवन धर्मशाला में बैठक की। रैली में शामिल लोग अपने हाथों मे तख्ती व बैनर लिए हुए थे जिसमें मंजीत यादव के हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने व फांसी की सजा देने की बातें लिखी हुई थी। साथ ही यदि अपराधियों की गिरफ्तारी नही होती है तो चुनाव बहिष्कार करने की भी बात बैनर मे लिखा हुआ था। इस रैली व बैठक के माध्यम से सभी लोगों ने एक स्वर मे जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा की मंजीत यादव के हत्या में शामिल नामजद आरोपियों के साथ साथ इस जघन्य अपराध में शामिल सभी को गिरफ्तार चुनाव से पहले करने की मांग की। यदि ऐसा नहीं होता है तो पूरे हजारीबाग का यादव समाज वोट का बहिष्कार करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय यादव समाज के जिला अध्यक्ष उमेश गोप ने कहा कि हम सबका कानून पर विश्वास है हम चाहते हैं कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही अपराधियों को सजा मिले लेकिन जिस तरह से जिला प्रशासन सुस्त रवैया अपना रहा है उससे समाज क्षुब्ध है। समाज के सभी लोगों का कहना है की यदि चुनाव तक इस हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित नहीं होती है तो हजारीबाग का यादव समाज इस विधानसभा चुनाव का बहिष्कार करने को बाध्य होगा।

### यूथ विंग ने दूसरी बार किया छठ व्रतियों में सूप, नारियल व पूजन सामग्री का वितरण



**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग ने सामाजिक और धार्मिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता को बरकरार रखते हुए सोमवार को छठ महापर्व के शुभ अवसर पर छठ व्रतियों के लिए सूप,नारियल और पूजन सामग्री का वितरण किया। यह आयोजन संस्था के द्वारा दूसरी बार आयोजित किया गया है। इस पहल के अंतर्गत व्रतियों को एक सूप, एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, माचिस, सुपारी और आरत पत्ता एवं माचिस प्रदान किया गया। ये सभी सामग्री केवल 11 रु के सहयोग राशि के रूप में, शगुन के तौर पर लिया गया। ज्ञात हो कि समाज में ऐसे कई परिवार हैं, जो आर्थिक कारणों से छठ पूजा नहीं कर पाते, परन्तु उनकी छठ मैया के प्रति गहरी श्रद्धा रहती है। इन परिवारों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, हजारीबाग यूथ विंग ने इस सेवा का आयोजन किया, ताकि सभी श्रद्धालु अपनी आस्था के इस पर्व में शामिल हो सकें। कार्यक्रम का आरंभ छठ मैया के जयकारों के साथ किया गया, जिसमें संस्था के संरक्षक, अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम का मंच संचालन हजारीबाग यूथ विंग के कोषाध्यक्ष सह कार्यक्रम सहसंयोजक रितेश खण्डेलवाल ने किया।

### निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी ने जनसंपर्क चलाकर मांगा वोट

**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा की धर्मपत्नी प्रीति जैन ने अपने पति के समर्थन में लगातार दूसरे दिन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझा और उनसे अपने पति के पक्ष में समर्थन की अपील की। इस जनसंपर्क में प्रीति जैन के साथ महिला समाज की कई महिलाएं शामिल हुईं और एकजुट होकर हर्ष अजमेरा की जीत के लिए लोगों से आशीर्वाद प्राप्त किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने नागरिकों से हर्ष अजमेरा के विचारों और उनके द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की। इस दौरान प्रीति जैन ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें युवाओं को रोजगार,स्वास्थ्य, जैसे विभिन्न समस्या को विषय प्रमुख रूप से रखा। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर्ष अजमेरा इन समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के लिए कृतसंकल्प हैं।

# भारत निर्वाचन आयोग से प्रतिनियुक्त विशेष प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली से प्रतिनियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह ने मतगणना के निमित्त बाजार समिति हजारीबाग में बनाए गए ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया मौजूद रही। मौके पर उन्होंने मतगणना स्थल में सुरक्षा,विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना के पूर्व तैयारियों के निमित्त बाजार समिति के स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने बज्रगृह सह मतगणना केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

# श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दूसरे दिन निकाली गई प्रभातफेरी




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर सोमवार को दूसरे दिन प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के दूसरे भी दिन बड़ी संख्या में सिख समुदाय के पुरुष और महिलाएं शामिल हुए। प्रभात फेरी में लोग साध संगत के साथ सबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे। सरदार अंगद सिंह चंडोक निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। कल तारण गुरुनानक आया, गणीव तेरी सिफत सच्चा पातशाह जैसे शबद से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रभातफेरी को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया. प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से निकल कर किला मंदिर पुराना बस स्टैंड होते हुए बिजुलिया स्व आज्ञाकार सिंह लांबा के निवास पहुंची। जहां लांबा परिवार के द्वारा समूह एवं संगत का स्वागत किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरुचरण सिंह छाबड़ा ने सरदार कंवलजीत सिंह लांबा को सिरोपा देकर सम्मानित किया। यहां लांबा परिवार ने संगत के लिए चाय और नाश्ते की व्यवस्था की। प्रभात फेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा, तेजिंदर सिंह सोनी, जोगेंद्र सिंह जग्गी, मनमोहन लांबा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, त्रिलोचन सिंह जास्सल, कुलजीत सिंह कालरा, अंकित कालरा, पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, गुरप्रीत सिंह, जगजीत सिंह जग्गी, राजू नंदा, अंगद चंडोक, गुरजीत. सिंह सलूजा, इकबाल सिंह, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, जसकीरत भाटिया, जगजीत सिंह, राजा कालरा, नीतू सिंह जस्सल, स्वीटी सोनी, चरणजीत जौली, सुमी जौली,, गुरबख्श कौर, रंजीत कौर मनप्रीत कौर सैनी, बलविंदर कौर,सतविंदर कौर आदि शामिल हुईं।

मनीष जायसवाल ने सदर विस क्षेत्र में झोंकी ताकत, कहा

# भाजपा की विकास नीतियों को आगे बढ़ाएं, प्रदीप प्रसाद को जिताएं



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इधर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क यात्रा को तेज कर दिया है। रविवार की शाम को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के को- ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, आर्या नगर और पतरातु बस्ती और सोमवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी जनसंपर्क सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ किया और लगातार अपनी पूरी ताकत झोंक रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अंबाडीह, मेरु, तरवा, हुटपा, लखैया, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारो, गौतम बिहार कॉलोनी और अमृतनगर का तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2 में कमल निशान पर मतदान करने की अपील की।

छठ महापर्व पर विधि व्यवस्था को लेकर उप विकास आयुक्त ने की बैठक, कहा

# सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस रखे कड़ी नजर

- घाटों पर बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था हो
- सभी घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधी सूचना पट्ट आवश्य लगाएं



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर सोमवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दामोदर, बिजुलिया तालाब एवं अन्य घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दिन यातयात की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने के मनसे से घाटों पर आए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान टोप्पो ने जिला मत्स्य पदाधिकारी रामगढ़ को बिजुलिया तालाब एवं दामोदर घाटों पर बोट एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छावनी परिषद से आये प्रतिनिधि को दामोदर नदी की धारा एवं जलस्तर को देखते हुए घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। रात्रि एवं भोर के समय छठ व्रतियों को घाट आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो के मद्देनजर श्री टोप्पो ने सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए वहाँ के समिति से समन्वय स्थापित कर लाइट की व्यवस्था कराते हुए समयानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत बोर्ड रामगढ़ को दिया। साथ ही घाटों पर आपातकालीन घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से घाटों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए सभी एम्बुलेंस ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन रामगढ़ को दिया।

# आज से नहाय-खाय के साथ लोक आस्था का पर्व छठ शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ का उत्साह अब चरम पर पहुंचता जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले पर्व की शुरूआत आज नहाय खाय के साथ शुरू होगी। वहीं 6 नवम्बर को खरना है। खरना में खीर का प्रसाद बनाया जाता है। 7 नवम्बर को शाम में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्यदान, 8 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्यदान किया जाएगा। इधर प्रिंस चौक पूजा पंडाल में भी भगवान भाष्कर की प्रतिमा स्थापित कर छठ पूजा की तैयारी जोरो पर है। प्रिंस चौक में नहाय खाय के साथ पुजा शुरू होगी और इसके बाद अधिवास पूजन, ध्वजारोपन, कलश स्थापना, प्रतिमा का अनावरण एवं खीर भोग का आयोजन किया जाएगा। मौके पर बताया गया कि नहाए खाए के मौके पर कद्दू प्रसाद का वितरण किया जाएगा जिसको लेकर सभी प्रकार की तैयारी की जा चुकी है समिति के अध्यक्ष रामकिशन केसरी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की बातें इस वर्ष भी धूमधाम के साथ छठ पूजा का आयोजन प्रिंस चौक स्थित पूजा पंडाल में नवज्योति नवयुवक संघ की ओर से की जा रही है। इसके अलावा गरजा स्थित शंख नदी संगम तट पर समिति की ओर से सभी प्रकार की तैयारी की जा रही है ,वही डिप्टीटोली तालाब एवं प्रखंड स्तर पर नदी एवं जलाशयों में भी युद्धस्तर पर तैयारी जारी है।

## छठ पूजा समिति के अध्यक्ष बने गोपाल कुमार



कोलेबिरा में छठ पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से गोपाल कुमार की अध्यक्ष, सुजल कुमार को उपाध्यक्ष, विशाल कुमार को सचिव, अंकित कुमार को उपसचिव, शिवम प्रसाद को कोषाध्यक्ष, प्रज्वल कश्यप को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं पूजा प्रभारी प्रियांशु कुमार, चाय प्रभारी दीपेश कुमार और हर्ष कुमार को बनाया गया। बैठक में छठ पूजा को लेकर विधि व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया गया। समिति के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने कहा कि रण बहादुर सिंह चौक कोलेबिरा से छठ घाट तक सड़क की सफाई, घाट की सफाई की जाएगी। छठव्रती महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की सुविधा बहाल की जाएगी। वहीं दूध का वितरण भी समिति द्वारा की जाएगी। पूरे छठ घाट परिसर को विद्युत सज्जा से सजाने का भी निर्णय लिया गया।

## सड़क निर्माण काम में लगे दो वाहनों में अज्ञात व्यक्ति ने लगाई आग

### जांच में जुटी पाकरटांड़ पुलिस



नवीन मेल संवाददाता

**पाकरटांड।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के थाना गेट के पास रविवार देर रात सड़क निर्माण कर रही विनोद कुमार जैन कंस्ट्रक्शन कम्पनी की गाड़ी में आग लग गई। इसके बाद अपना तो अफ्रीका माहौल हो गया मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा तुरंत पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हालांकि एक वाहन जल गया जबकि दूसरा वहां में हल्की क्षति हुई।विधानसभा चुनाव के दौरान चुनावी माहौल में अब इस तरह आगजनी की घटना कर क्षेत्र में अशांति फैलाने का प्रयास किसने और क्यों किया है। ये जांच का विषय है। पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया है कि मामले की छानबीन की जा रही है और उसी के आधार पर जो भी तथ्य सामने आएंगे उसे पर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। गौरतलब हो वीरू से लेकर रामरेखा धाम तक विनोद कुमार जैन नामक कंपनी के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर कर रही है। इसी बीच कंपनी में लगे वाहनों को आग के हवाले किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### कुरडेग प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का खुला चुनावी कार्यालय



**कुरडेग।** प्रखंड मुख्यालय में विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा का चुनावी कार्यालय खोला गया, जिसका उद्घाटन छतीसगढ़ तपकरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भरत साय के द्वारा विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर भरत साय ने कहा कि राज्य में जनता परिवर्तन चाहती है। इसलिए अबकी बार राज्य में एनडीए की सरकार बनानी है। और सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र से श्रद्धानन्द बेसरा को भारी से भारी मतों से विजय दिलाना है। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानन्द बेसरा वरिष्ठ कार्यकर्ता सुशील श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष मनोज साय मंडल अध्यक्ष सकलराम बड़ाईक,पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह,जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा,उपप्रमुख अजय जयसवाल, खिंडा मुखिया जगेश्वर प्रधान, महेश्वर साय, उमाकांत साय, उमेश जयसवाल, अनुज गुप्ता, रविन्द्र शर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तामड़ा डिपाटोली गांव में आपसी विवाद में एक व्यक्ति की हत्या



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र के तामड़ा डिपाटोली गांव में देर शाम शराब पीने के दौरान आपसी विवाद में गांव के ही अमृत लाल नामक व्यक्ति की पड़ोसी दिलीप तिर्की नामक व्यक्ति ने लकड़ी के टुकड़े से मार कर हत्या कर दी।मामले की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा सदर थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस गांव पहुँची एवं मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। वही आरोपी दिलीप तिर्की को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि अमृतलाल और दिलीप तिर्की सहित 10 लोग सामुहिक रूप से शराब एवं हड़िया पी रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर कहा सुनी हो और गुस्से में पास में लकड़ी के टुकड़े से उसकी माथे पर मार कर दिया जिससे कि उसे गंभीर चोट लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार कर पत्नी के लिखित शिकायत के आधार पर आरोपी को जेल भेज दिया।

### कोचेडेगा मायाटोली के पास सड़क हादसे में युवक की मौत



**सिमडेगा।** सिमडेगा मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचडेगा मायाटोली के पास मोटरसाइकिल सवार युवक ने रविवार देर रात पेड़ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे कि मौके पर युवक की मौत हुई। मृतक युवक की पहचान कोनमेजरा गिरजा टोली गांव निवासी मोजेन कल्लू के रूप में हुई । जानकारी देते हुए बहन ज्योति कुल्लु ने बताया कि उसका भाई घर से शाम में दोस्तों के साथ पार्टी करने के लिए निकला था और देर शाम तक नहीं लौटा इधर अचानक सोमवार की सुबह उन्हें मौत की सूचना प्राप्त हुई। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवक संत अन्ना उच्च विद्यालय सामटोली के दसवीं का छात्र था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई वहीं। इधर स्कूल प्रबंधन में भी मृतक को लेकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

## स्वर्ण जयंती वर्ष पर चलाया जन जागरण अभियान

**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष (1975-2025) के उपलक्ष्य में समाज में शिक्षा का संदेश फैलाने हेतु जन जागरण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान के तहत स्कूल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कॉपी वितरण और जागरूकता शिविर लगाए गए, जिसमें 200 से अधिक बच्चे और उनके अभिभावकों ने भाग लिया।अभियान की शुरूआत फुलवाटांगर, अरनी पंचायत में की गई, जहां 150 बच्चों और अभिभावकों को निःशुल्क कॉपियों का वितरण किया गया। इसके बाद भेडीकुंदर में 50 बच्चों और उनके अभिभावकों को कॉपियां दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा एक विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को प्रतिदिन स्कूल जाने के महत्व के बारे में समझाया गया। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे रोजाना स्नान कर, माता-पिता का आशीर्वाद लेकर स्कूल जाएं, जिससे उनकी दिनचर्या में अनुशासन और सकारात्मकता आए।

## सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया दौरा




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड विधान सभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत सामान्य प्रेक्षक सी रवि शंकर सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र एवं पुलिस प्रेक्षक रंजन टी सुसरा - सिमडेगा /कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र एवं समीर रैनियर खालखो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को निर्वाचन कार्य की समीक्षा के दौरान सिमडेगा जिला अंतर्गत मतदान केन्द्र संख्या 207 स्वामी श्रद्धानंद म०वि०, टैंसेरा एवं 196 रा०प्रा०वि० रिगड़ी मतदान केन्द्रों का दौरा किया गया। मतदान केन्द्र में भ्रमण के दौरान उनके द्वारा जनता के बीच संवाद करते हुए विभिन्न निर्वाचन कार्यों एवं मतदाताओं को उपलब्ध करायी गई मतदान पर्ची की समीक्षा की गई एवं आवश्यक जानकारी दी गई। सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक के द्वारा मतदाताओं को निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की गई एवं मतदान के अधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी शिकायत सीधे तौर पर उन्हें देने हेतु स्थानीय मुखिया एवं ग्रामीणों को अपना संपर्क नम्बर उपलब्ध कराया गया।

### डीसी व पुलिस अधीक्षक ने शंख नदी छठ घाट का किया निरीक्षण, कहा

## छठ महापर्व में श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं हो

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा सौरभ कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियों के मद्देनजर शंख नदी छठ घाट का निरीक्षण किया। घाट पर पहुंचकर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं को मिलने वाली आवश्यक मूलभूत सुविधा का जायजा लिया। छठ महापर्व में श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई असुविधा नहीं हो, इस हेतु नदी घाटों की ससमय साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मौके पर छठ घाटों का निरीक्षण कर उपायुक्त ने नगर निकाय के पदाधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी के मद्देनजर उन्होंने शंख नदी के छठ घाट की साफ-सफाई, उपलब्ध सुविधाओं और सुरक्षा उपायों का मूल्यांकन किया। छठ व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी तरह की तैयारी ससमय पूर्ण कर लेने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। छठ घाटों में विद्युतीकरण व सड़कों के समतलीकरण, अस्थाई शौचालय, चेंजिंग रूम, पार्किंग की व्यवस्था आदि कार्यों को लेकर सभी संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने नदी में जिस ओर पानी का तेज बहाव हो रहा यह गहराई अधिक है उस ओर रेड रिबन से बैरिकेडिंग करने की बात कहीं। साथ ही गोताखोर की भी प्रतिनियुक्ति करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रेनियर खालखो, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी समीर बोदरा सहित अन्य पदाधिकारी गण व समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

## पोस्टल बैलेट से सिमडेगा और कोलेबिरा विस क्षेत्र के 1174 मतदान कर्मियों ने किया मतदान




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर मतदान प्रक्रिया में शामिल कर्मचारियों ने सिमडेगा महिला कॉलेज, सलडेगा बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान किया। इस दौरान 70- सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराने वाले मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया। इस दौरान 506 मतदान कर्मियों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

मतदान के बाद सभी कर्मियों की अंगुलियों पर अमिट स्याही भी लगाई गई।इसके पश्चात 70-सिमडेगा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में 668 अधिकारी शामिल हुए।वहीं सिमडेगा पुलिस केंद्र में बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के जरिये पुलिस कर्मियों के द्वारा वोट किया गया।

### डीसी ने आरओ सेल के पदाधिकारी व कर्मियों के साथ की बैठक, कहा

## सभी पदाधिकारी और कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य दायित्वों का समय से निष्पादन करें

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आरओ सेल के पदाधिकारी एवं कर्मी से बैठक का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से कोलेबिरा आरओ-सह- अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र कुमार, 70-सिमडेगा आरओ -सह-अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो, एआरओ सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, आरओ सेल सभी कर्मी गण उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने आरओ सेल सभी पदाधिकारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को सभी कार्य दायित्वों को समय से निष्पादन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आज से ईवीएम कमीशनिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जो वीवीपैट, बीयू रिजेक्ट होगा। उसका ससमय सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री कर अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने मतदान दिवस का आवश्यक तैयारी पहले से ही कर लेने की बात कहीं। उपायुक्त ने दोनों आरओ को सामग्री कोषांग से पीठासीन पदाधिकारी को दी जाने वाली सामग्री पैकेजिंग का जांच कर लेने की बात कहीं। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को बीएलओ द्वारा मतदाताओं को दी जाने वाली वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का वितरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने अन्य कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

### सीआईएसएफ के जवान ने की सिमडेगा शहर में खुलेआम फायरिंग

## पुलिस ने सीआईएसएफ के डीएसपी और हेड कांस्टेबल को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव करने के लिए सिमडेगा में प्रतिनियुक्त सीआईएसएफ के हेड कांटेबल ने रविवार देर शाम खुलेआम फायरिंग की जिससे लोग दहशत में है। विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए सीआईएसएफ की टीम को सिमडेगा में प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशासन द्वारा उनको शहर के अपर्णा होटल में ठहराया गया है। रविवार रात करीब 09 बजे वह अपने सीआईएसएफ के जवान ने की खुलेआम तीन चार भीड़ वाली जगह में फायरिंग की। जिससे शहर में दहशत का माहौल हो गया। रविवार रात करीब 09 बजे वह अपने डीएसपी अनिल के साथ होटल अपर्णा में नशे की हालत में पहुंचे और वहां हवाई फायरिंग की। जो वहां के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद वह एक कर में बैठ कर बस स्टैंड की तरफ भागा वह बस स्टैंड में भी हवाई फायरिंग किया। इसके बाद वह शहर के भट्टीटोली पहुंचा जहां फिर से वह फायरिंग किया। घटना की सूचना सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति एवं सीओ इम्तियाज अहमद पहुचे और जवान को पकड़ा हालांकि तब तक पुलिस उन दोनों को पकड़ कर उनके एके 47 जब्त कर ली। पुलिस को इनके द्वारा की गई फायरिंग के 08 खोखे बरामद हुए। पुलिस फिलहाल दोनों से पूछताछ कर रही है। सीआईएसएफ के असिस्टेड कमांडर वीरेंद्र ने कहा कि जांच की जा रही है। इधर सोमवार की सुबह सीआईएसएफ के आईजी सुमन सिंह सिमडेगा पहुंचे जहां पर उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। छानबीन के क्रम में पता चला कि सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा एवं उनके अंगरक्षक द्वारा अपने सर्विस रायफल से फायरिंग किया गया है, जिसे तुरंत ही काबू कर लिया गया। सहायक समादेष्टा एवं उनके अंगरक्षक को, फायरिंग किए गए रायफल के साथ अपने कब्जे में ले लिया गया है तथा विधिपूर्वक अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

### दोषी सीआईएसएफ कर्मी निलंबित व अन्य पर कार्रवाई

**सिमडेगा।** सिमडेगा में सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर गोली चलाने की घटना के जवाब में, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई तुरंत शुरू कर दी गई है। 04 नवंबर की सुबह एक वरिष्ठ सीआईएसएफ अधिकारियों की टीम, जिसमें सुमंत सिंह, उप महानिरीक्षक (ईएस) औररेंद्र नारायण, कमांडेंट शामिल थे, सिमडेगा पहुंची और घटना की गहन जांच की। उन्होंने इस मामले पर सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक और क्षेत्र में चुनावी ड्यूटी पर तैनात सीआईएसएफ अधिकारियों से भी मुलाकात की ताकि घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सके। तत्काल कदम के रूप में, शामिल हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है और दूसरे कर्मी को निलंबित करने की आवश्यक स्वीकृति भी मांगी गई है। इस घटना की गहन जांच जारी है, जिसके आधार पर दोनों कर्मियों के खिलाफ अनुकरणीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सीआईएसएफ की यह त्वरित प्रतिक्रिया उसके प्रत्येक कर्मी के प्रति उच्चतम स्तर की अनुशासन और जवाबदेही बनाए रखने के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

## छठ महापर्व के मौके पर सस्ते दर पर मिलेंगे फल

**सिमडेगा।** छठ महापर्व के शुभ अवसर पर समाज सेवी भरत प्रसाद के द्वारा मंगलवार से पूर्वाह्न 10 बजे से फल स्टाल लगाया जाएगा। बाजार समिति गोदाम नंबर 2 पर स्टाल लगेगा जिसमें लोगों को सस्ते दर फल दिया जाएगा। इस मौके पर सेब 80 रुपये, संतरा 40 रुपये व अनार 100 रुपये किलो मिलेगा। वहीं केला की कान्धी ढाई सौ से 300 तक दिया जाएगा। ये स्टाल 5 से 7 नवम्बर तक रहेगा। इच्छुक लोग यहां आकर सस्ते दर पर फल आदि खरीद सकते हैं।

## बानो के जंगलों में जंगली हाथियों का आगमन, वन विभाग ने बांटी सामग्री

**बानो।** प्रखंड के ग्राम गेनमेर, चाँदसाय के जंगलों में जंगली हाथियों का झुंड होने की सूचना ग्रामीणों ने दी है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गेनमेर से सटे जंगलों लगभग 26 हाथियों की होने की जानकारी है। जंगली हाथियों का झुंड कभी पहाड़ में घूमते घूमते झारखंड की आ जाते हैं तो कभी उड़ीसा की ओर। जानकारी मिलने पर वन विभाग बानो द्वारा हाथियों के आने की सूचना मिलने पर मशाल, जुट, छड़, डीजल, बोरा व टोर्च आदि सामानों का वितरण किया गया।

### भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद ने केरसई में चलाया जनसंपर्क अभियान

## वर्तमान विधायक के कार्यकाल में केरसई प्रखंड का विकास ठप : श्रद्धानंद बेसरा



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** भाजपा सिमडेगा विधानसभा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सोमवार को सिमडेगा विधानसभा के केरसई मंडल के बाघडेगा शक्तिकेन्द्र के ढिंगुरपानी सिकरिबिरा कर्राझरिया महुवाटोली भण्डारतोली मीचुटोली आदि क्षेत्र का भ्रमण कर भाजपा कार्यकर्ता एवं आम जनता से मिलकर भाजपा के पक्ष में 13 तारीख को मतदान करने की अपील की और उन्होंने कहा कि भाजपा के सरकार और सिमडेगा में भाजपा विधायक बनते ही जो भी विकास कार्य ठप हो गए हैं उसे पुनः चालू कराया जाएगा, वर्तमान कांग्रेस विधायक के 5 साल के कार्यकाल में केरसई प्रखंड में विकास पूरी तरह ठप रहा केरसई प्रखंड में एक वर्ष से अधिक समय तक बीडीओ एवं सीओ की पोस्टिंग नही हुई प्रभार में चलता रहा, नल जल योजना के तहत लोगों को नल से पानी नहीं मिल रहा है सैकड़ो गांव में ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं है प्लस टू में पढ़ाई नहीं हो रही है प्रखंड में एक भी बड़े पुल का निर्माण कार्य नहीं हुआ जबकि भाजपा सरकार में रघुवर दास के मुख्यमंत्री रहते हुए दर्जनों सड़क और पुल का निर्माण केरसई प्रखंड में हुवा आज भी कई ऐसे गांव है जहां बिजली नहीं है भाजपा सरकार बनते ही और सिमडेगा में भाजपा विधायक बनते ही इन सभी समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। मौके पर केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल, जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, जिला मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, प्रमुख तरण भोय, महामंत्री सुधीर मांझी, ओबीसी जिला महामंत्री दिनेश प्रसाद, बाघडेगा प्रभारी प्रदीप प्रसाद, पंकज कुमार ,भाजयुमो पूर्व जिलाध्यक्ष अजय सिंह, गणेश जी, आलोक श्रीवास्तव, रामचंद्र मांझी सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### पोस्टल बैलट मतदान केंद्र का सामान्य प्रेक्षक वी सरवना ने किया औचक निरीक्षण

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 22- बड़कागांव विधानसभा की तैयारियों एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना ने सोमवार को गांधी प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ में 22- बड़कागांव विधानसभा चुनाव हेतु बनाए गए पोस्टल बैलट मतदान केंद्र का 22- बड़कागांव सामान्य प्रेक्षक वी सरवना ने औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान 22- बड़कागांव सामान्य प्रेक्षक वी सरवना ने पोस्टल बैलट एवं बैलट पेपर के माध्यम से हो रहे मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता के साथ चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करने का निर्देश दिया ।

### छठ महापर्व की तैयारी : गुमला नगर परिषद क्षेत्र के प्रमुख तालाबों में सफाई कार्य तेज

**गुमला।** आगामी छठ महापर्व को ध्यान में रखते हुए गुमला जिले के नगर परिषद क्षेत्र के चार प्रमुख छठ तालाब–भट्ठी तालाब, वन तालाब, मुरली बगीचा और चेटर तालाब में नगर परिषद द्वारा सफाई कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर परिषद के प्रशासक सार्जेन मरांडी ने बताया कि अगले दो दिनों में सभी तालाबों की सफाई, बैरिकेडिंग और अन्य आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएंगे, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है। साथ ही, सभी से आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पर्व मनाने का अनुरोध किया गया है।

### छठ पूजा में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी

**गुमला।** इस वर्ष हिंदू धर्मावलंबियों का चार दिवसीय छठ पर्व 5 नवंबर 2024 से आरंभ होकर 8 नवंबर 2024 को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ सम्पन्न होगा। छठ पूजा के पावन अवसर पर गुमला अनुमंडल क्षेत्र में विधि-व्यवस्था और लोक परिशांति बनाए रखने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज ने निम्नलिखित निर्देश जारी किए हैं, जिनका अनुपालन सभी संबंधित छठ पूजा समितियों के लिए अनिवार्य होगा।श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए चार फीट की गहराई पर रस्सी, बाँस, टायर, ट्यूब आदि से बैरिकेडिंग की व्यवस्था छठ पूजा समिति द्वारा की जाएगी। सूचना प्रसारण के लिए छठ घाटों पर पर्याप्त ध्वनि संबोधन प्रणाली की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी ताकि सभी श्रद्धालुओं तक सूचनाएं स्पष्ट रूप से पहुंच सकें।

# झारखंड की खनिज संपदा को बाहर ले जाकर रॉयल्टी भी नहीं दिया जाता : कल्पना



### धनवार से प्रत्याशी निजामुद्दीन के समर्थन में चुनावी सभा करने के लिए तिसरी पहुंची थीं कल्पना

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि झारखंड की जनता द्वारा 2019 में हेमंत सोरेन की सरकार को चुनने के बाद राज्य का चहुमुखी विकास हुआ है। जहाँ लोग महंगाई की मार से कराह रहें हैं वहीं यहां की जनता को अबुआ आवास, बिजली माफी, सर्वजन पेंशन योजना,हरा राशन कार्ड जैसी महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ मिला। उक्त बातें उन्होंने सोमवार को गिरिडीह जिले के धनवार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तिसरी प्रखंड मुख्यालय में कहीं। दरअसल धनवार से इंडी गठबंधन प्रत्याशी निजामुद्दीन अंसारी के पक्ष में तिसरी मुख्यालय स्थित गाँधी मैदान में चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन हेलीकाप्टर से पहुंची थीं। इस सभा में उनके अलावे निजामुद्दीन अंसारी, प्रणव वर्मा समेत हजारों की संख्या में लोगों का जुटान हुआ था। इस दौरान कल्पना ने केंद्र सरकार पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता का 1,36,000 हजार करोड रुपए बकाया है, झारखंड की खनिज - संपदा को बाहर ले जाया जाता है और रॉयल्टी भी नहीं दी जाती। उन्होंने कहा कि यदि जनता इंडी गठबंधन का साथ देती है, धनवार से निजामुद्दीन विधायक बनते हैं और राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनती है तो पुरे राज्य की जनता विकास का एक नया रूप देखने को मिलेगा। वहीं उन्होंने ढ़िबरा - माइका मुद्दे को लेकर भी लोगों को आश्वस्त कराया।

वहीं निजामुद्दीन अंसारी ने भी अपने विधायक काल की उपलब्धियों को गिनवाया। उन्होंने कहा कि खोरीमहुआ अनुमंडल बनाने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। यदि जनता उन्हें मौका देती है तो धनवार में अधूरे पड़े विकास को पूर्ण किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन और संचालक प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने किया।

### कल्पना सोरेन की जनसभा में उमड़ा लोगों का हुजूम, कहा

# हेमंत सरकार की मंईयां सम्मान योजना से माताओं और बहनों को हुआ लाभ

### अपने 5 साल के कार्यकाल में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र का चहुमुखी विकास किया : जानकी यादव

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के सिमराटांड़ मैदान में सोमवार को झामुमो की जनसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुद्दुश अंसारी ने की। जनसभा को संबोधित करने स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन पहुंची। सभा में कल्पना का भाषण सुनने के लिए लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी ने कई सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया। केंद्र ने पीएम आवास योजना की राशि बंद कर दी। 24 सालों में 20 साल भाजपा ने झारखंड में शासन किया। लेकिन हमारी माईंयां, बेटियों के लिए योजना नही ला सकी। हेमन्त सरकार ने मईयां सम्मान योजना के तहत एक हजार रुपए सीधे माताओं ,बहनों के खाते में भेजा । वहीं जनवरी से हमारी सरकार द्वारा मईयां सम्मान योजना की राशि एक हजार से बढ़ाकर 25 सौ किया जाएगा। भाजपा को डर था कि यदि हेमन्त सरकार पांच साल टिक गया तो यहां कभी कमल नही खिलेगा। इसलिए हेमंत दादा को षड्यंत्र के तहत जेल भेजने का काम किया। हम अपना भीख नही मांग रहे है। 20 वर्षो में बीजेपी ने 13 लाख लोगों को वृद्धा पेंशन से जोड़ा। झामुमो ने 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन से जोड़ा। झामुमो इंडिया गठबंधन की सरकार ने राज्य का समग्र विकास किया। झामुमो ने अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन, सावित्रीबाई फुले योजना, पशुधन योजना, छात्रवृत्ति योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड आदि योजना से आच्छादित कर झारखंड के लोगो को सशक्त करने का प्रयास किया ।



#### 5 वर्षों में 50 साल का काम किया

झामुमो प्रत्यशी जानकी प्रसाद यादव ने कहा अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में बरकट्ठा विधानसभा का चहुमुंखी विकास किया। जो विकास हमने 5 वर्षो से किया था। वह 50 वर्षों में नहीं हुआ। हमने 5 वर्षों में दर्जनों पीडब्लूडी सड़क, दर्जनों ग्रामीण सड़के को मुख्य सड़कों से जोड़ा ,कई विद्यालय को प्लस टू से जोड़ा, सूर्यकुण्ड में डिग्री कॉलेज, जयनगर में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाया ताकि गरीब के बच्चे बासी भात खा कर पढ़ाई कर सके। साथ ही पॉलिटेक्निक कॉलेज और डिग्री कोलेज को हेमंत दा के नेतृत्व में चालू करवाया। उन्होंने हमारी बातें सुनी भी। 36 दिनों तक हड़ताल चलकुशा में विभिन्न मांगों को लेकर किया। बिजली बिल माफ करो। पावर सब स्टेशन चालू करो। जिसके बाद हेमंत दा ने पुरे राज्य में बिजली बिल माफ किया।

### छठ व्रतियों को न हो परेशानी, जिला प्रशासन इसपर दे ध्यान : सुनीता चौधरी

**रामगढ़।** रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने छठ महापर्व को लेकर सोमवार को बिजुलिया तालाब का छठ घाट का निरीक्षण कर वहां की साफ सफाई का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने लोगों से मिलकर उन्हें छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। विधायक ने छठ महापर्व के दौरान छठ घाट की साफ सफाई पूरी करने, बिजली, पानी का पर्याप्त प्रबंध करने एवं ब्लीचिंग का छिड़काव करने का निर्देश दिया। ताकि छठ महापर्व में छठ व्रतियों को परेशानी नही हो। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि हमारा प्रयास है की छठ महापर्व में व्रतियों को किसी भी तरह की परेशानी नही हो इसपर प्रशासन ध्यान दे।

### रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने किया बोकारो नदी का दौरा, कहा

# नदी में नहीं गिरेगा दूषित पानी

#### ड्रेन के सभी आउटलेट को बंद रखा जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो** बोकारो जिला के गोमिया के होसिर में रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के ओर से एक ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। ड्रेन का डिजाईन ऐसा किया गया है कि पूरा पानी बोकारो नदी में जा कर गिरेगा। इस मुद्दे को राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार ने प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद बोकारो रोड कंस्ट्रक्शन विभाग के अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लिया। सोमवार को एक टीम ने इसकी जांच की। असिस्टेंट इंजीनियर ने बताया कि हमलोग उस जगह पर जाकर विजीट किया। उसमें केवल बरसात का पानी जाएगा, किसी भी तरह का कोई गंदा पानी नहीं जाएगा। हमलोगों का प्रयास रहेगा कि इस ड्रेन को आगे से तोड़ कर और पानी का मुह मोड़ दिया जाएगा। आगे जो खाली जमीन है, उस पर पानी को फैला दिया जाएगा। बोकारो रोड कंस्ट्रक्शन विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अमित ने कहा कि ड्रेन का निर्माण रोड खराब ना हो इसके लिए किया गया है। इस ड्रेन में केवल बारसात के पानी ही जाएगा। इसके अलावा कोई भी गंदा पानी नदी में नहीं जाएगा। नदी में गंदा पानी नहीं गिरे इसके लिए सावधानी बरतने का सख्त निर्देश दिया है, जितने भी आउटलेट है उसे बंद कर दिया जायेगा। जहां ड्रेन बना है वह रिहायसी इलाका नहीं है। नदी में कोई भी दूषित पानी को नहीं बहाया जायेगा।

झारखंड राज्य प्रदूषण पर्षद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार किसी भी नदी में इंडस्ट्रीज का पानी नहीं गिरा सकते। घरों से निकलने वाला दूषित पानी बिना फिल्टर किए नदी में नहीं गिराया जा सकता है। बरसात का पानी अगर ड्रेन के द्वारा गिराया जा रहा है तो वह गिरा सकते है।

**खबर का असर**




### निर्दलीय प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**गावां, गिरिडीह।** धनवार विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी निरंजन राय ने सोमवार को गावां काली मंडा मंदिर में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इसके बाद गावां बाजार में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस दौरान काफी संख्या में समर्थकों ने माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने गावां बाजार, हरला, बिरने, पटना, माल्डा, अमतरो, मंझने और पसनौर में जनसंपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर अंकज सिंह, पुक्कू सिंह, पवन पांडेय, सागर चौधरी, विशाल पांडेय, चुन्नू सिंह, शंभु सिंह, ललन बरनवाल, धीरज कुमार समेत कई उपस्थित थे।

### पंप चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** गुप्त सूचना के आधार पर कर्रा थाना क्षेत्र के कच्चाबारी पतराटोली में एक संदिग्ध युवक गिरफ्तार किया गया। उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर अपना नाम विलियम पंकज बताया। उसने कर्रा थाना कांड संख्या- 73/ 24 पर अपनी संलिप्ता स्वीकार किया। वहीं चोरी गये समरसेबल पम्प को उसके निशानदेही बिपिन मिंज गांव कच्चाबारी,कर्रा के यहां से पम्प बरामद किया गया। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा गया। पकड़ाये उक्त अभियुक्त द्वारा अपने स्वीकारक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया। दो नवंबर को खूंटी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदी गांव के महेश्वर पाहन की टांगी से मारकर हत्या कर दिया गया था, मामले में खूंटी पुलिस द्वारा कांड का उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त बुड़या उर्फ बड़य पाहान को गिरफ्तार किया है।

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार



**सरायकेला-खरसावां।** पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि चौका चौक के आस-पास 01 व्यक्ति अपाची मोटरसाईकिल में सवार अपने साथ अवैध हथियार लिये घूम रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार त्वरित कार्रवाई हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, छापामारी दल के द्वारा चौका चौक में वाहन चेकिंग प्रारम्भ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में 01 व्यक्ति महाबीर कुमार सिंह पिता-स्व0 राजु सिंह, पता-खुंटी, थाना चौका, जिला सरायकेला-खरसावाँ को 01 सिल्वर रंग का पिस्टल के साथ पकड़ा गया । उससे पूछताछ करने के पश्चात आगे छापामारी क्रम में ग्राम खुँटी निवासी रोहित साव पिता- दुर्गा साव, पता-खुँटी, थाना चौका, जिला सरायकेला -खरसावाँ के पास से 01 अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया एवं उनके विरूद्ध चौका थाना काण्ड सं0- 60/24धारा-25/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया एवं अनुसंधान के क्रम में इन दोनों को हथियार सप्लाई करने वाले सप्लायर अहमद अंसारी, उम्र- 30 वर्ष, पिता- सेख सलीम अंसारी, ग्राम- बड़ा आमड़ा, थाना ईचागढ़ जिला सरायकेला-खरसावाँ को गिरफ्तार किया गया एवं तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### माले प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**गावां गिरिडीह।** भाकपा माले प्रत्याशी राजकुमार यादव ने प्रखंड स्थित गावां, पटना, माल्डा, खरसान, गदर, पिहरा, मानपुर, खेरड़ा समेत कई गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान पिहरा में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन के उपरांत एक बैठक का भी आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भाकपा माले जमीन से जुड़ी पार्टी है। माले कार्यकर्ता हर सुख दुःख की घड़ी में जनता के बीच उपलब्ध रहते है। वहीं जनसंघर्षों को ले लगातार आंदोलन भी किया जाता है। इस समय क्षेत्र में कई प्रत्याशी जो पूर्व में कभी जन सवालों को लेकर एक बार भी आवाज बुलंद नही की वैसे लोग लोभ लालच देकर लोगो बरगलाने का काम कर रहे है।

### भाजपा ने बादीडीह में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड के बादीडीह में भाजपा के द्वारा सघन जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। मौके पर मुख्यरुप से भाजपा नेता नुनूलाल मरांडी उपस्थित थे। इस दौरान डोर टू डोर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। नुनूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा के द्वारा ही क्षेत्र व प्रदेश का विकास हो सकता है। बाबुलाल मरांडी ने इस क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया है। मौके पर श्रीराम यादव, मुन्ना सिंह, चंद्रशेखर आजाद, कोंग्रेस यादव, ललित पांडेय, प्रह्लाद सिंह, अनिरुद्ध यादव, राजेश तुरी, विजय यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### चुनावी सभा में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

## भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव के पक्ष में किया जनसभा को संबोधित



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई(गुमला)** सिसई प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र ओलमुंडा पंचायत के कोडेकेरा बाजार टांड में भाजपा प्रत्याशी डॉ अरुण उरांव के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल उराम। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा राजनीति में आने का कारण कांग्रेस पार्टी के द्वारा जनता के साथ धोखाधड़ी, आदिवासी समाज को पिछड़ा रखने की निति के कारण हुआ। राजनितिक जीवन में मैंने दस बार चुनाव लड़ा और आठ बार विजयी हुआ। केन्द्र सरकार आदिवासियों के विकास और उत्थान के लिए हर संभव मदद और पैसा देने के लिए तैयार है, लेकिन राज्य में झामुमो, कांग्रेस और राजद की गठबंधन की सरकार में बैठे नेता-मंत्री बीते पांच साल में जनता के विकास और प्राकृतिक संसाधनों का पैसा लुटकर अपने घर परिवार को भरने का काम किया हैं। जब तक राज्य में भाजपा की सरकार नही बनेगी, तब तक झारखंड व झारखंडियों का विकास संभव नहीं है। देश में नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। झारखंड के गरीब, मजदुर,शोषित-वंचित, बेरोजगार शिक्षित युवाओं, माताओं-बहनों के उत्थान व राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार की आवश्यकता है।

प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पताः **विनोद केरकेट्टा, पिता स्व. एलिया केरकेट्टा, ग्राम खूंटीटोली सड़कटोली**

राजनीतिक दल का नामः **निर्दलीय**

निर्वाचन का नाम : झारखण्ड विधानसभा 2024

* निर्वाचन क्षेत्र का नामः **70, सिमडेगा (अ.ज.जा.)**

मैं **विनोद केरकेट्टा** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं/करती हूंः

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा(ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य न्य.द. सिमडेगा | C294/24 15.10.2024 | उपस्थिति | 138 एन. आइ. एक्ट |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| Not Applicable | | | |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# सिसई के थाना मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की चुनावी सभा

## झामुमो प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो को जीताने के लिए की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)** सिसई विधानसभा क्षेत्र के सिसई थाना मैदान में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो को जीत दिलाने की अपील करते हुए उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों और भविष्य के वादों को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली संबोधन में कहा कि पिछले 5 वर्षों में से दो से अधिक वर्ष कोरोना महामारी के कारण चुनौतीपूर्ण रहे, इसके बावजूद राज्य सरकार ने जनता के हित में कई योजनाएं चलाईं। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह झारखंड सरकार के कार्यों में अड़चन डालना चाहती है और गरीब आदिवासी नेतृत्व को बाधित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने उनकी सरकार को गिराने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाए। इसके बाद, राज्य में समय से पहले चुनाव कराने का निर्णय लिया गया, जो कि केवल झारखंड में ही हुआ।

मुख्यमंत्री ने चुनावी वादों की झड़ी लगाते हुए कहा कि यदि उनकी सरकार फिर से बनती है, तो सभी गरीबों के खातों में 5 वर्षों तक ?1 लाख तक की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने यह भी वादा किया कि मुख्यमंत्री मईयाँ सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली पेंशन राशि को ?1000 से बढ़ाकर ?2500 प्रतिमाह कर दिया जाएगा। बिजली के मुद्दे पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के सभी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी, और उपभोक्ताओं को इसके लिए बिल भी नहीं देना होगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आलोचना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार गरीबों, आदिवासियों और झारखंड की जनता के हितों को अनदेखा करती है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे झामुमो प्रत्याशी जिगा सुसारन होरो को भारी बहुमत से विजयी बनाएं, ताकि राज्य में आदिवासी हितों की सुरक्षा हो सके और विकास के कार्य निर्बाध रूप से चलते रहें। इस चुनावी सभा में विधायक जिगा सुसारन होरो, साथ ही विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, जिलाउपाध्यक्ष शशि साहू, कांग्रेस प्रदेश सचिव रोशन बरवा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतू उराँव,कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, मंच पर उपस्थित थे।

### पुलिस ने अभियान चलाकर 1350 किलोग्राम जावा महुआ किया नष्ट

**रामगढ़।** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रामगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम-भेलवागढ़ा, मांडू(कुज्जू) ओपी अन्तर्गत ग्राम-. सेवटा बस्ती एवं मांडू (वे०बो०) ओपी अन्तर्गत ग्राम-चैनपुर चटनियां टोला में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 1,350 किग्रा बरामद हुआ। जो संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 94,500 /- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना एवं मांडू (कुज्जू) / मांडू (वे०बो०) ओ०पी० में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कार्यालय, नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग, सिमडेगा।
विधानसभा चुनाव 2024
(वाहन कोषांग)

(अतिआवश्यक सूचना)

विधानसभा चुनाव–2024 के निमित मतदान कार्य हेतु नोडल पदाधिकारी वाहन कोषांग –सह– जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा के द्वारा अधिग्रहित किये गये वाहनो के मालिको को सूचित किया जाता है कि 70–सिमडेगा (अ0ज0जा0) एवं 71–कोलेबिरा (अ0ज0जा0) एवं 59–तोरपा (अ0ज0जा0) में दिनांक 13.11.2024 को मतदान निर्धारित है।

मतदान केन्द्र पर सेक्टर दण्डाधिकारियों/मतदान कर्मियों एवं पुलिस कर्मियों को मतदान केन्द्र पर भेजने एवं लाने हेतु (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए) सुसंगत नियम के तहत आपके वाहन को अधिग्रहण कर सीजर प्रपत्र आपको दिया गया है।

प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आप सभी वाहन मालिको को संसूचित किया जाता है कि आपके द्वारा उपयोग में लाये जा रहे वाहनों (बस, बोलेरो/पिकअप/स्कार्पियों आदि) को चुनाव कार्य हेतु दिनांक 09.11.2024 के संध्या 5:00 बजे तक निश्चित रूप से वाहन कोषांग, (अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा) में जमा करना सुनिश्चित करेंगें।

इस आदेश का उल्लंधन करने वाले वाहन मालिको पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के तहत कारवाई की जायेगी।

नोडल पदाधिकारी, वाहन कोषांग
–सह–
जिला परिवहन पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR 339866 (Simdega) 24-25 (D)

## संपादकीय

# जम्मू-कश्मीर में शांति नहीं वर्चस्व की लड़ाई

धरती के स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में 370 हटने के बाद नई सरकार बनते ही अलगाववादियों ने फिर से अपनी जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। यह तो नहीं कहा जा सकता कि वर्तमान केंद्र शासित प्रदेश की उमर अब्दुल्ला सरकार सीधे शामिल है पर यह भी सही है कि अलगाववादी घाटी को स्वर्ग बनाने की बात करते दशकों से इसे हिंसा में धकेल नर्क बनाने पर उतारू हैं और राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की सरकार को कठपुतली बनाकर रखने के आदी हैं क्योंकि वोट के खातिर कोई इनका खुलकर विरोध नहीं करता सिवाय भाजपा के ये लड़ाई अब साबित कर रही है कि पाकिस्तान के इशारे पर या शह पर यह शांति की न होकर वर्चस्व की लड़ाई है और 1947 में आजादी के बाद भारत में विलय की विवादास्पद घटनाओं के कारण आज भारत का सिरदर्द बन गई है। जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकवादी हमले हो रहे हैं जिनमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। इस बद से बदतर होती स्थिति के लिए हमारी वोट की राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत समाधान की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रहा है केंद्र के ऐतिहासिक प्रयास से घाटी में सुधार तो है पर कुछ लोग ऐसा नहीं चाहते। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की तब जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तोड़नी चाहिए। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था। जब धारा 370 के हटने के बाद जम्?मू-कश?मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है, तब यह बड़ा सवाल है कि आखिर में आतंकियों के असल निशाने पर क्या था? क्योंकि नई सरकार बनने के बाद जम्मू-कश्मीर में यह पहली आतंकी वारदात हुई है। वहीं, दूसरा सवाल यह है कि क्या आतंकियों के निशाने पर घाटी के विकास कार्यों को रोकना है? यदि ऐसा है तो यह बेहद खौफनाक है। घाटी के विकास को परवान चढ़ा रहे मजदूरों को निशाना बनाकर आतंकियों ने बड़ी कायरता और मूर्खता का परिचय दिया है।

> **जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकवादी हमले हो रहे हैं जिनमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। इस बद से बदतर होती स्थिति के लिए हमारी वोट की राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है।**

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है पंजाब में नशे का जाल





ललित गर्ग

पंजाब में आतंकवाद ही नहीं, तरह-तरह के नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब चुका रहा है, जिसने लंबे समय से पंजाब को जकड़ रखा है। पिछले दस महीनों में पंजाब पुलिस ने 153 बड़े ऑपरेटरों सहित 10,524 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब ने स्थानीय तस्करों के साथ-साथ बड़े ड्रग नेटवर्क को लक्षित करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। हाल ही में 790 किलोग्राम हेरोइन, 860 किलोग्राम अफीम और अन्य नशीले पदार्थों के साथ-साथ 13 करोड़ रुपये से अधिक ड्रग मनी जब्त की गई है। इन आपराधिक अभियानों की वित्तीय बुनियाद पर प्रहार करते हुए नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की 208 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई। हालांकि, अभी पर्दे के पीछे से काम करने वाले प्रमुख तस्करों को बेनकाब करने और कानूनन दंडित करने की सख्त जरूरत है। ड्रग की तस्करी और व्यापक रूप से नशे की लत पंजाब की सबसे उल्लेखनीय घातक सामाजिक-राजनीतिक चुनौती बन चुकी है जो कई प्रकार से पूरे देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है। पाकिस्तान पोषित इस नशीले कारोबार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस साल सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब की पाकिस्तान से लगती सीमा से 183 ड्रोन जब्त किए। जो वर्ष 2023 में बरामद 107 ड्रोन से कहीं अधिक हैं। पाक प्रायोजित यह तस्करी परिष्कृत एवं सुनियोजित तरीके से की जा रही है, जिसके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। खासकर, ऐसे संवेदनशील सीमावर्ती राज्य में इस समस्या की भयावहता को देखते हुए यह आवश्यक हो जाता है कि इसके खिलाफ एक ऐसी संपूर्ण लड़ाई छेड़ी जाए जिसमें कामयाब होने में अगर कई वर्ष भी लग जाएं तो उसे जारी रखा जाए। नशे की समस्या पिछले कई वर्षों के दौरान और बद से बदतर होती गई है और पिछले पंजाब में हुए विधानसभा चुनावों में यह एक बड़ा मुद्दा था। क्योंकि शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से हर रोज युवाओं की मौत की खबरें हो या विधवाओं का क्रंदन समूचा देश हिला है। कितनी मांओं की गोद उजड़ गई और कितने वृद्ध पिताओं की सहारे की लाठी टूट गई। नशीले पदार्थों का धंधा सीमाओं से होते हुए देश की रग-रग में पसरता गया है। पंजाब में बिछा ड्रग्स का जाल जनजीवन के लिये बड़ी चुनौती है। पंजाब पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं ईरान के तथाकथित गोल्डेन क्रेसेंट से तस्करी कर लाई गई नशीली दवाओं का एक पारगमन बिंदु (ट्रांजिट प्वाइंट) तथा बाजार दोनों ही है। जहां अफगानिस्तान में उत्पादित हेरोईन की भारत-पाकिस्तान की 553 किमी लंबी और अवैध घुसपैठ की संभावनाओं से युक्त सीमा से तस्करी की जाती है, अफीम, अफीम की भूसी, चरस एवं हशीश जैसी अन्य नशीली दवाएं आसपास के देशों से आती हैं। भारत एवं पाकिस्तान सीमा पर अच्छी सड़कों का अभाव भी सीमा पर लगी बाड़ के नीचे सुरंगों की खुदाई के जरिये भारी मात्रा में मादक दवाओं की खेप के हस्तांतरण के काम को आसान बना देती हैं। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पंजाब में नशे की समस्या बढ़ती जा रही है। नकली शराब और नशीले पदार्थों को रोका जाना चाहिए। ऐसे तो युवा खत्म हो जाएंगे। गरीब लोग मर रहे हैं। पंजाब में हर गली में एक भट्टी होती है। अगर कोई चाहे तो देश को खत्म कर देगा। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे चलेगा? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों पंजाब सरकार? सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। जिसके खिलाफ व्यापक पैमाने पर योजनाबद्ध अभियान वक्त की जरूरत है। सरकारें लंबे समय से इसके विरुद्ध कार्रवाई की बात तो करती रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में कम ही बदलाव नजर आया है। फिलहाल पंजाब में नशीले पदार्थों के खिलाफ जारी कार्रवाई आप सरकार की नई प्रतिबद्धता को दशार्ती है और सतही तौर पर नशे की खिलाफ सफलता के आंकड़े एक सराहनीय कार्रवाई को दशार्ते हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या की विकटता को देखते हुए ये आंकड़े पर्याप्त नहीं हैं। वक्त की जरूरत है कि लगातार भयावह होती स्थिति में पुलिस को इस खेल की बड़ी मछलियों को बेनकाब करके नशे के प्रवाह पर रोक लगानी चाहिए। इसके बाद बड़े नशा तस्करों के खिलाफ व्यापक स्तर का अभियान चलाना चाहिए। जिससे समाज में यह संदेश जाए कि कोई कितना भी ताकतवर व्यक्ति क्यों न हो, कानून से ऊपर नहीं है। साथ ही यह भी कि समाज विरोधी कार्यों में लिप्त होने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। ऐसे तत्वों को राजनीतिक संरक्षण देने वाली ताकतों को भी बेनकाब करने की जरूरत है। पंजाब सरकार की सख्त कार्रवाई का यह संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## आपकी बात

### डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य?



डॉ. अनिल कुमार निगम

आज भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा। इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं? दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है? यह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है? दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल करके पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं। फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## अलग बात

# पटाखों पर क्यों नहीं लगता प्रतिबंध



चेतन उपाध्याय

खुशियों का महापर्व दीपोत्सव हर साल की तरह इस वर्ष भी गुजर गया। जाते-जाते यह फिर वही सवाल छोड़ गया। वही सवाल, आखिरकार पटाखों पर देशव्यापी प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ वर्ष 2008 से कार्यरत राष्ट्रीय संस्था 'सत्या फाउंडेशन' यह मांग हर बार करती है। इस साल संस्था ने गूगल, एक्स और फेसबुक आदि सोशल मीडिया के सर्च बॉक्स में तीन शब्द डाले-'पटाखा, दीपावली, हिंसा'। इस पर पटाखे के कारण हिन्दू बनाम मुस्लिम विवाद की बहुचर्चित धारणा के विपरीत चौंकाने वाले नतीजे मिले। इसका निचोड़ यह निकला कि पटाखों के चलते पूरे देश में हिंसा और हत्या के ज्यादातर मामलों में, लड़ाई हिन्दू बनाम हिन्दू की है। और कोई आठवीं पास विद्यार्थी भी इंटरनेट पर ये सारे सबूत देख सकता है। यानी कि पटाखे ने हिन्दुओं को आपस में ही बंटने और कटने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि यह भी सच है कि धर्म विरोधी का तमगा मिल जाने के डर से अधिकांश लोग इस पर आंख पर पट्टी बांधे रहते हैं। आमतौर पर पटाखे के विरोध में गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में हो रहे भयंकर विरोध और हिंसा के तमाम मामले थाने और मीडिया तक पहुंचते ही नहीं हैं। धर्म, परंपरा और उत्सव की आड़ में यह अराजकता है। इसे नजरअंदाज करना देशहित में अच्छा नहीं। अफसोस यह है कि साउंड प्रूफ घरों में रहने वाले नीति-निमार्ता जनता की इस बदलती नब्ज को पकड़ पाने में विफल हैं। यह पटाखे ध्वनि प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। यह कड़वा सच है कि दीपावली का पटाखा हिन्दुओं को हिन्दुओं से लड़ाने का माध्यम बन गया है, मगर त्योहार और धार्मिक स्वतंत्रता की गूंज में ये सारी बातें नक्कारखाने में तूती की आवाज बन गई है। हैरानी यह है कि इस पर्व की आड़ में पटाखे का इस्तेमाल लोग अपने दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। विदेशों में हरियाली का प्रतिशत बहुत ज्यादा होता है और यह हरियाली, आतिशबाजी के शोर और धुएं को सोख लेती है। साथ ही विदेशों में पटाखा फोड़ने के लिए एक बड़ा मैदान होता है जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैयार रहती है। हमारे देश में बड़े लोगों के घरों के आसपास कोई पटाखा नहीं फोड़ सकता। मगर सामान्य स्थानों पर धर्म की आड़ में पटाखे खुलेआम फोड़े जाते हैं। शिकायत करने पर पुलिस 'धार्मिक' मामला बताकर पल्ला झाड़ लेती है। बेशक, पटाखों से लोहवान, गुग्गुलु और चंदन की दिव्य महक आती है, पर यह चलन बंद होना चाहिए। केंद्र और राज्यों के नीति-निर्धारकों का यह दायित्व है कि वे समाज को सही दिशा दें। नायक बनकर उभरें। आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित करें। यह किसी से छुपा नहीं है कि आतिशबाजी के कारण हर साल अरबों रुपये की संपत्ति आग में स्वाह हो जाती है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

**व्यक्ति को प्रतिदिन अपनी मनोदशा के स्वभाव को समझने और यदि वह हानिकारक है तो उसे ठीक करने के लिए, अंतर्निरीक्षण करना चाहिए। शायद आप स्वयं को मन की एक उदासीन अवस्था में पाते हैं, चाहे कुछ भी सुझाव दिया जाए आप उसमें रुचि नहीं लेते।**


# नकारात्मक मनोदशाओं से मुक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

आपको अपने मानसिक दर्पण से मनोदशाओं को अवश्य दूर करना होगा। अपने मन को सदा एक बगीचे के रूप में समझें, और इसे दिव्य विचारों से सुगन्धित और सुन्दर बनाए रखें, इसे कीचड़ का तालाब न बनने दें, जो बदबूदार घृणा वाली मनोदशाओं से भरा हो। यदि आप शान्ति और प्रेम रूपी दिव्य सुगन्धित पुष्पों को विकसित करेंगे, तो कूटस्थ चैतन्य (कृष्ण चेतना) की मधुमक्खी आपके बगीचे में चुपके से चली आएगी। जिस प्रकार मधुमक्खी केवल उन्हीं पुष्पों को खोजती है जो मधु की मिठास से भरे होते हैं, उसी प्रकार ईश्वर भी केवल तभी आते हैं जब आपका जीवन मधुमय विचारों से मधुर हो। प्रत्येक प्रकार की मनोदशा होने का एक विशेष कारण होता है, और यह आपके अपने मन में रहता है। व्यक्ति को प्रतिदिन अपनी मनोदशा के स्वभाव को समझने और यदि वह हानिकारक है तो उसे ठीक करने के लिए, अन्तर्निरीक्षण करना चाहिए। शायद आप स्वयं को मन की एक उदासीन अवस्था में पाते हैं, चाहे कुछ भी सुझाव दिया जाए आप उसमें रुचि नहीं लेते। ऐसी अवस्था में कुछ सकारात्मक रुचि उत्पन्न करने के लिए सचेत प्रयत्न करने की आवश्यकता होती है। उदासीनता से सावधान रहें, जो आपकी इच्छाशक्ति को बलहीन करके आपके जीवन की प्रगति में रोक लगा देती है। शायद आपकी मनोदशा बीमारी के कारण हुई निरुत्साहित अवस्था हो, ऐसा भाव कि आप कदापि पुनः स्वस्थ नहीं होंगे। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X से




## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आज का दोहा

**जुमलों में गुलजार है, सबसे बड़े सुधार।**
**सुना बैंक देने खड़े, सब कुछ यहां उधार।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## देश की बात

# कमला हैरिस हों या डोनाल्ड ट्रंप भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त



आर.के. सिन्हा



अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया। आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली? में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सुप्रीम कोर्ट समिति की किसानों के साथ बैठक रही बेनतीजा

- शंभू बार्डर पर धरने का नेतृत्व कर रहे पंधेर व डल्लेवाल बैठक में नहीं हुए शामिल

**एजेंसी। चंडीगढ़**



शंभू बार्डर खुलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी तथा किसानों के बीच सोमवार को हुई बैठक बेनतीजा रही। बैठक में सुप्रीम कोर्ट समिति के सभी सदस्य शामिल हुए लेकिन किसानों के धरने का नेतृत्व करने वाले किसान नेता सरवन सिंह पंधेर तथा जगजीत सिंह डल्लेवाल बैठक में नहीं आए। जिन किसान नेताओं ने बैठक में भाग लिया वह आंदोलन के प्रमुख चेहरे नहीं थे। फसलों पर एमएसपी की गारंटी को लेकर पंजाब के किसान फरवरी-2024 से हड़ताल पर हैं। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था। किसानों ने पंजाब की तरफ बॉर्डर पर स्थायी मोर्चा बना लिया। ऐसे में वहां से आवाजाही बंद है। इससे अंबाला के व्यापारियों को परेशानी हो रही है। हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को बॉर्डर खोलने के आदेश दिए थे, लेकिन सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा भवन में कई घंटे तक चली बैठक में जस्टिस नवाब सिंह के अलावा, पूर्व आईपीएस अधिकारी पीएस संधू, गुरु नानक यूनिवर्सिटी, अमृतसर के प्रोफेसर देवेंद्र शर्मा, एग्रीकल्चर एंड इकोनॉमिक एक्सपर्ट रणजीत सिंह, डॉ. सुखपाल सिंह, हरियाणा कृषि विवि के वाइस चांसलर बीआर कम्बोज, हरियाणा और पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक शामिल हुए। बैठक से कुछ घंटे पहले ही सरवन सिंह पंधेर ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया था। जगजीत सिंह डल्लेवाल ने स्वास्थ्य ठीक नहीं होने का दावा करते हुए अपने प्रतिनिधियों को बैठक में भेजा। किसानों ने अपनी 12 मांगें सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी के सामने रखी। किसानों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है, तक तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। बैठक के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि आने वाले लोकसभा सत्र के दौरान भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

## पीडीपी विधायक ने अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर विस में पेश किया प्रस्ताव

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध करते हुए और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने की मांग के साथ एक प्रस्ताव पेश किया। पारा ने कहा, नए विधानसभा अध्यक्ष को मैं बधाई देता हूं। हम आपके अनुभव से बहुत कुछ सीखेंगे। आज मेरे पास अपनी पार्टी की ओर से एक प्रस्ताव है जिसे मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं। प्रस्ताव में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की बात कही गई है। अनुच्छेद 370 पर वहीद पारा के प्रस्ताव के बाद विधानसभा में हंगामा शुरू हो गया, जिसका भाजपा के विधायकों ने कड़ा विरोध किया। भाजपा ने पारा की टिप्पणियों को हटाने की मांग की और उन पर विधानसभा के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

# प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं हों : धनखड़

- किंग्स वे अब कर्तव्य पथ और रेसकोर्स रोड लोक कल्याण मार्ग बन गया है
- औपनिवेशिक काल की 1500 प्रतिमाएं अब कानून की किताब में नहीं हैं

**एजेंसी। नई दिल्ली**




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारत तेजी से औपनिवेशिक मानसिकता को त्याग रहा है, हम अब पूर्व में प्रचलित औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय लोक प्रशासन में औपनिवेशिक मानसिकता से अलग भारतीय विशेषताएं होनी चाहिए, जो स्वतंत्रता के बाद की हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हों।
उपराष्ट्रपति धनखड़ ने नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) की आम सभा की 70वीं वार्षिक बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम अब पहले के देवता माने जाने वाले औपनिवेशिक विचारों और प्रतीकों को चुनौती दे रहे हैं। किंग्स वे अब कर्तव्य पथ बन गया है और रेसकोर्स रोड लोक कल्याण मार्ग बन गया है। नेताजी अब उस छतरी के नीचे खड़े हैं, जहां कभी किंग जॉर्ज की मूर्ति हुआ करती थी। भारतीय नौसेना के ध्वज को बदलकर हमारा तिरंगा शामिल कर दिया गया। औपनिवेशिक काल की 1500 प्रतिमाएं अब कानून की किताब में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली को औपनिवेशिक विरासत से मुक्त कर दिया है।
सरकारी अधिकारियों के बीच भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने कहा कि अपने प्रशिक्षुओं की भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर अधिक ध्यान दें। सरकारी अधिकारियों के बीच सॉफ्ट स्किल्स, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सांस्कृतिक क्षमता विकसित करना महत्वपूर्ण है ताकि अधिकारी हाशिए पर पड़े और वंचित लोगों के संघर्षों को समझ सकें, ऐसी नीतियों को डिजाइन और लागू कर सकें, जो वास्तव में उन चुनौतियों का समाधान करें। लोक प्रशासन में प्रौद्योगिकी अपनाने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम और शोध पहलों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, साथ ही सार्वजनिक सेवा वितरण में उनके नैतिक और जिम्मेदार कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना चाहिए। प्रभावी लोक प्रशासन की आधारशिला निरंतर सीखना और क्षमता निर्माण है।

## प्रधानमंत्री मोदी 13 को दरभंगा एम्स का करेंगे शिलान्यास

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को बिहार दौरे पर आएंगे। इस दौरान वे दरभंगा में एम्स का शिलान्यास करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के शीर्ष नेता भी शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने इस अहम परियोजना के लिए फिलहाल 1,261 करोड़ रुपये का बजट उपलब्ध कराया है। दरभंगा एम्स को अत्याधुनिक स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है। बिहार सरकार ने एम्स के लिए 188 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई है। इस परियोजना को पूरा करने के लिए तीन वर्ष का समय निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि दरभंगा एम्स के निर्माण को लेकर बिहार में खूब राजनीति हुई। बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद इसके निर्माण पर ग्रहण लग गया था। राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को जो जमीन उपलब्ध कराई थी, उसमें एम्स निर्माण से केंद्र ने हाथ खड़े कर दिए थे। बिहार में फिर से राजग की सरकार बनी तो केंद्र सरकार ने उसी जमीन में एम्स के निर्माण में अपनी सहमति दे दी।

# न्यूज बॉक्स

## छठी मैया सबकी मनोकामना पूर्ण करती हैं : देवी

**पटना।** आस्था का महापर्व छठ 5 नवंबर से शुरू हो रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस महापर्व की शुरूआत नहाय खाय के साथ आरंभ होगी। पर्व के चौथे दिन उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। छठ पूजा पर सोमवार को भोजपुरी की हिट गायिका देवी ने कहा, अब ये पर्व सिर्फ यूपी-बिहार तक ही सीमित नहीं रह गया है। देश हो चाहे विदेश छठपूजा मनाई जा रही है। मान्यता है कि छठी मैया से जो कुछ भी सच्चे दिल से मांगा जाता है। मैया उसे पूरा करती हैं।

## केरल, पंजाब और उप्र में उपचुनाव की तारीख बदली, अब 20 को मतदान



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने तीन राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़ी मतदान तारीखों में बदलाव किया है। अब इन सीटों पर 13 नवंबर की बजाय 20 नवंबर को मतदान होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव की तारीख बदली गई हैं, वे इस प्रकार हैं। केरल की पलक्कड़। पंजाब की डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला। उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, शीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां। चुनाव आयोग ने बताया कि उसे विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों (जिनमें भाजपा, कांग्रेस, बसपा, रालोद शामिल हैं) और कुछ सामाजिक संगठनों से 13 नवंबर को उपचुनाव वाले कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान की तारीख बदलने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। उस दिन बड़े पैमाने पर सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इससे बड़ी संख्या में लोगों को असुविधा हो सकती है, विभिन्न व्यवस्था संबंधी समस्याएं पैदा हो सकती हैं और मतदान के दौरान मतदाताओं की भागीदारी कम हो सकती है। आयोग ने इन कारकों और अभ्यावेदनों पर विचार करने के बाद 14 सीटों पर मतदान की तिथि 13 नवंबर (बुधवार) से बदलकर 20 नवंबर करने का निर्णय लिया है।

## डीजीपी रश्मि शुक्ला के खिलाफ शिकायतें मिलने के बाद आयोग ने दिया ट्रांसफर का आदेश

**मुंबई।** चुनाव आयोग के आदेश पर महाराष्ट्र के मुख्य सचिव ने सोमवार को राज्य की पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है। उनकी जगह नई नियुक्ति होने तक डीजीपी का अतिरिक्त कार्यभार मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर को सौंपा गया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं और मतगणना 23 नवंबर को होगी। चुनाव आयोग ने कई शिकायतों को ध्यान में रखते हुए राज्य के मुख्य सचिव को तत्काल रश्मि शुक्ला को डीजीपी पद से हटाने का आदेश दिया था। साथ ही चुनाव आयोग ने इस पद पर नियुक्ति के लिए बुधवार दोपहर 1 बजे तक तीन आईपीएस अधिकारियों का नाम भेजने का भी निर्देश दिया है। चुनाव आयोग के आदेश पर राज्य के मुख्य सचिव ने तत्काल रश्मि शुक्ला का डीजीपी पद से तबादला कर दिया है। हालांकि, अभी तक तय नहीं किया गया है कि उनका तबादला कहां किया जाएगा। मुख्य सचिव ने डीजीपी का कार्यभार मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर को सौंप दिया है।

## अब्दुल रहीम राथर चुने गए जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष



**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता और चरार-ए-शरीफ से सात बार के विधायक अब्दुल रहीम राथर को सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की विधानसभा का पहला अध्यक्ष चुना गया। विपक्षी दलों द्वारा इस पद के लिए चुनाव न लड़ने का फैसला करने के बाद राथर को ध्वनि मत से अध्यक्ष चुना गया। चुनाव के बाद सदन के नेता उमर अब्दुल्ला और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने अब्दुल रहीम राथर को विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी तक पहुंचाया। इस दौरान प्रोटेम स्पीकर मुबारक गुल और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अब्दुल रहीम राथर को बधाई दी।

## तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट शीतकाल के लिए बंद



**रुद्रप्रयाग/ऊखीमठ/तुंगनाथ।** पंचकेदारों में प्रतिष्ठित तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर के कपाट सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे शुभ मुहूर्त पर विधि-विधान से शीतकाल के लिए बंद हो गए। पांच सौ से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। इस यात्रा वर्ष में पौने दो लाख श्रद्धालु तुंगनाथ पहुंचे। कपाट बंद होने के बाद भगवान तुंगनाथ की उत्सव डोली ने स्थानीय वाद्य यंत्रों ढोल- दमाऊं सहित बाबा तुंगनाथ के जय उद्घोष के साथ प्रथम पड़ाव चोपता को प्रस्थान किया। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तुंगनाथ मंदिर के कपाट बंद होने के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि इस यात्रा वर्ष एक लाख सत्तर हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने भगवान तुंगनाथ के दर्शन किए। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने भी कपाट बंद होने पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। कपाट बंद होने के बाद मंदिर समिति कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के साथ मंदिर की परिक्रमा पश्चात अखोड़ी और हुडु गांव के हक-हकूकधारी भगवान तुंगनाथ की चल विग्रह डोली के साथ चोपता को प्रस्थान हुए।

## आरजी कर मामला : आंदोलन जारी रखने के लिए 80 संगठनों ने बनाया 'अभया मंच'



**कोलकाता।** इस साल अगस्त में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के बाद विरोध प्रदर्शन जारी रखने के लिए 80 से अधिक विभिन्न संगठनों ने एकजुट होकर 'अभया मंच' नाम से एक मंच बनाया है। महिला डॉक्टर का शव 9 अगस्त को सुबह अस्पताल के सेमिनार हॉल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। यौन उत्पीड़न के मामलों में पीड़िता की पहचान उजागर करना कानूनन वर्जित है, इसलिए प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने मृतक महिला डॉक्टर का नाम 'अभया' रखा है। नए संयुक्त मंच में राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों से जुड़े प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों के प्रतिनिधि, नागरिक समाज और मशहूर हस्तियों के प्रतिनिधि तथा प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टरों के साथ एकजुटता व्यक्त करने वाले आम लोग शामिल होंगे। पहले से ही, जूनियर डॉक्टरों का संगठन 'पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' (डब्ल्यूबीजेडीएफ) महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुद्दे पर आंदोलन का नेतृत्व कर रहा है।

# यूपी कैबिनेट का फैसला, अब शिक्षकों को सिर्फ तीन साल में ट्रांसफर का मिलेगा अवसर

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिसमें अब शिक्षकों को पांच वर्षों की न्यूनतम सेवा के बजाय केवल तीन वर्षों की सेवा के बाद स्थानांतरण का अधिकार मिल सकेगा। इस निर्णय से घर से दूर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सेवाएं दे रही महिला शिक्षकों को विशेष लाभ होगा, क्योंकि उन्हें अपने परिवार के पास वापस आने का अवसर पहले से कम समय में मिल सकेगा। नियमावली-2024' के अनुसार, प्रदेश के सहायता प्राप्त डिग्री कॉलेजों में कार्यरत शिक्षक, जो नियमित आधार पर नियुक्त और स्थायी रूप से पदस्थापित हैं, अब केवल तीन वर्षों की सेवा के बाद अपने स्थानांतरण का अनुरोध कर सकेंगे। इससे पहले यह सीमा 5 साल थी। नई नियमावली के अंतर्गत यह प्रावधान भी है कि शिक्षक अपने संपूर्ण सेवा काल में केवल एक बार स्थानांतरण के हकदार होंगे। योगी सरकार की मंशा है कि इससे शिक्षक समुदाय में सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। घर से दूर रहने के कारण कठिनाई महसूस कर रही महिला शिक्षकों और अन्य शिक्षकों को इस नियमावली से काफी राहत मिलेगी। योगी सरकार के इस कदम को शिक्षा प्रणाली में संतुलन और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में एक ठोस प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

# जन समस्याओं को नजरअंदाज कर नकरात्मक राजनीति में व्यस्त हैं कांग्रेस-भाजपा : मायावती

**एजेंसी। लखनऊ**



बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी समेत कई जन समस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रित करने की बजाए भाजपा और कांग्रेस ज्यादातार आरोप-प्रत्यारोप की नकरात्मक राजनीति में ही अभी व्यस्त हैं। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां पर इन लोगों ने मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है। जनता खुली आंखों से देख रही है कि इनके द्वारा किए गये पिछले चुनावी वादों का क्या बुरा हाल हो रहा है। मायावती ने एक बयान में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या फिर भाजपा की, दोनों दलों ने जनता से जो वादे किये थे वो ईमानदारी से नहीं निभाए जा रहे हैं। क्योंकि इनके वादे होते ही लोगों को गुमराह करने व सरकार बन जाने पर उन्हें भुला देने के लिए। यही कारण है कि खासकर हिमांचल प्रदेश, कर्नाटक की कांग्रेस सरकारें वादाखिलाफी का आरोप झेल रही हैं। भाजपा की विभिन्न सरकारें सरकार बन जाने पर जनहित व जनकल्याण के वास्तविक ज्वलंत मुद्दों पर से ध्यान भटकाने के लिए अनेक प्रकार की जुगाड़ की राजनीति करती नजर आती हैं। वे कर्म को धर्म नहीं मानकर धर्म के ही कार्यक्रमों में ज्यादा व्यस्त नजर आती हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क :** शत्रुभय, चिंताएं संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मीन :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भूख और गरीबी पर होगी चर्चा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत, जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन (पी20) में शिरकत करेगा। यहां इस सम्मेलन के दौरान जी20 देशों के सांसद भूख, गरीबी और असमानता के खिलाफ लड़ाई में संसदों के योगदान पर चर्चा करेंगे।

इसके अलावा सतत विकास को बढ़ावा देने में संसदों की भूमिका, 21वीं सदी की चुनौतियों के अनुकूल वैश्विक शासन के प्रबंधन में संसद सहित कई अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर इस सम्मेलन में बहस और चर्चा की जाएगी। यह शिखर सम्मेलन 6 से 8 नवंबर तक ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने जा रहा है। वर्तमान में भारत को जी 20 राष्ट्र समूह के एक सर्वाधिक सक्रिय सहयोगी के रूप में देखा जा रहा है। जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कई महत्वपूर्ण लोगों को शामिल किया गया है। राज्यसभा सचिवालय के मुताबिक ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने जा रहे जी20 संसदीय अध्यक्ष शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश करेंगे। दसवें पी20 शिखर सम्मेलन में एक न्याययुक्त विश्व और एक धारणीय ग्रह के लिए संसद के आदर्श वाक्य के तहत बहस होगी। इसके अलावा इस सम्मेलन के दौरान विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा।

## चिराग दिल्ली में छठ पूजा रोकने के पीछे बांसुरी स्वराज का षड्यंत्र : सौरभ भारद्वाज



**नई दिल्ली।** चिराग दिल्ली के इलाके में छठ पूजा मनाने को लेकर बीजेपी और आम आदमी पार्टी के बीच तकरार जारी है। आम आदमी पार्टी ने बीजेपी को पूर्वांचली भाई-बहनों का विरोधी बताते हुए इसके पीछे बांसुरी स्वराज का षड्यंत्र बताया है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली के छठ घाटों पर भाजपा पर गुंडागर्दी कर पुलिस भेजकर पूर्वांचली भाई-बहनों को छठ मनाने से रोकने का भी आरोप लगाया है। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चिराग दिल्ली में छठ पूजा आयोजक और कुछ महिलाओं के साथ मिलकर अपना रोष जताया। उन्होंने कहा कि चिराग दिल्ली के सतपुला ग्राउंड पर पूर्वांचली भाई-बहन छठ पूजा विधि-विधान से मनाते थे। 8 साल से यहां छठ पूजा हो रही है। इस बार भी दिल्ली सरकार ने परमिशन दी थी और दिल्ली के 1,000 छठ घाटों में इसका भी नाम है। लेकिन, इस बार इन्हें यहां पूजा नहीं करने दी जा रही। लोग पहले से कह रहे हैं कि बीजेपी की डीडीए द्वारा इन्हें पूजा करने से रोका जा रहा है, इस षड्यंत्र के पीछे बांसुरी स्वराज हैं।

## बिहार सरकार की मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना

# अब तक 342 खिलाड़ियों को मिली नौकरी

- प्रखंड स्तर पर 250 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है

**एजेंसी। पटना**



बिहार सरकार द्वारा 2010 में शुरू की गई 'मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना के तहत अब तक 342 खिलाड़ियों को नौकरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वर्ष 2010 में ही घोषणा करते हुए कहा था कि खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी मेडल जीतें, सरकार उन्हें नौकरी देगी। इसके तहत वर्ष 2010 में 33 खिलाड़ियों, वर्ष 2011 में 125 खिलाड़ियों, वर्ष 2015 में 82 खिलाड़ियों तथा वर्ष 2020 में 31 खिलाड़ियों को यानी 271 खिलाड़ियों को लिपिक वर्ग की नौकरियां दी गई। इसके बाद राज्य में खेलों के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ तर्ज पर बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई गई। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पदक जीतने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी विभागों में नियुक्ति देने का प्रावधान किया गया है। वर्ष 2023-24 में मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना के तहत 71 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न सरकारी विभागों में प्रथम वर्ग श्रेणी की सरकारी नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा गया। अब तक बिहार में 342 खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है।

**2010 से दी जा रही है नौकरी**

रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की तर्ज पर ही वर्ष 2010 से बिहार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जाने लगी। नये नियम के अनुसार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर एसडीओ एवं डीएसपी तक बनने का मौका मिलेगा। इस नियमावली के तहत हाल ही में 71 खिलाड़ियों को नौकरी दी गई है, जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शामिल हैं। 69 को पुलिस अवर निरीक्षक, समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं लिपिक की नौकरियां दी गयी हैं। राज्य में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें अब तक लगभग 250 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का विषय : रोहित



*भारतीय कप्तान ने कहा, "हमने (न्यूजीलैंड सीरीज में) बहुत सारी गलतियां कीं, इसलिए मुझे लगता है कि उन गलतियों को सुधारना होगा और हम इस बारे में बात करेंगे।*

एजेंसी

**मुंबई ।** न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से वाइटवॉश में भारतीय बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है, कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को यह चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को जल्द से जल्द इससे उबरना होगा क्योंकि उनके पास "ऑस्ट्रेलिया में कुछ खास करने" का अच्छा मौका है। भारत को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है, जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की स्टैंडिंग में टीम के दूसरे स्थान पर खिसकने के बाद बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। भारत ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं और सीरीज जीत की हैट्रिक की उम्मीद कर रहा है। लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ बल्लेबाजी इकाई के पूरी तरह से आत्मसमर्पण और विशेष रूप से टीम के दो सबसे वरिष्ठ खिलाड़ियों - रोहित शर्मा और विराट कोहली - के रन बनाने में विफलता ने लोगों को भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ संभावनाओं पर संदेह पैदा कर दिया है। "जाहिर है कि यह निस्संदेह चिंता का विषय है। अगर आपको पता है कि बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह चिंता का विषय है। लेकिन जो हो गया सो हो गया। रविवार को न्यूजीलैंड के हाथों भारत की 0-3 से हार के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित शर्मा ने कहा, "अब मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी, एक कप्तान और एक टीम के तौर पर हम सभी को आगे देखना होगा और देखना होगा कि हम यहां जो हासिल नहीं कर पाए, उसे कैसे सुधार सकते हैं। हमारे पास ऑस्ट्रेलिया में जाकर कुछ खास करने का अच्छा मौका है। इसलिए हम इस पर ध्यान केंद्रित करेंगे। हम कोशिश करेंगे और देखेंगे कि वहां क्या करने की जरूरत है। जैसा कि मैंने अभी कहा, ज्यादातर खिलाड़ी वहां गए हैं और कुछ नहीं गए हैं। उन्होंने कहा, "इसलिए यह उन खिलाड़ियों के लिए एक अच्छी चुनौती होगी जो वहां गए हैं और जो पहली बार ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं। तो हां, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम जानते हैं, हम सीरीज के महत्व को समझते हैं लेकिन अभी हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि हमने क्या सही नहीं किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें न्यूजीलैंड सीरीज में की गई गलतियों को सुधारना होगा। भारतीय कप्तान ने कहा, "हमने (न्यूजीलैंड सीरीज में) बहुत सारी गलतियां कीं, इसलिए मुझे लगता है कि उन गलतियों को सुधारना होगा और हम इस बारे में बात करेंगे। और फिर जब आप ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे, तो मुझे लगता है कि उस खास सीरीज, पहले टेस्ट मैच पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। आप जानते हैं, यह पांच टेस्ट मैचों की सीरीज है। इसलिए उन टेस्ट मैचों को तोड़ना, एक टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करना और फिर वहीं से आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है।

## ऐसा माहौल बनाना महत्वपूर्ण होगा जहां वे सहज महसूस करें और इस बात से भयभीत न हों

उन्होंने कहा कि आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए कुछ युवा खिलाड़ियों के साथ भारतीय टीम को तैयार करना चुनौतीपूर्ण होगा। "यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण होने वाला है। आप जानते हैं, हम खेल और उस सब के बारे में बहुत बात करते हैं, लेकिन फिर से हर व्यक्ति के साथ बैठना और उन्हें यह बताना कि क्या करने की ज़रूरत है या आपको अपनी मानसिकता को कैसे सही करने की ज़रूरत है, यह हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है क्योंकि वे अपने खेल के बारे में एक निश्चित मानसिकता, निश्चित सोच के साथ आते हैं, और इसने उन्हें अतीत में सफलता दिलाई है। "हम सभी समझते हैं कि ऑस्ट्रेलिया एक अलग तरह का खेल होने जा रहा है। लेकिन उन सभी युवा खिलाड़ियों के लिए जो पहले वहां नहीं गए हैं, हमारे लिए, ऐसा माहौल बनाना महत्वपूर्ण होगा जहां वे सहज महसूस करें।

**पंत के विवादास्पद आउट होने पर रोहित ने कहा**

## अंपायरों को हर टीम के लिए एक ही जैसे नियम बनाने चाहिए



भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में ऋषभ पंत के विवादास्पद आउट होने के मामले में अपनी राय रखी, जिसमें तीसरे अंपायर ने बिना किसी ठोस सबूत के मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया। पंत शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे और उन्होंने 64 रन बनाए, जबकि भारत के सामने तीसरा टेस्ट जीतकर सम्मान बचाने के लिए 147 रन का लक्ष्य था। विकेटकीपर बल्लेबाज, जिन्होंने 29/5 से टीम को उबारा और 100 रन के पार पहुंचाया था, उन्हें तीसरे अंपायर ने आउट करार दिया, क्योंकि मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने फैसला सुनाया कि गेंद पैड से लगी थी और इसमें बल्ला नहीं लगा था। पंत ने अंपायर से संपर्क किया और कहा कि बल्ले से कोई संपर्क नहीं हुआ। हालांकि, तीसरे अंपायर ने मैदानी अंपायर के फैसले को पलट दिया और न्यूजीलैंड के पक्ष में निर्णय देने का फैसला किया। "उस फैसले के बारे में, ईमानदारी से, मुझे नहीं पता। अगर हम कुछ कहते हैं, तो इसे अच्छी तरह से स्वीकार नहीं किया जाता है, लेकिन अगर व्यापक सबूत हैं, तो इसे मैदानी अंपायर के फैसले के साथ खड़ा होना चाहिए।

## अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट 21 नवंबर से, 10 टीमें लेंगी हिस्सा 12 दिन में खेले जाएंगे 40 मैच

एजेंसी


**अबू धाबी ।** अबू धाबी टी10 का आठवां सीज़न 21 नवंबर से शुरू हो रहा है, टूर्नामेंट का पहला मैच टीम अबू धाबी और अजमान बोल्ट्स के बीच खेला जाएगा। इस साल के टूर्नामेंट में एक विस्तारित प्रारूप है जिसमें 10 टीमें एक रोमांचक सीज़न में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां शीर्ष पांच टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी लड़ाई में शामिल होंगी। प्रतिष्ठित जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब में केवल 12 दिनों में 40 से अधिक मैचों का आयोजन करेगा। प्लेऑफ़ सप्ताहांत के दौरान होंगे, जिसकी शुरुआत 1 दिसंबर को क्वालीफायर 1 से होगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर 1 में भिड़ेंगी, उसके बाद एलिमिनेटर 2 होगा, जहां टीम 3 एलिमिनेटर 1 के विजेता से भिड़ेगी। क्वालीफायर 1 की उपविजेता फिर क्वालीफायर 2 में एलिमिनेटर 2 के विजेता से भिड़ेंगी। ग्रैंड फिनाले 2 दिसंबर को होगा, जहां क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 के विजेता खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

2024 संस्करण में 18 विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हैं। जोस बटलर, जॉनी बेयरस्टो, मार्कस स्टोइनिस, लॉकी फर्ग्यूसन और राशिद खान जैसे क्रिकेट सुपरस्टार सभी टीमों के स्टार-स्टडेड रोस्टर में शामिल होंगे, जो क्रिकेट के एक अविस्मरणीय सीज़न का वादा करेंगे।

## घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है: सचिन तेंदुलकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा मैच 25 रन से हारने के बाद न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से मिली हार पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत बताई है। मुंबई में हार के परिणामस्वरूप, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान भी खो दिया और नए टेबल-टॉपर्स ऑस्ट्रेलिया के पीछे दूसरे स्थान पर आ गई। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, "घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच अभ्यास की कमी थी? शुभमन गिल ने पहली पारी में लचीलापन दिखाया, और ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया - उनके फुटवर्क ने चुनौतीपूर्ण सतह को पूरी तरह से अलग बना दिया।वह बस शानदार था। पूरी श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन के लिए न्यूजीलैंड को पूरा श्रेय जाता है। भारत में 3-0 से जीतना सबसे अच्छा परिणाम है। न्यूजीलैंड से हार के बाद पहली बार भारत को घरेलू टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद। यह तीन मैचों की श्रृंखला और उसके बाद घरेलू मैदान पर भारत की पहली 3-0 की क्लीन स्वीप हार भी है। भारत की श्रृंखला हार का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के हाथों गंवाए गए 57 विकेटों में से 37 विकेट स्पिनरों के हाथों गंवाए, जिसकी वजह से मेजबान टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आलोचना की। सहवाग ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, "समर्थकों के तौर पर टीम का समर्थन करना जरूरी है, लेकिन हमारी टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। स्पिन खेलने के कौशल में निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है और कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप के लिए अच्छे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ दिखावे के लिए कुछ अनावश्यक प्रयोग करना वास्तव में खराब था।टॉम लैथम और उनके खिलाड़ियों को वह करने के लिए बधाई जो हर मेहमान टीम का सपना होता है और कोई भी टीम इस तरह से जीत नहीं सकती। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अपने बड़े भाई और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद वाले बल्लेबाजों की कमी पर बात की।



### टर्निंग पिचें आपकी अपनी ही दुश्मन बन रही हैं

*इरफ़ान ने एक्स पर लिखा, "कल मेरी युसूफ पठान भाई के साथ अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बारे में एक सही बात कही - हम या तो घास वाली पिचों पर या सपाट ट्रैक पर खेल रहे हैं, लेकिन अब शायद ही कभी टर्निंग सरफेस पर खेलते हैं। साथ ही, शीर्ष खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। यह हमें लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है। भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने टेस्ट टीम से घरेलू मैदान पर बेहतर पिचों पर बल्लेबाजी करने का आह्वान किया और उनसे टर्निंग पिचों पर नहीं खेलने का आग्रह किया। "टर्निंग पिचें आपकी अपनी दुश्मन बन रही हैं। न्यूज़ीलैंड को बधाई हो। आपने हमें मात दी। कई सालों से कह रहा हूं। टीम इंडिया को बेहतर पिचों पर खेलने की जरूरत है। ये टर्निंग पिचें हर बल्लेबाज को बहुत साधारण बना रही हैं।*

## जापान ने जीता आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैंपियनशिप का खिताब

**बीजिंग ।** जापान ने रविवार को बीजिंग के शौगांग आइस हॉकी एरेना में चीन को 5-0 से हराकर आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। जापान ने शुरू से ही नियंत्रण बनाए रखा, पहले दौर में 23 शॉट लगाए और एक गोल के साथ शुरुआती बढ़त हासिल की। चीन ने दूसरे दौर में अपना बचाव कड़ा किया, जिससे जापान के स्कोरिंग के मौके सीमित हो गए, लेकिन अंतर को पाटने में असफल रहा। अंतिम दौर में, जब चीन ने बराबरी करने के लिए कड़ी मेहनत की, तो घरेलू टीम की गलतियाँ बढ़ने लगीं, जिससे जापान को चार और गोल करने और 5-0 की जीत के साथ चैंपियनशिप पर कब्ज़ा करने का मौका मिला। इससे पहले रविवार को कजाकिस्तान ने पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण कोरिया को 5-4 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान की टीमें शामिल थीं।

## ला लीगा : बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 3-1 से हराया

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने रविवार को घरेलू मैदान पर एस्पेनयोल को 3-1 से हराकर ला लीगा तालिका में शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के लिए डेनी ओल्मो ने दो गोल और राफिन्हा ने 1 गोल किया और सिर्फ आधे घंटे के बाद ही मैच पर पकड़ बना ली। ओल्मो ने मैच के 12वें मिनट में ही गोल कर बार्का को आगे कर दिया। राफिन्हा ने 10 मिनट बाद ही गोल कर बार्का की बढ़त को दोगुना कर दिया। ओल्मो ने इसके बाद आधे घंटे बाद तीसरा गोल किया और बार्सिलोना की बढ़त 3-0 कर दी। जावी पुआडो ने 63वें मिनट में एस्पेनयोल के लिए सांत्वना गोल किया। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लास पालमास को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराया, एथलेटिक क्लब और बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ हुआ और रियल सोसिएदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

## रणजी सत्र के बाद सभी प्रारूपों से संन्यास लेंगे साहा



**नई दिल्ली।** रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा संस्करण के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज साहा ने 2010 और 2021 के बीच 40 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और नौ टी20आई में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न पक्षों के लिए 170 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में भी हिस्सा लिया। साहा ने रविवार रात एक्स पर पोस्ट किया, "क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा। रिटायर होने से पहले मैं बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आखिरी बार सम्मानित महसूस कर रहा हूं।



## अक्टूबर में भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने पकड़ी गति, मजबूत मांग ने दी रफ्तार

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सितंबर के आठ महीने के निचले स्तर से अक्टूबर में सुधार के साथ 57.5 हो गई। सोमवार को एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) सितंबर में आठ महीने के निम्नतम स्तर 56.5 से बढ़कर अक्टूबर में 57.5 हो गया, जो परिचालन स्थितियों में पर्याप्त तथा त्वरित सुधार का संकेत है। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत के मुख्य विनिर्माण पीएमआई में अक्टूबर में काफी वृद्धि हुई है, क्योंकि अर्थव्यवस्था की परिचालन स्थितियों में व्यापक रूप से सुधार जारी है। तेजी से बढ़ते नए ऑर्डर तथा अंतरराष्ट्रीय बिक्री भारत के विनिर्माण क्षेत्र के लिए मजबूत मांग वृद्धि को दर्शाती है। भारतीय वस्तुओं की मजबूत मांग से प्रदर्शन में तेजी आई।

## सोना और चांदी में तेजी जारी रहने का अनुमान अगली दिवाली तक मिल सकता है शानदार रिटर्न

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जियो पॉलिटिकल टेंशन और ग्लोबल इकोनॉमी में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण गोल्ड मार्केट में लगातार तेजी बनी हुई है।दिवाली को आमतौर पर हिंदू कारोबारी कैलेंडर की शुरुआत माना जाता है। पिछली दिवाली से लेकर इस दिवाली तक सोने की कीमत में करीब 31 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। माना जा रहा है कि अगले साल यानी 2025 की दिवाली तक सोने की कीमत में 18 से 22 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। इसी तरह चांदी की कीमत भी 30 प्रतिशत तक उछल सकती है। सोने की कीमत में आई तेजी की सबसे बड़ी वजह जियो पॉलिटिकल टेंशन को माना जा रहा है। इसके साथ ही कई देशों के केंद्रीय बैंकों की ओर से ब्याज दरों में कमी करने, ग्लोबल इकॉनमी में उतार-चढ़ाव होने और दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में गिरावट आने के कारण भी वैश्विक स्तर पर सोने को सपोर्ट मिला है।जानकारों का कहना है कि सोना और चांदी को परंपरागत रूप से इन्वेस्टमेंट का सेफ इंस्ट्रूमेंट माना जाता है। इसीलिए कभी भी तनाव होने या वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होने पर सोने में निवेश बढ़ जाता है। पिछली दिवाली से लेकर इस दिवाली के बीच भी दुनिया भर में तनाव की स्थिति बनी रही। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के अलावा इजरायल और हमास तथा हिज्बुल्लाह के बीच शुरू हुए संघर्ष ने जियो पोलिटिकल टेंशन को काफी बढ़ा दिया। अब इस जंग में ईरान के भी शामिल हो जाने की वजह से तनाव और बढ़ गया है, जिसके कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था भी बुरी तरह से प्रभावित हुई है। इसी दौरान दुनिया के कई देशों ने ब्याज दरों में कटौती भी की है, जिससे मार्केट की लिक्विडिटी पहले की तुलना में बढ़ गई है। यही वजह है कि निवेशक सेफ इन्वेस्टमेंट के रूप में सोना और चांदी में जमकर निवेश कर रहे हैं। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहता है कि 2023 की दिवाली से लेकर 2024 की दिवाली के दौरान सोने ने निवेशकों को शेयर मार्केट के एवरेज रिटर्न से ज्यादा रिटर्न दिया है।



**2023 की दिवाली से लेकर 2024 की दिवाली के दौरान सोने ने निवेशकों को शेयर मार्केट के एवरेज रिटर्न से ज्यादा रिटर्न दिया है।**

### सोने की कीमत 15 से 18 प्रतिशत तक भी तेज हो सकती है

ऐसी स्थिति में मार्केट एक्सपर्ट्स सोने की कीमत में कम से कम 10 प्रतिशत तक की तेजी का अनुमान लगा रहे हैं। इसके साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि अगर केंद्र सरकार द्वारा सोने की इंपोर्ट ड्यूटी में की गई कटौती का असर बना रहा, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार से इसकी लिवाली और बढ़ेगी, जिसके कारण सोने की कीमत 15 से 18 प्रतिशत तक भी तेज हो सकती है। इसके अलावा अगर भारतीय रिजर्व बैंक ने दिसंबर में या फिर फरवरी में ब्याज दरों में कटौती करने का फैसला लिया, तो इससे भी सोने की कीमत को सपोर्ट मिलेगा।

## सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नई बीज श्रेणियां लॉन्च कीं

**नई दिल्ली।** सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नई बीज श्रेणियां लॉन्च कीं है। इसके साथ ही अब जीईएम पोर्टल पर लगभग 8,000 बीज की किस्में उपलब्ध हो गईं हैं। इन श्रेणियों को आगामी फसल सीजन से पहले लॉन्च किया गया है, ताकि केंद्र और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) और अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए कुशल खरीद की सुविधा मिल सके। जीईएम की डिप्टी सीईओ रोली खरे ने कहा कि विक्रेताओं को इन नई बीज श्रेणियों का लाभ उठाने और सरकारी निविदाओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए अपनी पेशकशों को सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य निकायों को लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बीज खरीद के लिए इन श्रेणियों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। खरे ने कहा कि इस पहल से पूरे भारत में बीज वितरण को अनुकूलित करने की उम्मीद है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में कनाडा अमेरिका व जर्मनी से आगे भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक के लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा शेयर बाजार में लगातार बिकवाली और बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 25 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3.46 अरब डॉलर घटकर 684.8 अरब डॉलर रह गया। हालांकि, विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर भारत अभी भी विश्व के टॉप पांच देशों में अपनी जगह बनाता है। विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर भारत चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद चौथे नंबर पर अपनी जगह बनाता है। भारत विदेशी मुद्रा भंडार को लेकर अमेरिका, जर्मनी और कनाडा जैसे देशों को पीछे छोड़ चुका है। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अभी रिकॉर्ड हाई पर है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 बिलियन का आंकड़ा छू चुका है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 704 बिलियन के आंकड़े को छू गया था। केंद्रीय बैंक के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा स्वर्ण भंडार, सप्ताह के दौरान 1.08 अरब डॉलर बढ़कर 68.53 अरब डॉलर हो गया। भू-राजनीतिक तनाव के बीच सोने की खरीद में उछाल आया है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, सोना अब अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों के खिलाफ भी बचाव का काम कर रहा है, पारंपरिक रूप से यह एक सुरक्षित निवेश और मुद्रास्फीति के खिलाफ बचाव का साधन रहा है। मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद, सोना नई ऊंचाई पर पहुंच गया है।



▸ मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद, सोना नई ऊंचाई पर पहुंच गया है।

### गढ़वा में भाजपा नेताओं का विश्वास और समर्थन का आह्वान

# झारखंड को लुटेरी सरकार से बचाकर विकास की ओर ले जाना है : बाबूलाल मरांडी

**गढ़वा में प्रधानमंत्री की विजय संकल्प सभा: भाजपा नेताओं का विकास का संकल्प**

मनीष तिवारी

**गढ़वा।** जिले के चेतना मैदान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विजय संकल्प सभा में भाजपा नेताओं ने झारखंड के विकास के लिए भाजपा की सरकार को आवश्यक बताया। इस सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार गरीबों के अधिकारों का हनन कर रही है और प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन कर रही है। उन्होंने कहा कि 'भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जो संविधान की रक्षा कर सकती है और राज्य को विकास के पथ पर तेजी से आगे ले जा सकती है।' उन्होंने डबल इंजन की सरकार के महत्व पर जोर देते हुए जनता से अपील की कि भाजपा गठबंधन को समर्थन देकर राज्य के विकास में सहयोगी बनें। सभा की शुरूआत में पलामू के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी और गढ़वा जिला अध्यक्ष ने अपने विचार रखे। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि 'अब हुसैनाबाद की जनता समझ चुकी है कि क्षेत्र का वास्तविक विकास भाजपा ही कर सकती है, और इसी विश्वास के साथ वे भाजपा का समर्थन कर रहे हैं।' वहीं, भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूरे झारखंड में भाजपा का परचम लहराएगा। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों ने क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। डाल्टनगंज विधानसभा के नेता आलोक कुमार चौरसिया ने क्षेत्र में सड़क निर्माण से लेकर किसानों के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए जनता का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री जी झारखंड के विकास के लिए यहां आए हैं, हमें उनके साथ मिलकर विकास को गति देनी है।' रामचंद्र चंद्रवंशी ने भी भाजपा द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की और जनता से आगे भी सहयोग की अपील की। सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि गढ़वा में अब असली विकास की शुरूआत होगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से सोच-समझकर मतदान करने और प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने का आग्रह किया, ताकि डबल इंजन की सरकार बन सके। सभा में भाजपा की ओर से पुष्पा देवी और कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, 'भाजपा जो कहती है, वह करती है, और यही पार्टी झारखंड का सर्वांगीण विकास कर सकती है।'



## प्रधानमंत्री मोदी का गरमजोशी से स्वागत

गढ़वा के चेतना मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहुंचना ही जैसे एक उत्सव बन गया। जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर आए, उन्होंने अपने अंदाज में जनता का अभिवादन करते हुए कहा, सब ठीक बा न...ह्व इस अभिवादन के बाद उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का स्वागत किया और और फिर छठ मैया से क्षेत्र की शांति समृद्धि की दुआ की और अपनी बात शुरू की। प्रधानमंत्री ने दोपहर 11:45 बजे अपने भाषण की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। मंच पर उनके साथ भाजपा के प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी, भानु प्रताप शाही, रामचंद्र चंद्रवंशी, कमलेश सिंह, कु. शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया और पुष्पा देवी भी उपस्थित थे।

## युवक ने मालगाड़ी के आगे कूद कर की आत्महत्या



**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑनसोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के रेलवे क्रासिंग के समीप एक युवक ने सोमवार की शाम करीब 5: 30 मालगाड़ी के आगे कूदकर उसने आत्म हत्या कर ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया गांव का बताया जाता है। इसकी सूचना केबिन मैन ने तत्काल जपला आरपीएफ पोस्ट प्रभारी को दी, ततपश्चात आरपीएफ के पहुंचने के पूर्व मृतक के परिजनों ने शव को लेकर घर चले गए।उधर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की ट्रैक पर मालगाड़ी को लेकर रेलवे फाटक बंद था, वह युवक रेलवे क्रासिंग के इर्द गिर्द घुम रहा था, जैसे ही मालगाड़ी सामने आया, वह युवक दौड़कर मालगाड़ी के सामने रेलवे ट्रैक पर अपना सर रख दिया। जिसके चपेट में आने से उसका गर्दन कटकर धड़ से अलग हो गया। उक्त मृतक युवक की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के कालापहाड़ पंचायत के लावादाग गांव निवासी उदय ठाकुर का पुत्र विकास कुमार के रूप में हुई हैं।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने अंतर जिला अस्थाई चेकपोस्ट का किया निरीक्षण



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बलबल में स्थापित अंतर जिला अस्थाई चेकपोस्ट का ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप ने सोमवार को निरीक्षण किया। इस क्रम में उपायुक्त ने अंतर जिला चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने सख्ती व सघनता के साथ वाहन चेकिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा आने-जाने वाले सभी दो पहिए व चार पहिए वाहनों के साथ-साथ कभी-कभी यात्री वाहनों की भी चेकिंग करें। चेकिंग के दौरान वीडियो ग्राफी करने का भी निर्देश दिया। किसी भी तरह की सूचना प्राप्त होने पर इसकी सूचना जिला कार्यालय को देने का भी निर्देश दिया। चेकिंग अभियान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों, पदाधिकारियों पर कारवाई करने की चेतावनी दिया।

### हेरहंज में स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई जागरूकता रैली

**हेरहंज।** आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार की दोपहर हेरहंज प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार एवं थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह पवैया ने संयुक्त रूप से किया। यह जागरूकता रैली प्रखंड कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस जागरूकता रैली में प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सैकड़ो की संख्या में भाग लिया और इस दौरान छात्र छात्राएं हाथ में पोस्टर लिए लोगों से विधानसभा चुनाव को लेकर आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के तमाम मतदाताओं से लोकतंत्र की मजबूती प्रदान करने के लिए अपने घरों से बाहर निकाल मतदान करने का अपील किया।

### दर्जनों ग्रामीणों ने इंडिया गंठबंधन की सदस्यता ग्रहण की

**छतरपुर।** बगैया पंचायत के पंचायत भवन में वर्तमान मुखिया कुमारी पूजा पूनम देवी उनके पति समाजसेवी मुन्ना चन्द्रवंशी, उपप्रमुख संतोष यादव, पूर्व मुखिया राजेन्द्र यादव के नेतृव में उनके समेत सौ से अधिक लोगों ने राजद और भाजपा को छोड़कर कर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राधाकृष्ण किशोर ने माला पहनाकर स्वागत कर सदस्यता दिलाई। इंडिया गठबंधन के हाथ छाप के प्रत्याशी ने कहा कि 1980 से जो प्यार मिला उसे स्नेह प्यार देते हुए आखिरी चुनाव जीता कर भेजे। उन्होंने कहा कि कभी कोई भी छतरपुर विधानसभा से दुबारा विधायक बनाकर नहीं भेजा, लेकिन राधाकृष्ण किशोर पर भरोसा करते हुए छतरपुर विधानसभा से जनता ने पांच बार जीता कर भेजा उन्हेंने। कहा कि भाजपा आसाम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्वशर्मा ने भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह के पक्ष में वोट कर हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए घोषणा किया वही छतरपुर में यूपी के परिवहन मंत्री ने पुष्पा देवी के पक्ष में वोट मांग कर छतरपुर को जिला बनवाये। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि भाजपा बेवकूफ बना रही है। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस अलग नहीं है। गठबंधन ने कांग्रेस से मुझे प्रत्याशी बनाकर भेजा है। मौके पर कांग्रेस के ओबीसी के जिला अध्यक्ष धनंज्जय यादव, जिला साचिव खालिद राजा, नगर अध्यक्ष मुस्ताक अहमद, प्रखंड अध्यक्ष गोपाल सिंह, कुर्बान अंसारी, मोहन जयसवाल, मिथलेश सिंह, बसंत यादव, पन्नू यादव, नागेंद्र यादव, आशिक अंसारी, राजनंदन यादव, मुखिया सुदामा पासवान, कमलेश यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराई



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित रांची चतरा मुखी मार्ग बरनी ग्राम के पास एक ट्रक पेड़ से जा टकराई। घटना सोमवार तीन बजे सुबह बताई जा रही है। ड्राइवर ने बताया कि ट्रक डोभी से लेकर आ रहे थे। रात्रि सुबह तीन बजे बरनी ग्राम के पास अचानक जंगल से कोई जंगली जानवर सड़क पार कर रही थी। उसे बचाने के चलते ट्रक विशालकाय सखुआ के पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ जड़ से टूट कर गाड़ी पेड़ में जाकर टंगा गई। इतनी जोरदार टक्कर होने के बावजूद भी ड्राइवर और खलासी बाल-बाल बच गए। चालक उपचालक को नॉर्मल चोट आई है।

# छापेमारी में 10 हजार किलोग्राम जावा महुआ, 60 लीटर शराब को किया नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद ।** विधानसभा चुनाव को देखते हुए स्वच्छ और निष्पक्ष चुनाव को लेकर पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर देवरी ओपी , दंगवार ओपी के संयुक्त से रूप अवैध महुआ शराब के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान देवरी और दंगवार सोन नदी के डीला पर अवैध शराब की भट्ठियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान करीब दस हजार जावा महुआ, 60 लीटर महुआ शराब, और 900 किलोग्राम सुखा महुआ, 80 केजी गुड़ व शराब बनाने वाले उपकरण को विनिष्ट कर सोन नदी में बहा दिया गया। साथ ही शराब की 15 भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस की इस कारवाई के बाद अवैध महुआ शराब बनाने वाले माफियाओं में हड़कंप है। इस अभियान में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एएसआई बिलुंग, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता के अलावा पुलिस के कई जवान शामिल थे।

### 5 हजार रुपये का अवैध विदेशी शराब को बरामद, दो फरार

**हुसैनाबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर देवरी ओपी पुलिस ने चेकपोस्ट पर जांच के क्रम में रविवार देर रात बिना नंबर प्लेट के सोन नदी से जपता की तरफ आते एक बाइक से अवैध विदेशी शराब बरामद किया है। अवैध शराब को सफेद बोरा में छिपाकर रखा गया था। मौके से बाइक सवार दो व्यक्ति बाइक छोड़कर फरार हो गए। चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस बल द्वारा वाहन जांच के लिए रोके जाने पर वापस मुड़कर तेजी से भागने के क्रम में बाइक पर लदा एक सफेद बोरा को छोड़कर दोनों बाइक सवार भाग निकले। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि उक्त बोरे को खोलने के बाद उसमें एक पेटी गॉडफादर कंपनी का बीयर 500 एमएल का 24 पीस, जिसका अनुमानित मूल्य 2, 520 रुपए हैं। एक पेटी में 375 एमएल का 9 बोतल रॉयल स्टेज विदेशी शराब पकड़ा गया, जिसका अनुमानित मूल्य 2,295 रुपए सहित कुल मूल्य 4,815 रुपए बताई जाती हैं। उन्होंने बताया कि उक्त शराब को जब्त कर ओपी परिसर में सुरक्षित रखा गया है। इस संबंध में देवरी ओपी में दो अज्ञात लोगों पर अवैध शराब ले जाने संबंधी सनहा दर्ज किया गया है।

## अवैध रूप से बिजली जला रहे तीन दुकानदारों को विद्युत विभाग में पकड़ा



नवीन मेल संवाददाता

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के साथ साथ विभिन्न गांवों एवं चौक चौराहों पर विद्युत विभाग ने सोमवार को छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। इस दौरान अवैध रूप से बिना कनेक्शन लिए बिजली की उपयोग कर रहे तीन दुकानदारों को पकड़ा। विद्युत विभाग के छापेमारी अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मच गई। कनीय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि बगैर बिजली कनेक्शन लिए यदि कोई भी दुकानदार या उपभोक्ता विद्युत की उपयोग करता है तो गैर कानूनी माना जाएगा। पकड़े जाने पर आर्थिक दंड के साथ-साथ उसके विरुद्ध विद्युत चोरी की प्राथमिक की दर्ज किया जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी वैसे लोगों पर होगी जो अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हैं। उन्होंने दुकानदारों व उपभोक्ताओं को विद्युत कनेक्शन लेने के पश्चात बिजली की उपयोग करने की सलाह दिया। वहीं दूसरी ओर विद्युत चोरी को लेकर तीन दुकानदारों के विरुद्ध थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई। जबकि आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया। छापेमारी अभियान में विद्युत विभाग के विकास कुमार,संतोष दांगी, महावीर दांगी, पंकज कुमार, मनीष केसरी गोविंद रजक विकास दांगी, रमेश तिर्की,हुलास तिर्की सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

### बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए किया मतदान, आज भी होगा होम वोटिंग

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता (एभीएससी और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं (एभीपीडी) को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंच मतदान करने में शारीरिक रूप से असक्षम हैं और 85 वर्ष की उम्र से अधिक तथा दिव्यांगता 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने होम वोटिंग पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया। होम वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों ने बुजूर्गों और दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना था, उनके घर जाकर उत्साहवर्धन किया और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की। साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं के परिवारजनों को भी 13 नवंबर को अपने बूथ पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। 5 नवंबर को भी होगा होम वोटिंग।

### मतदान केंद्रों के रिलोकेशन को लेकर हुई बैठक

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान केंद्रों के रिलोकेशन से संबंधित बैठक सभी विधानसभा चुनाव के अभ्यर्थी एवं सभी जिला अध्यक्ष, सचिव मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जिला इकाई चतरा की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। उक्त बैठक में 3 मतदान केंद्रों के रिलोकेशन पर सर्वसम्मति से अनुमति प्रदान की गई।

## मतदाता जागरूकता के लिए रन फॉर वोट का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देशानुसार विधान सभा चुनाव 2024 में जिले अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को विभिन्न स्तर से जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में आज शहरी क्षेत्र में मतदाताओं तथा युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत रन फॉर वोट का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। रन फॉर वोट दौड़ जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़ चढ़ कर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। रन फॉर वोट प्रतियोगिता में पुरुष के लिए 6 किलोमीटर और महिला के लिए 4 किलोमीटर की दूरी निर्धारित थी। पुरुष में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्रवण कुमार, द्वितीय स्थान पर दिलीप कुमार ,तृतीय स्थान पर रोहित उरांव एवं व महिला में प्रथम स्थान पर अनुपा उरांव, द्वितीय स्थान पर सुनैना कुमारी ,तृतीय स्थान पर क्रांति कुमारी विजेता प्रतिभागियों को प्रथम 5000, द्वितीय 3000, तृतीय 2000 प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुब्बारे उड़ाकर लोगों के बीच मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। 13 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र के निर्माण में प्रत्येक वोट की महत्व के बारे में बताया गया आगामी 13 नवंबर को स्वयं भी मतदान करने तथा अपने परिवार के सभी सदस्य एवं आस पास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने प्रेरित किया गया।



### मतदान के लिए किया जागरूक

**महुआडांड़।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान व प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आयोजित रन फॉर वोट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा, थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस दौड़ की शुरूआत प्रखंड कार्यालय परिसर से हुई। दौड़ रामपुर होते हुए बिरसा चौक पहुंची। मौके पर पदाधिकारियों ने वोट करने और दूसरों को भी वोट करने के लिए प्रेरित करने कीअपील की। इस दौरान एसआई राकेश कुमार, आई केयर की प्रोपराइटर संजू कुमारी, मोहम्मद खुर्शीद, रविंद्र ठाकुर, संटु प्रसाद समेतअनुमंडल एवं पुलिस प्रशासन के कर्मी एवं ग्रामीणों ने इस मैराथन दौड़ में भाग लिया।

**विस चुनाव 2024**

### सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने की पहल

# ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार वापस लिया



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ के ग्रामीणों ने रोड नहीं, तो वोट नहीं के निर्णय को वापस ले लिया है। इस दिशा में सहायक निर्वाची पदाधिकारी रणवीर कुमार व थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने पहल की। ग्रामीणों ने इस गांव में भजनियां-पंसा पथ की बदतर हालत की वजह से विस चुनाव में मतदान नहीं करने का संकल्प लिया था। 21 अक्टूबर को इससे संबंधित खबर भी राष्ट्रीय नवीन मेल में भजनियां-पंसा सड़क की हालत बदतर, कोल्हुआ के ग्रामीणों ने लिया 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का संकल्प शीर्षक से प्रकाशित किया गया था। बीडीओ-सीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी ने इसे देखते हुए गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से वोट का बहिष्कार के निर्णय को वापस लेने का आग्रह किया। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि महज सड़क को लेकर वोट बहिष्कार कर मताधिकार से वंचित होना इस समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि मुख्य धारा में शामिल हो मताधिकार का प्रयोग करने से ही सड़क क्या गांव में कोई भी विकास संभव हो सकता है। बताते चलें कि इस गांव के ग्रामीणों ने कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में भजनियां से पंसा वाया कोल्हुआ सड़क की बदतर हालत से परेशान होकर एक पखवाड़ा पहले रोड नहीं तो वोट नहीं का संकल्प लिया था। इसमें उनका कहना था कि थोड़ी सी बरसात में सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है। किसी की ज्यादा तबियत बिगड़ जाती है, तो उसकी जिंदगी और मौत के बीच परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। बच्चे भी समय से स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं। चाहे सांसद हों या विधायक दोनों ने इस सड़क को बनवा देने का वादा किया। मगर इसे निभाया नहीं। ऐसे में वे ठगा सा महसूस कर रहे हैं। लोस चुनाव से पहले इस सड़क के निर्माण की स्वीकृति दिलाने की बात की गई।

### यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष समर्थकों के साथ सपा में शामिल

**विश्रामपुर।** यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सह राजद नेता नंददेव यादव अपने समर्थकों के साथ सोमवार को समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। वरीय सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने सभी को माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। नंददेव यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी अंजू सिंह उनकी बहू की तरह है, जिसे हम सबों ने जीत का आशीर्वाद भी दे दिया है। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र में सपा का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। सपा में शामिल होने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता संपूणानंद सिंह सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## पेज एक के शेष

### भ्रष्टाचार चरम पर...

और बहनों को एक मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उड़ीसा में इस वादे को पूरा किया है।

**झामुमो और राजद पर हमला :** प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और राजद पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन दलों ने युवाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने बेरोजगारी भत्ते का वादा कर वोट हासिल किए, लेकिन कुछ भी नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पदों की भर्ती और पेपर लीक जैसे घोटाले झारखंड में उद्योग बन गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा और युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**किसानों के लिए योजनाएं :** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि किसान निधि से गढ़वा के किसानों के लिए 600 करोड़ रुपये दिए है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के आने पर कई योजनाएं लाई जाएंगी, जिससे पलायन रुकेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### झामुमो, कांग्रेस व राजद...

मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए आदिवासी आकांक्षा और उनका स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है। यही कारण है केंद्र में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी तब ही आदिवासी भाई-बहनों को अपना राज्य मिला। बीते दशक में भी हमने आदिवासियों को सामने रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। भाजपा ने भगवान बिरसा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। इसके साथ हमारी सरकार मातृभाषा का भी सम्मान करती है। इसलिए जब झारखंड भाजपा की सरकार सत्ता में आएगी तब हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान मिलेगा।

### लोक गायिका शारदा...

वहीं उनकी स्वर्गीय ननद का आवास कोकर में है। शारदा सिन्हा को 1991 में पद्मश्री व 2018 में पद्मभूषण से सम्मानित किया जा गया था। वहीं 2000 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से भी उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। इन्होंने कई फिल्मों में भी गीत गाये हैं।

### अल्मोड़ा में भीषण...

साथ ही इस दुर्घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराए जाने की घोषणा की है। इधर दुर्घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने गहरा दुख जताया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख व अपेक्षाकृत कम घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने भी बस हादसे में मृतकों के प्रति गहरा दुख जताया है।





# कनाडा में फिर हिंदू मंदिर पर खालिस्तानियों का हमला, भारी रोष

## नेताओं को मंदिर की सुविधाओं का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं

एजेंसी

**ओटावा।** ब्रैंपटन में हिंदू सभा मंदिर और भक्तों पर रविवार को हुए हमलों से हिंदू संगठनों में खासा रोष हैं। उनकी तरफ से ऐलान किया गया है कि अब राजनेताओं को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए मंदिर सुविधाओं का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रतिबंध तक तक जारी रहेगा, जब तक कि वे बढ़ते खालिस्तानी चरमपंथ के खिलाफ ठोस कदम नहीं उठाते। कनाडाई राष्ट्रीय हिंदू परिषद (सीएनसीएच) और हिंदू फेडरेशन ने मंदिर के नेताओं और कई हिंदू एडवोकेसी ग्रुप्स के साथ मिलकर यह घोषणा की। कनाडा समय के अनुसार रविवार शाम को खालिस्तानी चरमपंथियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर के परिसर के अंदर हिंदू-कनाडाई भक्तों पर हमला किया। सोशल मीडिया पर इस घटना के वीडियो वायरल हो गए और और कनाडा के कई नेताओं सहित दुनिया भर में इसकी निंदा हुई। सीएनसीएच ने कहा कि खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से ब्रैम्पटन में किए गए हिंसक हमले ने कनाडा के हिंदू समुदाय की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। प्रदर्शनकारी कथित तौर पर मंदिर के मुख्य द्वार पर इक्ट्ठा हुए, जबरन परिसर में घुस गए और मंदिर के सदस्यों और आगंतुकों पर हमला किया।

बयान में उल्लेख किया गया कि हाल के वर्षों में हिंदू कनाडाई लोगों को हिंसा की बढ़ती लहर का सामना करना पड़ा है। हिंदू पूजा स्थलों की मजबूत सुरक्षा के लिए समुदाय के नेताओं की ओर से बार-बार अपील की गई। इसके बावजूद राजनीतिक नेता बढ़ती शत्रुता को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने में विफल रहे हैं।





### कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों का हमला निंदनीय : विहिप

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा किए गए हमले की निंदा की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि कनाडा में हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों द्वारा किया गया हमला बेहद निंदनीय है। वहां भारतीय दूतावास द्वारा एक कैंप का आयोजन किया गया था। दूतावास ने इसकी पूर्व सूचना तीन दिन पहले कनाडा सरकार को दी थी और उचित सुरक्षा का आग्रह भी किया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी 31 अक्टूबर को दीवाली के अवसर पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने वक्तव्य में कहा था, इंडो-कैनेडियन कनाडा के सर्वश्रेष्ठ का प्रतिनिधित्व करते है। हम हिन्दू कनाडाई लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे ताकि वे स्वतंत्र रूप से और गर्व से अपने धर्म का पालन कर सकें। आलोक कुमार ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री की यह घोषणा खोखली साबित हुई। उन्होंने कहा कि कनाडा में मंदिर पर हमले की यह पहली घटना नहीं है। इसके पहले भी ग्रेटर टोरंटो, ब्रिटिश कोलंबिया और ब्रैंपटन में हिंदू मंदिरों पर हमले हुए हैं।

### ट्रूडो सामाजिक और राजनीतिक तौर पर एक 'मूर्ख' : पूर्व कनाडाई मंत्री

**वैंकूवर।** ब्रिटिश कोलंबिया के पूर्व प्रीमियर उज्जल दोसांझ ने बढ़ते सिख चरमपंथ को नियंत्रित करने में नाकाम रहने के लिए जस्टिन ट्रूडो की तीखी आलोचना की की। उन्होंने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री, देश के कुछ अन्य राजनेताओं की तरह, चुनावों में संतुलन बनाने के लिए 'सिख वोट' को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। दोसांझ ने कनाडा के नेशनल पोस्ट को दिए इंटरव्यू में कहा, सामाजिक और राजनीतिक रूप से ट्रूडो एक मूर्ख हैं, और आप वास्तव में मुझे उद्धृत कर सकते हैं। मुझे परवाह नहीं है। वह यह समझने के लिए मूर्ख हैं कि राष्ट्रों का, देशों का निर्माण कैसे किया जाता है। यह इंटरव्यू उस दिन प्रकाशित हुआ, जिस दिन खालिस्तानी चरमपंथियों ने ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में हिंदू भक्तों पर हमला किया। पूर्व पीएम पॉल मार्टिन की लिबरल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे दोसांझ ने खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन को इस हद तक हवा देने के लिए ट्रूडो को दोषी ठहराया। उनके मुताबिक यह कनाडा की एक बड़ी समस्या बन गई है। दोसांझ ने कहा, ट्रूडो कभी नहीं समझ पाए कि सिख बहुसंख्यक काफी धर्मनिरपेक्ष है। खालिस्तानी बहुसंख्यक नहीं हैं।

## जमीनी स्तर पर विकास के चैंपियन हैं नरेंद्र मोदी : फिलिप तुइसाव

**नई दिल्ली।** फिजी के लोक निर्माण, मौसम और परिवहन मंत्री आरओ फिलिप तुइसाव ने भारत सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में चलाई जा रही योजनाओं की जमकर तारीफ की। उन्होंने पीएम मोदी जमीनी स्तर पर विकास को लाने वाला चैंपियन करार दिया। फिलिप तुइसाव इंटरनेशनल सोलर अलायंस में भाग लेने के लिए भारत के दौरे पर हैं। फिजी के मंत्री ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जमीनी स्तर पर विकास के चैंपियन हैं। मैं उनके काम करने के तरीके से बहुत प्रभावित हूं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों और समाज के कमजोर वर्गों की बेहतरी के लिए कई परियोजनाएं चलाई हैं। तुइसाव ने कहा, 'मैंने उनकी किताब पढ़ी है और उनके कुछ प्रोजेक्ट्स से मैं बहुत खुश हूं।

**बाल-बाल बची जान**

## आगरा के पास वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई।

## कनाडा में वाणिज्य दूतावास के अधिकारी धमकी और हिंसा से नहीं डरेंगे : विदेश मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को कहा कि वह ब्रैंपटन में एक हिंदू मंदिर में खालिस्तानी अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा के बाद कनाडा में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर 'गहरी चिंता' में है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों तक लोगों की पहुंच को नहीं रोका जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, हम कल ब्रैम्पटन, ओंटारियो में हिंदू सभा मंदिर में चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करते हैं। उन्होंने जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व वाली कनाडाई सरकार से अपील की कि सभी पूजा स्थलों की ऐसे हमलों से सुरक्षा की जानी



चाहिए। जायसवाल ने कहा, हमें यह भी उम्मीद है कि हिंसा में शामिल लोगों पर मुकदमा चलाया जाएगा। हम कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित हैं। लेकिन धमकी, उत्पीड़न और हिंसा के बावजूद भारतीयों और कनाडाई नागरिकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए हमारे वाणिज्य दूतावास अधिकारियों तक लोगों की पहुंच को नहीं रोका जाएगा। इससे पहले दिन में, ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने ब्रैम्पटन में वाणिज्य दूतावास शिविर के बाहर भारत विरोधी तत्वों की गई हिंसक गतिविधियों की निंदा की।

## केंद्र के प्रयासों से महिलाएं विमानन को करियर के रूप में चुन रहीं : राष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा कि अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थीं। यह बैठक द प्रेसिडेंट विद द पीपल पहल के तहत हुई, जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत सरकार के समावेशी प्रयासों से नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा मिला है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में महिलाएं विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वाली 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं।

# एजुकेशन/करियर

*डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर कंप्यूटर और डेटाबेस एक्सपर्ट्स होते हैं, इन्हें डीबीए भी कहा जाता है। ये ग्राहकों, सहकर्मियों और अधिकारियों के लिए डेटा को व्यवस्थित, मैनेज, स्टोर और पुनर्प्राप्त करते हैं। एक व्यापक अर्थ में, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर छोटे से बड़े डेटाबेस या डेटा सेट की इंटेग्रिटी और एक्सेस सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होते हैं। वे अक्सर अन्य डेटा या कंप्यूटर एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर काम करते हैं। यदि किसी कंपनी के लिए महत्वपूर्ण डेटा का संग्रह है, तो एक डीबीए ही इसे संभालता है।*

## डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के काम

- डेटाबेस को स्टोर, व्यवस्थित बनाए रखना।
- डिज़ाइन स्टोरेज और रखरखाव प्रक्रियाओं, डेटाबेस सिक्योरिटी प्रोसेस को कार्यान्वित करना।
- सर्वर सॉफ़्टवेयर स्थापित और कॉन्फ़िगर करना।
- शेड्यूल और सर्वर रखरखाव करना।
- डेटाबेस का बैकअप लेने और पुनर्प्राप्त करने के लिए स्ट्रेटजी निर्धारित करना।
- तेजी से क्वेरी रिस्पॉन्स प्रदान करने के लिए मापदंडों का उपयोग करके डेटाबेस डाउनटाइम को कम करना।
- रिपोर्ट, ऑपरेशन मैनुअल, रिकवरी मैनुअल और डेटाबेस नीतियों के रिकॉर्ड को बनाए रखना।
- सुनिश्चित करना कि डेटाबेस क्लाइंट की आवश्यकताओं के अनुसार कार्य कर रहा है।
- डेटाबेस को अप टू डेट रखना और उन्हें कुशल बनाए रखने के लिए परिवर्तन और नए सॉफ़्टवेयर लागू करना।

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर बनने के लिए आवश्यक कोर्सेज़

- बैचलर ऑफ मेनेजमेंट इंफोर्मेशन सिस्टम
- बैचलर ऑफ डाटा साइंस
- बैचलर इन कंप्यूटर साइंस
- बैचलर ऑफ डाटाबेस्ड एडमिनिश्ट्रेन
- मास्टर इन डाटाबेस्ड एडमिनिश्ट्रेन
- मास्टर इन इंफोर्मेशन टेक्नॉलोजी
- मास्टर इन बिजनेश एडमिनिस्ट्रेशन विथ ए कंसंट्रेशन इन इंफोरमेशन सिस्टम

### भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- कालीकट यूनिवर्सिटी
- नाइलिट दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईआईटी)
- ब्रेनवे यर यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- पीएसजी टेक कोयंबतूर
- हिट्स चेन्नई
- एसआरएम यूनिवर्सिटी चेन्नई
- स्वामी विवेकानंद यूनिवर्सिटी, कोलकाता
- निमास कोलकाता

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेशन कोर्स के लिए विश्व भर के संस्थान

- कोलंबिया यूनिवर्सिटी
- आइई बिजनेस स्कूल
- यूनिवर्सिटी ऑफ क्लीफोर्निया, बर्कले
- द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो
- मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्प्टन
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- युनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ ब्रिटिश कोलंबिया
- टेक्सास ए एम यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ तस्मानिया

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर क्यों बनें

- डीबीए के रूप में एक कैरियर आम तौर पर अन्य करियर की तुलना में उन्नति और उच्च कमाई की संभावना के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।
- अधिकांश डीबीए 40-घंटे के कार्य-सप्ताह में कार्य करते हैं, यह वर्क-लाइफ बैलेंस प्रदान करता है।
- कोई भी कंपनी जिसे बड़े डेटाबेस को बनाए रखने की आवश्यकता होती है, उसे आमतौर पर डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर की आवश्यकता होती है। अत स्कोप की कोई कमी नहीं है।

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए एम्प्लॉयमेंट सेक्टर

- टेक्नोलॉजी कंपनीज़
- मीडिया आउटलेट्स
- डिफेंस एंड इंटेलीजेंस सहित विभिन्न सरकारी विभाग
- नेटवर्क प्रोवाइडर
- बैंक और वित्तीय संस्थान
- एयरलाइन कंपनियां
- स्कूल, कॉलेज और अन्य एजुकेशनल इंस्टीट्यूट
- ई-कॉमर्स कंपनियां

### डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर के लिए टॉप रिक्रूटर्स

- एक्सेंचर
- टेबलियू
- ओरेकल आईबीएम
- डेल टेक्नॉलोजी
- एमेरिकन एक्सप्रेस
- टीसीए
- गूगल
- माइक्रोसोफ्ट एपल

